* ओड़िशा संस्करण

12 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 83

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही







## राम मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा काउंटडाउन
10 दिन शेष



## न्यूज रील्स

### इडी के खिलाफ एफआइआर पर रोक

कोलकाता। टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की छापेमारी और इडी की टीम पर कथित तौर से हुए जानलेवा हमले का मामले में कलकत्ता हाइकोर्ट ने टीएमसी नेता की तरफ से दर्ज करायी गयी एफआइआर पर रोक लगा दी है। अदालत ने प्रतिवादियों से 18 जनवरी तक जवाब दाखिल कर सुनवाई की अगली तारीख मुकर्रर की।

### मणिपुर में मैतेई समुदाय के तीन लोगों की हत्या

इंफाल। मणिपुर के बिष्णुपुर में गुरुवार को पुलिस ने तीन लोगों के शव बरामद किये। ये सभी मैतेई समुदाय के हैं। ये सभी बुधवार को लकड़ी इकट्ठा करने जंगल गये थे। उसके बाद से वापस नहीं आये। इनमें से तीन लोगों के शव मिले हैं। एक की तलाश जारी है।

### अफगानिस्तान से दिल्ली तक भूकंप के झटके

नयी दिल्ली। अफगानिस्तान के हिंदुकुश क्षेत्र में गुरुवार दोपहर 2:20 बजे तेज भूकंप आया। इसकी वजह से पाकिस्तान के इस्लामाबाद, रावलपिंडी और भारत में जम्मू-कश्मीर, जयपुर से दिल्ली-एनसीआर तक झटके महसूस किये गये। नेशनल सेंटर फॉर सीसमोलॉजी के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 6.1 मापी गयी। इसका केंद्र हिंदुकुश में जमीन से करीब 220 किलोमीटर नीचे था। फिलहाल किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

हेमंत सरकार के चार साल की उपलब्धियां

## झारखंड में चार साल में सड़कों का बिछा जाल

5200 किमी सड़कें बनीं, 4600 किमी पर चल रहा काम: सुनील कुमार




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने 29 दिसंबर को चार साल पूरे कर लिये। इन चार सालों में सरकार ने कई उल्लेखनीय कार्य किये हैं। पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा है कि बीते चार सालों में मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश में पूरे राज्य में पथ निर्माण विभाग और भवन निर्माण विभाग ने बेहतर कार्य किया है। लंबित योजनाओं को पूर्ण करने के साथ नयी योजनाओं की स्वीकृति और पूर्व की योजनाओं को पूर्ण कर जनता को सौंपा जा चुका है। वह गुरुवार को विभाग की उपलब्धियों की जानकारी दे रहे थे। इस मौके पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी सहित पथ निर्माण एवं भवन निर्माण विभाग के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रधान सचिव ने बताया कि बीते चार सालों में विभाग ने 95 फीसदी बजट की राशि का व्यय किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के विरुद्ध 60 प्रतिशत राशि व्यय की जा चुकी है। राज्य में कुल 17 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाना है, जिसमें से 14 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसमें 2000 किलोमीटर सड़क नेशनल हाइवे के माध्यम से बनायी जा रही है। राज्य सरकार की ओर से कुल 5200 किलोमीटर सड़क निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 4600 किलोमीटर का सड़क निर्माण जारी है। उन्होंने बताया कि 283 योजनाएं वर्तमान में विभाग की ओर से चलायी जा रही हैं। अब तक विभाग की ओर से 398 बड़े पुल-पुलिया का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। वहीं बीते चार सालों में 525 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसकी कुल दूरी 6500 किलोमीटर है। सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहरी क्षेत्रों की सड़कों का भी विकास किया जा रहा है। रांची के इनर रिंग रोड के 10 पार्ट में से कुल तीन पार्ट को स्वीकृति दी जा चुकी है। 194 किलोमीटर लंबे आउटर रिंग रोड का डीपीआर तैयार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि कांटाटोली से सिरमटोली को जोड़ने की स्वीकृति दी जा चुकी है। वहीं हरमू फ्लाई ओवर के निर्माण को लेकर भी प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। इसके साथ ही कई अन्य शहरों में भी फ्लाई ओवर निर्माण पर काम किया जा रहा है।

भवन का निर्माण विभाग की चर्चा करते हुए सुनील कुमार ने कहा कि राज्य में और राज्य के बाहर भी कई भवनों का निर्माण किया जा रहा है। इनमे से ज्यादातर भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। राज्य में दो नये मेडिकल कॉलेज 500 शैय्या वाले अस्पताल, सामुदायिक केंद्र, क्रिटिकल केयर ब्लॉक, अनुमंडलीय अस्पताल, बोकारो मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक डिग्री कॉलेज आदि का निर्माण हुआ है। विभाग ने 2022-23 में 603 करोड़ के बजट के विरुद्ध 96 प्रतिशत से ज्यादा व्यय भवन निर्माण पर किया था। वहीं चालू वित्तीय वर्ष में विभाग ने 76 प्रतिशत व्यय अब तक किया है।

झारखंड हाइकोर्ट का बड़ा आदेश

# डीसी रद्द नहीं कर सकते सेल डीड

- 33 याचिकाओं पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में उपायुक्त सेल डील निरस्त नहीं कर सकेंगे। इस संबंध में गुरुवार को हाइकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुनाया। झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य में सेल डीड को कैंसिल करने का अधिकार जिलों के उपायुक्त को दिये जाने को चुनौती देनेवाली विभिन्न याचिकाओं पर गुरुवार को फैसला सुनाया। हाइकोर्ट ने सेल डीड रद्द करने से संबंधित राज्य के उपायुक्तों को मिले अधिकार को निरस्त कर दिया है। जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने सेल डीड निरस्त करने से संबंधित डीसी के आदेश के खिलाफ दायर 33 याचिकाओं को स्वीकृत किया था। कोर्ट ने जिले के उपायुक्तों को सेल डीड को निरस्त करने के अधिकार से संबंधित राज्य सरकार के पत्र को निरस्त कर दिया।

**सिविल कोर्ट में पिटीशन दायर करना होगा:** हाइकोर्ट ने यह भी कहा कि उपायुक्तों द्वारा सेल डीड निरस्त करने से संबंधित की गयी एफआइआर भी निरस्त हो जायेगी। कोर्ट ने कहा कि यदि फर्जीवाड़ा कर जमीन की खरीद बिक्री की गयी है और उसके दस्तावेज को निबंधन कराया जाता है, तो उपायुक्त को उसे निरस्त करने का पॉवर संबंधी जारी सरकार का पत्र गलत है, यह कानून के खिलाफ है। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी को लगता है कि उनके साथ गलत हुआ है और सेल डीड निरस्त होनी चाहिए, तो उसे सिविल कोर्ट में पिटीशन दाखिल करना होगा।




### 2016 में राज्य सरकार ने दिया था अधिकार

राज्य सरकार ने वर्ष 2016 में एक नोटिफिकेशन निकाला था, जिसके तहत फर्जीवाड़ा कर जमीन का गलत ढंग से ट्रांसफर की शिकायत मिलने पर जिलों के उपायुक्त को सेल डीड कैंसिल करने का अधिकार दिया गया था। साथ ही उपायुक्त को एफआइआर करने का भी अधिकार मिला था। राज्य के अन्य जिलों के डीसी द्वारा कई लोगों के सेल डीड कैंसिल किये जाने से संबंधित 33 याचिकाओं की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था।

### सांसद निशिकांत ने भी दायर की थी याचिका

इसी मामले में ऑनलाइन एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक अनामिका गौतम (सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी) की ओर से भी देवघर स्थित जमीन की सेल डीड कैंसिल किये जाने को चुनौती दी गयी थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि कानून के अनुसार एक बार सेल डीड हो जाने पर उसको कैंसिल करने का पावर राज्य में सिविल कोर्ट के पास है। याचिका में सांसद की पत्नी अनामिका गौतम का आरोप था कि देवघर डीसी ने श्यामगंज मौजा, देवघर की उनकी जमीन का सेल डीड कैंसिल कर दिया है। गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की रजिस्ट्री तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने रद्द कर दी थी। डीसी द्वारा रजिस्ट्री रद्द करने के बाद सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी ने झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जहां से उन्हें बड़ी राहत मिली है। वर्ष 2016 में विभाग ने एक पत्र जारी कर डीसी को यह अधिकार दिया था कि वे कपटपूर्ण निबंधित दस्तावेजों को जांच के बाद रद्द कर सकते हैं।

कैबिनेट सचिव ने इडी को लिखा पत्र

# डीसी और प्रेस सलाहकार को समन क्यों किया गया

उपायुक्त रामनिवास इडी के सामने नहीं हुए पेश


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को किये गये समन पर कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने इडी को पत्र लिखा है। उन्होंने इडी से जानना चाहा है कि दोनों को क्यों बुलाया गया है? सूत्रों के अनुसार उन्होंने पत्र मे कहा है कि रामनिवास यादव और अभिषेक कुमार पिंटू को भेजे गये समन में जिस एफआइआर का जिक्र है वह अस्पष्ट है। उधर, डीसी रामनिवास यादव को गुरुवार को इडी के सामने पेश होना था। वह इडी कार्यालय नहीं पहुंचे। अभिषेक कुमार को 16 जनवरी को इडी ने बुलाया है।

**कैबिनेट के आदेश का पालन हुआ शुरू:** गौरतलब है कि 9 जनवरी को कैबिनेट ने एक प्रस्ताव पास किया था, जिसमें कोई भी बाहरी जांच एजेंसी के बुलावे पर झारखंड के पदाधिकारी सीधा जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे। अधिकारी पहले इसकी जानकारी अपने विभागीय प्रमुख को देंगे। विभागीय प्रमख मंत्रिमंडल समन्वय विभाग को सूचना देगा। फिर विभाग लीगल ओपिनियन के बाद आगे कदम उठाने के बारे में कोई आदेश देगा। इस मामले में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। इस नियम का पालन शुरू हो गया है। नोडल विभाग होने के नाते कैबिनेट और निगरानी विभाग की सचिव वंदना डाडेल ने रामनिवास और अभिषेक कुमार के संबंध में इडी को पत्र लिखा और समन में स्पष्ट नहीं होने की बात लिखी है। उन्हें क्यों बुलाया गया है? यह इडी से जानना चाहा है।

**डीसी और हवलदार नहीं पहुचे इडी कार्यालय:** साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में इडी ने 3 जनवरी को छापेमारी की थी। मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव, डीएसपी राजेंद्र दुबे, साहिबगंज के खनन कारोबारी खुदानिया बंधु, आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह, रौशन सिंह, कोलकाता के कारोबारी अभय सरावगी, पूर्व विधायक पप्पू यादव, रांची के बिरसा मुंडा जेल के जमादार अवधेश कुमार के ठिकानों पर छापेमारी की थी। वहां से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किये थे। जबकि डीसी के कैंप कार्यालय से नगद और पिस्टल की गोली भी बरामद हुई थी। इसके बाद इडी ने रामनिवास, अभिषेक कुमार सहित अन्य को समन किया था। साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव गुरुवार को इडी ऑफिस नहीं पहुंचे। इसके अलावा रांची जेल के हवलदार अवधेश कुमार को भी इडी के समक्ष उपस्थित होना था। वह भी इडी ऑफिस नहीं आये।

### बरहेट में तीन ठिकानों पर सीबीआइ की रेड




साहिबगंज (आजाद सिपाही)। अवैध खनन मामले में साहिबगंज के बरहेट में गुरुवार को सीबीआइ की टीम ने तीन ठिकानों पर छापेमारी की। सीबीआइ की टीम ने बरहेट, पेटखस्सा और बरहेट हाटपाड़ा में रेड मारी है। सीबीआइ की टीम ने सीएसपी संचालक बबीता देवी और बरहेट गर्ल्स स्कूल रोड स्थित उनके पति दीपक ठाकुर के घरों की तलाशी ली। गौरतलब है कि नींबू पहाड़ मामले में हाइकोर्ट के आदेश पर सीबीआइ ने केस दर्ज करने के बाद बीते 24 नवंबर से जांच शुरू की है। सीबीआइ टीम जांच के लिए अब तक यहां पांच बार पहुंच चुकी है। हाइकोर्ट के आदेश पर इस मामले की प्रारंभिक जांच के लिए सीबीआइ की टीम पहली बार बीते 24 अगस्त को यहां पहुंची थी। मामले में विजय हांसदा ने 30 जून 2022 को कोर्ट में शिकायत वाद दायर कराया था। दायर परिवाद पत्र पर संबंधित कोर्ट के आदेश पर एससी-एसटी थाना में केस हुआ था। इसी केस को सीबीआइ ने टेक ओवर किया है।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन 80 और बाबूलाल मरांडी 66 साल के हुए

## गुरुजी का जन्मदिन धूमधाम से मना, सीएम ने लिया आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के दो लाल पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन और बाबूलाल मरांडी का गुरुवार को जन्म दिन था। झारखंड के लाल दिशोम गुरु शिबू सोरेन 80 साल के हो गये। वहीं, बाबूलाल 66 साल के। झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के जन्मदिन पर पार्टी की तरफ से 80 पौंड का केक काटा गया। इस अवसर पर मोरहाबादी स्थित उनके आवास पर उनके पुत्र और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पार्टी महासचिव विनोद पांडेय, राज्यसभा सांसद महुआ माजी समेत बड़ी संख्या में नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे। जश्न का माहौल था। ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ता आवास पर पहुंचे और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।



### बाबूलाल के जन्मदिन पर कोई आयोजन नहीं



पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने जन्मदिन पर कोई आयोजन नहीं किया। पार्टी कुछ कार्यकर्ताओं ने फूल-पौधे देकर उन्हें मुबारक बाद की। एक-दो स्कूल के बच्चों ने केट काट कर उनका जन्म दिन मनाया। पार्टी के अधिकांश कार्यकर्ताओं ने उन्हें फोन पर और सोशल मीडिया के माध्यम से मुबारकवाद दी।

### आडवाणी और जोशी राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। 22 जनवरी को होने वाले इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इन दोनों दिग्गज नेताओं को पहले ही आमंत्रण पत्र भेज दिया गया था। विश्व हिंदू परिषद के शीर्ष नेताओं ने उनसे मुलाकात कर एक बार फिर से कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया। जिसके बाद दोनों नेताओं ने कार्यक्रम में शामिल होने पर अपनी सहमति दे दी।










सर्राफा
सोना (बिक्री) 59,000 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो



## श्री अयोध्या धाम और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर विशेष शृंखला


# रामलला के लिए देश के प्रधानमंत्री से टकरा गया था वह अफसर

## केके नायर को इंदिरा गांधी ने उनकी 'गलती' के लिए बाद में जेल में डाला था

आजाद सिपाही विशेष

दुनिया भर में निवास कर रहे सनातनियों की आस्था का केंद्र श्रीअयोध्या धाम बड़ी तेजी से और भव्य तरीके से दुनिया के नक्शे पर अपनी जगह कायम कर रहा है। सरयू नदी के किनारे स्थित इस पवित्र नगरी में बन रहे भव्य राम मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को होना है, जो सनातन धर्मावलंबियों के पांच शताब्दी पुराने सपने का साकार होने का दिन है। लेकिन यह जानना भी बेहद महत्वपूर्ण है कि अयोध्या में इस मंदिर के उद्घाटन तक के लक्ष्य को हासिल करने के रास्ते में कई ऐसे चेहरे भी आये, जिन्होंने मंदिर के लिए न केवल अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया, बल्कि बाद में इसकी कीमत भी चुकायी। दूसरे शब्दों में इन्हें मंदिर आंदोलन का गुमनाम नायक कहा जा सकता है। ये ऐसे किरदार हैं, जिनमें संत भी हैं, महंत भी हैं। नेता भी हैं और अधिकारी भी हैं। मंदिर के लक्ष्य तक पहुंचने के रास्ते में निचली अदालतों की तकरार भी है और सुप्रीम फैसले से खत्म होता इंतजार भी है। प्रधानमंत्री मोदी भी हैं और मुख्यमंत्री योगी भी हैं। देश का कोई सामन्य नागरिक हो या सिविल सर्विस का कोई अधिकारी, सभी ने अपने-अपने स्तर पर राम मंदिर के लिए अपना योगदान दिया है। ऐसे गुमनाम नायकों और किरदारों के बारे में जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है, जिनके बिना मंदिर का सपना कभी पूरा नहीं होता। अयोध्या में राम मंदिर से जुड़ी ऐसी ही कहानियों की शृंखला **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह** ने तैयार की है। इस शृंखला की पहली कड़ी में एक ऐसे शख्स की कहानी बता रहे हैं, जिन्होंने अगर देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत के आदेश को मान लिया होता या इसके बदले इस्तीफा दे दिया होता, तो अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर शायद आज नहीं बन पाता। केरल के अलप्पी के रहनेवाले इस अधिकारी का नाम था केके नायर। आज पढ़िए केके नायर की कहानी।


राकेश सिंह



सदियों के इंतजार के बाद अब अयोध्या 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन के लिए तैयार हो गया है। राम जन्मभूमि के लिए कुछ कारसेवकों ने अपने प्राणों को भी रामलला के लिए दांव पर लगा दिया था। उस वक्त आंदोलन का नेतृत्व करनेवाले और प्राण न्योछावर करनेवाले लोगों की बस एक ही चाहत थी कि रामलला मंदिर में विराजमान हों। अपने ही देश में भगवान राम को न्याय दिलाने के लिए हिंदुओं की पीढ़ियों द्वारा लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष का समापन होने जा रहा है। उनका संकल्प अब पूरा होने जा रहा है। उसी आंदोलन के दौरान एक ऐसे व्यक्ति ने इसमें हिस्सा लिया, जिन्होंने राजनीतिक दबावों के बीच अपने करियर को दांव पर लगा कर राम मंदिर बनवाने का सपना देखा और प्रयास किया।

वह शख्स थे कंडांगलथिल करुणाकरण नायर, जिन्हें केके नायर के नाम से जाना जाता है। केके नायर का जन्म 11 सितंबर, 1907 को केरल में हुआ था। वह भारतीय सिविल सेवा अधिकारी थे और भारत के गणतंत्र बनने से पहले ही हिंदुओं की पूजा के मौलिक अधिकार की रक्षा करने में सबसे आगे थे। उनका जीवन केरल के अलप्पुझा के कुट्टनाड गांव से शुरू हुआ। केरल में अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद नायर उच्च अध्ययन के लिए इंग्लैंड गये और 21 वर्ष की आयु में भारतीय सिविल सेवा (आइसीएस) की परीक्षा उत्तीर्ण की। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उन्हें एक जून, 1949 को अयोध्या (फैजाबाद) के उपायुक्त सह जिला मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया गया था।

अयोध्या का वह दौर उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया था। नायर को राम जन्मभूमि मुद्दे पर एक रिपोर्ट करने के लिए उत्तरप्रदेश की राज्य सरकार की तरफ से एक पत्र मिला था। उस मुद्दे पर रिपोर्ट को प्रस्तुत करने के लिए उन्होंने अपने सहायक गुरुदत्त सिंह को भेजा। इसके बाद 10 अक्टूबर, 1949 को सिंह ने अपनी रिपोर्ट में उस स्थान पर एक राजसी राम मंदिर के निर्माण की सिफारिश की। सिंह ने स्थल का दौरा कर यह देखा कि उस स्थल के लिए हिंदू और मुस्लिम आपस में लड़ रहे थे। उन्होंने लिखा, हिंदू समुदाय ने इस आवेदन में छोटे के बजाय एक विशाल मंदिर के निर्माण का सपना देखा है। इसमें किसी तरह की परेशानी नहीं है। उन्हें अनुमति दी जा सकती है। हिंदू समुदाय उस स्थान पर एक अच्छा मंदिर बनाने के लिए उत्सुक है, जहां भगवान रामचंद्र जी का जन्म हुआ था। जिस भूमि पर मंदिर बनाया जाना है, वह नजूल (सरकारी भूमि) है।

### नेहरू जी का निर्देश, फिर भी नहीं झुके केके नायर

प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के निर्देश पर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत ने राम मंदिर से हिंदुओं को बेदखल करने की कोशिश की। हालांकि केके नायर ने उन्हें वहां से भेजने से इनकार कर दिया और आदेश को लागू नहीं करने का फैसला किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि हिंदू उस स्थल पर पूजा कर रहे हैं। उन्होंने मूर्तियों को साइट से हटाने से भी इनकार कर दिया। इसके बाद नायर को गोविंद वल्लभ पंत ने जिला मजिस्ट्रेट के पद से निलंबित कर दिया।

इन सबके बाद केके नायर ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ अदालत का रुख किया। अदालत ने मामले पर उनके पक्ष में फैसला सुनाया। नायर को वापस अपना आइसीएस अधिकारी का पद मिल गया, लेकिन उन्होंने उसे स्वीकार नहीं किया। यह फैसला उन्होंने पंडित जवाहरलारल नेहरू के खिलाफ बढ़ती नाराजगी को मद्देनजर लिया। नायर ने नेहरू के सामने झुकने से इनकार कर दिया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री की खुली अवहेलना और लाखों हिंदुओं को न्याय दिलाने के उनके दृढ़ संकल्प की वजह से लाखों लोग उन्हें पसंद करने लगे थे। उनके व्यवहार की वजह से लोग उन्हें 'नायर साहब' कहते थे।

आइसीएस से इस्तीफा देने के बाद, उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में प्रैक्टिस करनी शुरू कर दी। केके नायर और उनका परिवार अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए जनसंघ में शामिल हो गया। उनकी पत्नी शकुंतला नायर चुनाव लड़ीं और 1952 में उत्तरप्रदेश विधानसभा की सदस्य बनीं। नायर और उनकी पत्नी दोनों 1962 में लोकसभा के सदस्य बने। दिलचस्प बात यह है कि उनके ड्राइवर को भी उत्तरप्रदेश की विधानसभा के सदस्य के रूप में चुना गया था। वहीं प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद द्वारा घोषित राष्ट्रीय आपातकाल के काले दिनों के दौरान नायर और उनकी पत्नी को गिरफ्तार भी किया गया था। 7 सितंबर 1977 को के-के नायर का निधन हो गया। उन्होंने अपना जीवन जनसंघ और राम मंदिर के लिए समर्पित कर दिया। उत्तरप्रदेश राज्य में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति होने के बावजूद उन्हें अपने गृह राज्य केरल में भी बहुत सम्मान और पहचान मिली।

केरल में राष्ट्रवादियों ने अपने गांव में विश्व हिंदू परिषद द्वारा दान की गयी भूमि पर उनका स्मारक बनाने का फैसला भी किया है। इसके अलावा केके नायर मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के नाम से एक ट्रस्ट भी स्थापित किया गया है। कल्याणकारी गतिविधियों के अलावा ट्रस्ट छात्रों के लिए सिविल सेवा उम्मीदवारों और छात्रवृत्ति के लिए प्रशिक्षण प्रदान करता है।

केके नायर द्वारा चलाये गये राम जन्मभूमि आंदोलन को लालकृष्ण आडवाणी, अशोक सिंघल, कल्याण सिंह, विनय कटियार और उमा भारती जैसे बड़े नेताओं ने बाद में जारी रखा। 2019 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा ऐतिहासिक फैसले के बाद उसी स्थल पर राजसी राम मंदिर बनाने के लिए एक ट्रस्ट का गठन किया गया है, जिसके लिए नायर ने अपने करियर को भी समर्पित कर दिया था। यद्यपि केके नायर इस दुनिया में नहीं हैं, फिर भी आनेवाले वर्षों में आंदोलन में किये गये उनके योगदान को याद रखा जायेगा।

## सिविल जज बीर सिंह के फैसले की नींव पर खड़ा हुआ राम मंदिर

श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की घड़ी आ गयी है। यहां तक पहुंचने में बीर सिंह के एक फैसले ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। 74 साल पहले सुरक्षित दर्शन और मूर्ति हटाने पर रोक लगाने वाले फैजाबाद के तत्कालीन सिविल जज बीर सिंह मुजफ्फरनगर के दूधली गांव में जन्मे थे। किसान परिवार के बेटे ने इंसाफ की कलम से अमिट हस्ताक्षर कर दिये। बीर सिंह के बेटे केके सिंह भी फैजाबाद के जिला जज रहे। दूधली आजादी के नायकों का गांव है। यहां की दहलीज से निकले सैनिकों ने पूरे जज्बे से देश सेवा की। बीर सिंह इंग्लैंड से बार एट लॉ की उपाधि प्राप्त कर जज बने थे। फैजाबाद में सिविल जज रहते हुए बीर सिंह ने 16 जनवरी, 1950 को विवादित स्थल से मूर्ति हटाने पर रोक लगायी थी। उनके भतीजे प्रयागराज में अपर शासकीय अधिवक्ता राजबहादुर सिंह बताते हैं कि तब श्रद्धालु गोपाल सिंह विशारद और पुजारी रामचंद्र दास परमहंस के केस में सिविल जज ने कमीशन भेज कर रिपोर्ट तलब की और कानून के दायरे में मूर्ति हटाने पर रोक लगा कर पूजा करने की अनुमति दी थी। फैसले को हाइकोर्ट में चुनौती दी गयी, लेकिन सिविल जज के आदेश को कानूनसम्मत माना गया।

### हरिद्वार जाते हुए घर पहुंच गये परमहंस

राजबहादुर के अनुसार राम मंदिर आंदोलन के दौरान हरिद्वार जाते हुए परमहंस बीर सिंह के आवास पर पहुंचे थे। पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह बताते हैं, बीर सिंह कहते थे कि अगर जज पैसा ले लेगा, तो बेड़ा गर्क हो जायेगा।

### राय साहब के परिवार ने लिखी नयी इबारत

दूधली के ठाकुर लेखपाल सिंह अंग्रेजी शासन में राय साहब के नाम से मशहूर हुए। वह ग्रामीण क्षेत्र के पहले स्नातक थे। अंग्रेजी हुकूमत में पटवारी के पद पर भर्ती होकर कलेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए। उनके पांच पुत्रों में बीर सिंह सबसे छोटे थे। दूसरे ब्रह्म सिंह किसान, तीसरे बीबी सिंह ब्रिटिश काल में आइसीएस अफसर रहे। चौथे दुर्गा सिंह कृषि इंस्पेक्टर और पांचवें चंद रूप सिंह सरकारी नौकर थे। न्यायाधीश बीर सिंह के बेटे केके सिंह तत्कालीन फैजाबाद में जिला जज भी रहे।

# हिंदू धर्म के केंद्र में है ईश्वर की प्रत्यक्ष अनुभूति


डॉ प्रदीप वर्मा

स्वामी विवेकानंद के जीवनकाल में शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन के अवसर पर दिया गया उनका भाषण अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान समेटे हुए है। इस धर्म सम्मेलन में दुनिया भर से विभिन्न धर्मों के धमार्चार्य उपस्थित रहे थे। स्वाभाविक ही वे अपने-अपने धर्म का यशोगान करते हुए किंचित दूसरे धर्म की टांग खींचने में उन्मत्त थे। लेकिन जब स्वामीजी की बोलने की बारी आयी, तो अपने सहज-सरल स्वभाव के अनुरुप ही उन्होंने भारी संख्या में उपस्थित धमार्चार्यों के सामने अपनी बात बेबाकी से रखी थी। इस अविस्मरणीय भाषण से पूर्व उन्होंने श्रोताओं को कहा था कि मैंने आज यहां बैठकर असहनशीलता की सीमा का अतिक्रमण होते देखा है। मैंने यहां इस्लाम की प्रशंसा सुनी है, जबकि मुस्लिम तलवार ने भारत में विनाश की दूर लीला रची है। रक्त व तलवार हिंदू के स्वभाव में नहीं है, क्योंकि हिंदू धर्म तो प्रेम पर आधारित है।

न धनं न जनं न च सुंदरी कवितां वा जगदीश कामये।
मम जन्मनि जन्मनीश्वरे भवताद्भक्तिरहेतुकी त्वयि ।।

अर्थात, हे भगवान मुझे न तो संपत्ति चाहिए, न संतति न विद्या। यदि तेरी इच्छा है, तो सहस्त्रों बार जन्म-मृत्यु के चक्र में पड़ूंगा, पर हे प्रभो, केवल इतना ही दे कि मैं फल की आशा को छोड़कर तेरी भक्ति करूं, केवल प्रेम के लिए ही तुझ पर मेरा निस्वार्थ प्रेम हो।

ईश्वर के प्रति प्रेम, श्रद्धा और अनुभूति को स्वामीजी हिंदू धर्म का अविभाज्य अंग मानते थे। दूसरे धर्मों की भांति महज कुछ विशिष्ट सिद्धांतों को अंगीकृत करना हिंदू धर्म के स्वभाव में नहीं। हिंदू की सारी धर्म-भावना तो प्रत्यक्ष

अनुभूति या साक्षात्कार में केंद्रित हुआ करती है। हिंदू धर्म के आलोचकों को खरा जवाब देते हुए स्वामीजी कहते हैं कि जहां दूसरे धर्म समाज के सामने केवल एक ही नाप की कमीज रख देते हैं, जो सभी के शरीर में जबर्दस्ती ठीक होनी चाहिए और यह कमीज अगर उसके शरीर में फिट नहीं बैठती, तो उसे बिना कमीज के नंगे बदन ही रहना होगा। दूसरी ओर हिंदुओं ने जान लिया है कि निरपेक्ष ब्रह्मतत्व की उपलब्धि, धारणा या प्रकाश केवल सापेक्ष के सहारे ही संभव हो सकती है। मूर्तियां, कॉस या चांद तो केवल आध्यात्मिक उन्नति के सहायक स्वरुप हैं। वे मानो बहुत सी खूंटियां हैं, जिनमें धार्मिक भावनाएं अटकाई जाती हैं। जिनको अपने लिए इन साधनों की सहायता या आवश्यकता नहीं रहती, उन्हें यह कहने का कोई अधिकार नहीं कि इन साधनों का आश्रय लेना अनुचित है।



किशोरावस्था में स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक गुरु श्री रामकृष्ण परमहंस ने उन्हें ईश्वर से साक्षात्कार के संदर्भ को कई उदाहरणों के माध्यम से समझाया था। इससे उन्हें अपने ज्ञान चक्षु काफी कम उम्र में ही दिप्तिमान हो गये थे। एक बार विवेकानंद की माता जी काफी बीमार थी। उस समय स्वामीजी के मन-मस्तिष्क में कई तरह के विचार आते। ऐसे में वे खिन्न हो उठते। उन्हें अपनी दशा पर नाराजगी होती । आध्यात्मिक तौर पर तो वे रामकृष्ण के निकट थे ही । अतएव ऐसी परिस्थिति में भी उन्हें सर्वप्रथम मार्गदर्शन के लिए उनकी ही याद आयी। वे दौड़े-दौड़े उनके पास पहुंच गये। जाते ही उन्होंने गुरु के सामने अपनी पीड़ा धाराप्रवाह कह डाली। उन्होंने कहा कि अगर वे अच्छी नौकरी में होते, तो उनके पास किसी तरह की कोई चीज की कमी नहीं होती और वे अपनी मां की देखभाल अच्छे तरीक से कर सकते थे। उन्हें खाना दे सकते थे, दवा दे सकते थे और आराम भी दे सकते थे। वे गुरु को शिकायत कर रहे थे कि यह आध्यात्मिकता उन्हें कहां ले आयी, जिसके चलते उन्हें ऐसा महसूस हो रहा है, जैसे उनके हाथ बंधे हों।

उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुनते हुए रामकृष्ण परमहंस ने उनसे सहज भाव से कहा कि तुम्हारी माता जी बीमार हैं। तुम मां काली से ही कुछ क्यों नहीं मांग लेते? स्वामीजी को उनकी बात जंच गयी और वे मां के पास कुछ मांगने के लिए चले गये। करीब घंटे भर बाद जब वे वापस आये, तो रामकृष्ण ने उनसे पूछा कि तुमने क्या मांगा? इसपर स्वामी जी ने कहा कि मैं तो कुछ मांगना ही भूल गया। इसपर रामकृष्ण जी ने उनको दुबारा मां से मांगने के लिए भेज दिया। इस बार विवेकानंद चार घंटों के बाद वापस आये । आते ही उन्होंने फिर वही जवाब दिया कि इस बार भी मैं कुछ मांगना भूल गया। इसके बाद रामकृष्ण ने उनको एक बार फिर से मां से मांगने के लिए भेज दिया। इस बार तो वे घंटों मां के सान्निध्य में रहकर भी कुछ मांगना भूल गये। इसके बाद जब वे रामकृष्ण के पास पहुंचे, तो गुरु ने उनसे यह बात कही कि ईश्वर के समीप रहकर और उनकी निकटता में अपने अस्तित्व को समझकर भी अगर तुम उनसे कुछ मांगते, तो तुममें और एक मजार पर जाकर अपने लिए सुविधाएं मांगने वाले व्यक्ति में कुछ अंतर नहीं रह जाता। ऐसे में मेरा और तुम्हारा संबंध विच्छेद उसी समय होना तय था।

अपने गुरु की प्रेरणा से स्वामीजी हिंदुओं की दृष्टि को तार्किक आधार प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा है कि हिंदुओं की दृष्टि में समस्त धर्म-जगत भिन्न-भिन्न रुचिवाले स्त्री-पुरुषों का, विभिन्न अवस्थाओं और परिस्थितियों से होते हुए ईश्वर-लाभ के उस एक ही लक्ष्य की ओर यात्रा करना है, अग्रसर होना है। स्वामीजी स्पष्ट करते हैं कि हिंदुओं के बहुतेरे दोष हो सकते हैं, लेकिन यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि उनका दोष अपने शरीर को दंड देने तक ही सीमित है। वे कभी दूसरे धर्मावलंबियों का गला काटने नहीं जाते। एक हिंदू भले ही अपने को चिता पर जला डाले, लेकिन वह विधर्मियों को जलाने के लिए कभी भी अग्नि को प्रज्ज्वलित नहीं करेगा।

**(लेखक : प्रदेश महामंत्री, भाजपा, झारखंड हैं।)**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 25.0 °c | 13.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.27 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.25 बजे |



# कुरमी/कुड़मी, घटवार, घटवाल, कोल्ह, तेली और चंद्रवंशी/कहार को एसटी का दर्जा मिले

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले चंद्रप्रकाश और लंबोदर महतो**

**बोकारो हवाई अड्डा का नाम बिनोद बिहारी महतो करने की वकालत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और गोमिया के विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति को झारखंड सरकार द्वारा 19 वर्ष पूर्व कुरमी/कुड़मी, घटवार, घटवाल, तेली, कोल्ह, चंद्रवंशी/कहार जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने के लिये गये निर्णय और इससे संबंधित केंद्र सरकार को भेजी गयी अनुशंसा से अवगत कराया। इस विषय पर समुचित कार्रवाई करने का आग्रह किया। साथ ही बोकारो हवाई अड्डा का नामकरण बिनोद बिहारी महतो के नाम पर करने और झारखंड की सभी जनजातीय, क्षेत्रीय भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने को लेकर आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया। कहा कि झारखंड आंदोलन के अगुआ पूर्व सांसद बिनोद बिहारी महतो का झारखंड राज्य निर्माण में अहम भूमिका रही है। क्षेत्र, राज्य और समाज के विकास में उनके योगदान को राज्य की जनता भूला नहीं सकती है। राष्ट्रपति को इस बात से अवगत कराया कि झारखंड में नौ जनजातीय, क्षेत्रीय भाषाएं हैं। सभी भाषाओं का साहित्य व्याकरण काफी समृद्ध और उनके प्रयोग करने वालों की संख्या काफी है। इनमें से सिर्फ संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया है। बाकी आठ जनजातीय-क्षेत्रीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की अनुशंसा करने को लेकर शीघ्र समुचित कार्रवाई की जाये। राष्ट्रपति से मिलने वालों में झारखंड घटवार समाज के अध्यक्ष काशीनाथ सिंह भी थे।

# शिकायतकर्ता को एसीबी ने गवाही के लिए बुलाया

**पांच पूर्व मंत्रियों के खिलाफ दर्ज आय से अधिक संपत्ति का मामला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रघुवर सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच एसीबी कर रही है। एसीबी ने शिकायतकर्ता पंकज यादव को गवाही के लिए बुलाया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची द्वारा पुलिस उपाधीक्षक सह जांचकर्ता नवीन कुमार सिंह के हस्ताक्षर से जारी पत्र में शिकायतकर्ता पंकज यादव को पत्र मिलने के एक सप्ताह के भीतर एसीबी कार्यालय में उपस्थित होकर गवाही देने का अनुरोध किया गया है। पत्र में इस बात का भी उल्लेख है कि नीलकंठ सिंह मुंडा मामले में गवाही के लिए पत्र भेजे जाने के बाद भी आप नियत समय पर उपस्थित नहीं हो पाये हैं।

उल्लेखनीय है कि पंकज कुमार यादव ने जनवरी 2020 में झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर रघुवर सरकार के पांच मंत्रियों रणधीर सिंह, नीरा यादव, लुइस मरांडी, नीलकंठ सिंह मुंडा और अमर कुमार बाउरी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग की थी। अमर बाउरी फिलहाल नेता प्रतिपक्ष हैं। बाद में पंकज यादव ने एसीबी में भी शिकायत की थी, जिसे मुख्यमंत्री ने कैबिनेट से पास करा कर एसीबी जांच के आदेश दिये थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा, प्रियजनों का आवागमन।

**वृष** परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक कार्य सफल होगा, विरोधियों पर विजय पाने की कोशिश सफल हो सकती है।

**मिथुन** धन लाभ,मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।

**कर्क** माता पिता का सहयोग,प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता, मनोकामनाएं पूरी होंगी।

**कन्या** विगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**तुला** नौकरी में उल्लास, दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**वृश्चिक** पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा। मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**धनु** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा, मित्र-कुटुम्बियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।

**मकर** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**कुंभ** विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**मीन** विना-विचारें कोई काम न करें, चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

# 22 को झारखंड में ड्राई डे घोषित किया जाये: दीपक प्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर 22 जनवरी को राज्य में शराब-मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। श्री प्रकाश ने अपने पत्र में लिखा है कि अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम निर्धारित है। भगवान श्री राम अपने स्वभाव, गुणों और कर्मों के कारण आदर्श पुरुष और मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाते थे। आज भी संस्कृति और सदाचार की बात होने पर हम सभी भगवान श्रीराम का ही नाम लेते हैं। उन्होंने अपने पत्र में उतरप्रदेश-छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा 22 जनवरी को अपने राज्य में शराब-मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाते हुए उस दिन ड्राई डे घोषित किया है। ठीक उसी तर्ज पर झारखंड में भी 22 जनवरी के दिन शराब-मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगायी जाये और उस दिन को ड्राई डे घोषित की जाये।

# दाहू यादव के बेटे से इडी करेगी पांच दिनों तक पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)।** साहिबगंज जिला में हुए 1250 करोड़ रुपये से ज्यादा के अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल यादव से इडी पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी है। वहीं राहुल यादव की बेल पर अब 19 जनवरी को सुनवाई होगी। राहुल ने पिछले मंगलवार को हाइकोर्ट के आदेश पर इडी कोर्ट में सरेंडर किया था, जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है। राहुल यादव को अवैध खनन मामले में इडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वह इडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ था। इसके बाद इडी की विशेष अदालत ने राहुल यादव के खिलाफ 31 मार्च 2023 को नन बेलेबल वारंट जारी किया था।

# हिंदी सिर्फ भाषा नहीं, हमारी मां है: संजय सेठ

**विश्व हिंदी दिवस पर हिंदी रत्न सम्मान समारोह**

**हिंदी की सेवा में समर्पित साहित्यकारों को मिला सम्मान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** विश्व हिंदी दिवस पर सांसद संजय सेठ के द्वारा हिंदी रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रांची के चैंबर भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रांची के साहित्यकार, हिंदी के प्राध्यापक, कवि और हिंदी प्रेमी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में कुलपति अजीत कुमार सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र, राष्ट्रीय नाट्य कलाकार अजय मलकानी भी मौजूद रहे।

सांसद संजय सेठ ने कहा कि हिंदी सिर्फ हमारी भाषा नहीं है। यह हमारा मन है। आज विश्व में हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है कि कई देश हिंदी दिवस मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक पटल पर भारत को हिंदी के साथ मजबूत किया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बाद नरेंद्र मोदी ही ऐसे प्रधानमंत्री हुए, जिन्होंने हिंदी का मान-सम्मान वैश्विक मंच पर बढ़ाने का कार्य किया है।

श्री सेठ ने कहा कि हिंदी एक ऐसी भाषा है, जो सभी भाषाओं के साथ समन्वय बना लेती है। सभी भाषाओं के शब्दों को खुद में समाहित कर लेती है। इसलिए हिंदी को हम सिर्फ भाषा नहीं कहते, हिंदी को हम मां कहते हैं। हिंदी ने जो ममता, दुलार सभी भाषाओं को दिया है, वह दुर्लभ है। सांसद ने कहा कि आज के इस पवित्र दिन में रांची के साहित्यकारों, कवियों, प्राध्यापकों को सम्मानित कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

हिंदी दिवस के इस अवसर पर रांची के पांच दर्जन से अधिक लोगों को हिंदी रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

**इन्हें किया गया सम्मानित**

डॉ वासुदेव प्रसाद, डॉ सुनीता यादव, डॉ मंजू लाल, डॉ हरेंद्र सिन्हा, प्रशांत गौरव, डॉ धीरेश्वर झा सुधीर, डॉ जयप्रकाश पांडेय, डॉ जंग बहादुर पांडेय, डॉ सुरेंद्र कौर नीलम, मुक्ति शाहदेव, रश्मि शर्मा, वीणा श्रीवास्तव, पुष्पा सहाय, करुणा सिंह, खुशबू बर्णवाल और डॉ जीतेंद्र सिंह।

# नीतीश की जनसभा रामगढ़ में अब तीन फरवरी को

**रांची (आजाद सिपाही)।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब तीन फरवरी को रामगढ़ आयेंगे। पूर्व में 21 जनवरी को नीतीश जोहार विशाल जनसभा में शामिल होने रामगढ़ आना था। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने प्रदेश जदयू कार्यालय में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी दी। 24 जनवरी को जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती है, उनके 100 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी इसे शताब्दी समारोह के रूप में मना रही है, इसके साथ ही 26 जनवरी के मद्देनजर उनकी सरकारी व्यस्तता के कारण कार्यक्रम की तिथि बढ़ा दी गयी है। इस अवसर नीतीश जोहार कार्यक्रम के संयोजक मधुकर सिंह, प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, प्रदेश प्रवक्ता सागर उपाध्यक्ष डॉ आफताब जमिल, संजय सिंह उपस्थित थे।

# 750 विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार की ओर से सामूहिक सूर्य नमस्कार अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन बुंडू स्थित सूर्य मंदिर परिसर में किया गया। रामकृष्ण मिशन आश्रम मोरहाबादी के दिशा-निर्देश में योगिक साइंस-नेचुरोपैथी विभाग, सरला बिरला विवि के छात्रों ने इस अवसर पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। इस सामूहिक कार्यक्रम में रांची के विभिन्न विश्वविद्यालयों और विद्यालयों के 750 से भी ज्यादा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार के महत्व के विषय में योगिक साइंस एंड नेचरोपैथी विभाग सरला बिरला विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ अर्चना मौर्य ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्यकुलम के स्वामी दिव्यदेव, सूर्य मंदिर के उपाध्यक्ष विनोद कुमार, रामकृष्ण मिशन के सह सचिव स्वामी अंतरानंद सहित अन्यान्य उपस्थित रहे। आयोजन के लिए प्रतिकुलाधिपति विजय कुमार दलान, कुलपति प्रो गोपाल पाठक और विवि के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# सीआइडी डीजी आज करेंगे चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता आज जोनल आइजी, सभी रेंज के डीआइजी और जिले के एसएसपी और एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में मादक पदार्थ अधिनियम के अपराधों का सही ढंग से अनुसंधान और रोकथाम को लेकर चर्चा की जायेगी।

**महत्वपूर्ण तथ्यों का हुआ था खुलासा**

बता दें कि राज्य में विगत पांच वर्षों में दर्ज एनडीपीएस एक्ट से संबंधित कांडों के आंकड़ों की सीआइडी ने समीक्षा की थी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण तथ्यों का खुलासा हुआ था। समीक्षा में पता चला था कि झारखंड पुलिस अफीम, डोडा जैसे मादक पदार्थ के साथ तस्कर को गिरफ्तार तो करती है, लेकिन उन पर सही धारा नहीं लगाती। इस कारण अपराधियों को सजा नहीं मिलती या मिलती भी है तो कम। सही धारा नहीं लगाने की वजह से आरोपी को जमानत मिल जाती है और वे फिर से सक्रिय हो जाते हैं।

# 14-21 को चार घंटे देर से चलेगी पुणे हटिया एक्सप्रेस

**रांची (आजाद सिपाही)।** मध्य रेलवे के सोलापुर मंडल के अंतर्गत आने वाले तीन स्टेशनों विकास कार्य किया जा रहा है। विकास कार्य निंबलक, विलद और वम्बोरी स्टेशन पर किया जा रहा है। इसके कारण हटिया स्टेशन से चलने वाली ट्रेन के समय में बदलाव किया गया है। रांची रेल मंडल की ओर से इस संबध में जानकारी दी गयी है। बताया गया है कि ट्रेन संख्या 22845 पुणे हटिया एक्सप्रेस ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन 14 जनवरी और 21 जनवरी को अपने निर्धारित प्रस्थान समय 10.45 बजे के स्थान पर चार घंटे विलंब से चलेगी।

# आर्यभट्ट सभागार में आज विचार गोष्ठी का आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** नेहरू युवा केंद्र और राष्ट्र प्रथम के संयुक्त तत्वावधान में विचार गोष्ठी का आयोजन मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में किया गया है। 12 जनवरी को दिन के साढ़े दस बजे से विचार गोष्ठी में उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय मौजूद रहेंगे। इसमें सांसद संजय सेठ, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

झारखण्ड कौशल प्रतियोगिता
झारखण्ड के युवाओं को अपना हुनर प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर
Jharkhand Skill Competition
India Skills
राज्य के प्रतिभाशाली युवा इस स्वर्णिम अवसर का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण लिंक https://forms.gle/3RoGk4bzSEAAuEVt7 या QR कोड के माध्यम से पंजीकरण कराएं
प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के लिए योग्यताएं :
• प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी का जन्म 1 जनवरी 2002 या उसके बाद होना अनिवार्य है।
झारखण्ड राज्य के state specific जॉब रोल निम्नवत हैं -
Autobody Repair, Automobile Technology, CNC Milling, CNC Turning, Refrigeration & Air Conditioning, Electrical Installations, Electronics, Welding, Health & Social Care, Beauty Therapy, Hotel Reception, Restaurant Service, Cooking, Bakery and Patisseries & Confectionery.

प्रतियोगिता में हुनर दिखाकर राज्य और देश का स्वाभिमान बनें
झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड
पंजीकरण की अंतिम तिथि : 15 जनवरी 2024
राज्य टोल फ्री नंबर: 1800-123-3444
jsdm.jharkhand.gov.in
P.R.-315581 (Labour Employment and Traning) 23-24
skilljharkhand@gmail.com

## कोडरमा में पेंशनर समाज की हुई बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज जिला शाखा कोडरमा की बैठक अध्यक्ष नारायण मोदी की अध्यक्षता में हुई जिसमें अधिकारियों से समस्याओं के समाधान की मांग की गयी। प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि फरवरी माह 2024 में पेंशनर समाज की बैठक प्रथम सप्ताह के बुधवार 7 फरवरी को आयोजित होगी क्योंकि दूसरे बुधवार को सरस्वती पूजा है। इस दिन विशेष रूप से पेंशनर दिवस को लेकर निर्णय लिया जायेगा। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी से मांग की गयी कि सेवानिवृत्त प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित कार्रवाई कर समाधान निकाला जाये। वहीं दिवंगत पेंशनर देवकी राम के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रहकर ईश्वर से प्रार्थना की गयी। बैठक में अध्यक्ष नारायण मोदी के अलावा सचिव नारायण सिंह, रामनरेश चौधरी, सुरेंद्र मोदी, राजेंद्र सिंह, चंद्रिका प्रसाद, सुभाष शर्मा, सिद्धेश्वर प्रसाद, नरेश झा, श्याम परी देवी, सावित्री देवी, छोटेलाल राम, लखन लाल राम, मथुरा प्रसाद चौधरी, कृष्ण कुमार, मुनेश्वर प्रसाद सिंह, रमेश प्रसाद सिंह, नगीना पासवान, लक्ष्मण प्रसाद मोदी, मदन मोहन ओझा आदि मौजूद थे।

## डीसी ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का लिया जायजा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत डोमचांच प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रो का भ्रमण कर बीएलओ द्वारा की जा रही कार्यों की जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने राजकीय आदर्श उत्क्रमित उच्च विद्यालय डोमचांच में स्थित मतदान केंद्र संख्या 275 और 276 व उत्क्रमित मध्य विद्यालय में स्थित मतदान केंद्र संख्या 260 का भ्रमण कर बीएलओ को निर्देश दिया कि फार्म 6, 7 और 8 से संबंधित कार्यों को पूर्ण कर लें। साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने से संबंधित जानकारी ली और अभी भी छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने से संबंधित सूची की भी जानकारी ली। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी और अन्य मौजूद रहे।

## कोडरमा में इवीएम प्रदर्शन केंद्र की शुरुआत




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत समाहरणालय परिसर और अनुमंडल कार्यालय कोडरमा में इवीएम प्रदर्शन केंद्र की शुरूआत किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी और उप निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में इवीएम वीवीपैड का प्रदर्शन केंद्र शुरू किया गया है। इसके माध्यम से आमजनों को इवीएम वीवीपैड से मतदान करने कि प्रकिया से जागरूक किया जा रहा है। इवीएम प्रदर्शन केंद्र में प्रतिनियुक्त कर्मी द्वारा आमजनों को इवीएम वीवीपैड के माध्यम से मतदान करने की पूरी प्रक्रिया को बताया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में चालक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के सतपुलिया के समीप एक इ रिक्शा और बस के बीच टक्कर में इ रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक की पहचान गुमो निवासी पवन कुमार (उम्र 18 वर्ष, पिता राज किशोर गुप्ता) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से घायल चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां फिलहाल चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। चालक को सिर में गंभीर चोट लगी है।

## गोल्ड मेडल इलेक्ट्रिक डीलर मीट में दुकानदार और मिस्त्रियों को किया सम्मानित




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** बाईपास रोड स्थित शिव वाटिका में बुधवार को गोल्ड मेडल इलेक्ट्रिक के तत्वाधान में बिजली टेक्निसीयन एवं खुदरा दुकानदारों का सम्मान सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुकानदारों और टेक्निसीयन के लिए प्रश्न मंच के आलावा संगीत और नृत्य प्रतियोगिता भी करायी गयी। जिसमें टेक्निसीयनों ने अपनी प्रतिभा का जोहर दिखाया। इसमें टेक्निसीयन किरण प्रकाश और रवि रत्ती ने क्या खूब लगती हो बड़ी सुंदर दिखती हो। प्रस्तुत कर समा बांधा। वहीं दिनेश वर्मा ने भी गीत प्रस्तुत कर लोगों को खूब झूमाया। वहीं कार्यक्रम में टेक्निसीयनों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने और कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लक्की ड्रॉ में अलग-अलग पुरस्कार दिया गया। मौके पर गोल्ड मेडल इलेक्ट्रिक झारखंड के जेनरल मैनेजर अनिमेष साव ने कहा कि गोल्ड मेडल बिजली सामग्री का उत्पादन करती है और आज के बिना बिजली के कोई भी कार्य अधूरा है। इसमें टेक्निसीयन और दुकानदारों की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। कार्यक्रम के दौरान कोलकाता से आये कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किया। जिसपर उपस्थित लोग खूब झूमे और कलाकारों का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। मौके पर कंपनी के सुशील कुमार, राधेश्याम चौधरी, मनोज रवानी, राकेश रंजन, अविनाश कुमार कपसीमे, अमन केसरी सहित जिला भर के दुकानदार और टेक्निसीयन उपस्थित थे।

## जमशेदपुर से अयोध्या के लिए पैदल निकले युवक को बटेश्वर मेहता ने किया सम्मानित




**इचाक (आजाद सिपाही)।** रांची पटना मार्ग एनएच 33 पर गुरुवार को पैदल यात्रा कर रहे युवक को भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बटेश्वर प्रसाद मेहता ने सम्मानित किया है। उन्होंने बताया की जमशेदपुर से अयोध्या के लिए पैदल यात्रा कर रहे दीपक महतो को उत्साह बढ़ाते हुए सॉल ओढ़ा कर सम्मान दिया। दीपक ने बताया की वे पैदल अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होकर साक्षी बनने के लिए निकले है। इस दौरान सफर में सम्मान पाना गौरव की बात है। लोगों का प्यार मिल रहा है जो रास्ता को आसान बनाने में सहायता दे रहा।

### क्राइम कंट्रोल करने को लेकर हजारीबाग पुलिस की पहल

# मोटरसाइकिल पैंथर और बीट पेट्रोलिंग को दिखायी हरी झंडी

**डीआइजी और एसपी ने बताया की नक्राइम कंट्रोल और क्राइम करने वालों को पकड़ने में भी होगी सहूलियत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में नशा, चोरी, जुआ अडडा, गृहभेदन, संगठित अपराध को बंद करने और क्राइम कंट्रोल करने के उद्देश्य से हजारीबाग पुलिस ने पहल शुरू कर दी है। इसी कड़ी में गुरुवार को डीआइजी सुनील भास्कर और एसपी अरविंद कुमार सिंह के द्वारा शहर के विभिन्न थाना जैसे सदर, कोर्रा, लोहसिंघना, बड़ाबाजार, पेलावल और कटकमदाग थाना क्षेत्र के लिए मोटरसाइकिल पैंथर और बीट पेट्रोलिंग को हरी झंडी दिखाकर चालू किया गया है। प्रत्येक मोटरसाइकिल पैंथर बीट पेट्रोलिंग में दो-दो पुलिसकर्मी मौजुद रहेंगे। इन पुलिस कर्मियों का दायित्व रहेगा कि शहर में जो भी चोरी, जुआ अडडा, नशाखोरी, गृहभेदन समेत अन्य अवैध कार्य पर अंकुश लगाना है। साथ ही यह टीम संदिग्ध कार्य में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर कार्रवाई करेगी।

डीआइजी सुनील भास्कर और एसपी अरविंद कुमार सिंह ने पूर्व में ही बताया था की मोटरसाइकिल पैंथर को चालू करेंगे, जो हर गली मुहल्ले में पहुंच कर लोगों को सुरक्षा देने का तो काम करेगा, साथ ही क्राइम कंट्रोल और क्राइम करने वालों को पकड़ने में भी सहूलियत होगी। इसके अलावा हर संवेदनशील जगहों पर क्यू आर कोड लगाया जाएगा। बिट पेट्रोलिंग क्यूं आर कोड के स्थान पर जाकर क्यू आर कोड को स्कैन करेगी इससे पता चलेगा की पेट्रोलिंग टीम यहां आई है। जिससे अपराध होने की संभावना कम रहेगी।

## झामुमो ने मनाया शिबू सोरेन का 80वां जन्मदिन

**झारखंड राज्य के निर्माण में शिबू सोरेन की महत्वपूर्ण भूमिका है: कमल नयन सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 80 वां जन्मदिन गुरुवार को हजारीबाग झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय हीरा बाग चौक में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक मंडली, नगर संयोजक मंडली, प्रखंड और पंचायत स्तरीय नेता व कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस अवसर पर केक काटकर शिबू सोरेन को जन्मदिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी गयी। केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य डॉ कमल नयन सिंह ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड के जनक दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को रामगढ़ जिला के नेमरा गांव में हुआ था। झारखंड अलग राज्य के निर्माण में शिबू सोरेन की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज अगर हम झारखंड अलग राज्य में स्वतंत्र रूप से रह रहे हैं तो यह दिशोम गुरु शिबू सोरेन की देन है।

इस मौके पर जिला संयोजक मंडली सदस्य नीलकंठ महतो, दिलीप वर्मा, महेंद्र राम, देवानंद कुमार, दिगंबर कुमार मेहता, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सह जिला सोशल मीडिया सदस्य संजय सिंह, सुनील शर्मा, बबलू, कमाल कुरैशी, जिला सोशल मीडिया सदस्य मो. सरफराज अहमद, इफ्तिखार अहमद टिंकू, मो निसार, मो सलीम, रिजवान, मो कमरुल, कैसर जमाल, बाबुन हांसदा, मो. हसीब खान, जुनेद आलम, सदैव कुमार दास, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र बांडो, उपाध्यक्ष संजय कुमार रविदास, अमित दास, ईश्वर गंझू, साजिद खान, अब्दुल्ला खान, अनवर हुसैन, मौलाना मसीउद्दीन, बंटी, सुनील शर्मा, अजय साव, सादाब हाशमी सहित झामुमो के कई सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर उपप्रमुख ने बीडीओ को लिखा पत्र



**केरेडारी (आजाद सिपाही)। केरेडारी प्रखंड के उप प्रमुख अमेरिका महतो ने केरेडारी बीडीओ अमित कुमार को आवेदन देकर प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायतो में स्थित प्रज्ञा केंद्र में हीं जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा है। इस पत्र के माध्यम से मांग किया है कि सरकार के सभी तरह के महत्वकांक्षी योजनाओं का आनॅलाइन पंचायत में स्थित प्रज्ञा केंद्र के द्वारा किया जा रहा हैं लेकिन जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र प्रखंड कार्यालय से ही निर्गत किया जाता है जिससे सभी पंचायतो के ग्रामीणों को आने जाने में ही समय की काफी बबार्दी होती है व समय पर प्रमाण पत्र भी नहीं मिल पाता है।**

## विधायक ने उपलब्ध करायी 50 हजार की सरकारी मदद



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव निवासी रोहित कुमार सिंह को विधायक अंबा प्रसाद ने उनके जीजा सुनील सिंह के इलाज हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से 50 हजार रुपये की सरकारी मदद उपलब्ध करायी। हजारीबाग स्थित आवास में रोहित कुमार सिंह को 50 हजार का चेक सौंपा गया। विदित हो कि झुमरी तिलैया कोडरमा जिला के निवासी सुनील सिंह का ब्रेन हेमरेज होने के कारण अस्पताल में भर्ती थे। इलाज में हो रहे अत्यधिक खर्च के कारण हो रहे कठिनाइयों से रोहित कुमार सिंह को अवगत कराया गया और स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद से सहयोग करने हेतु अनुरोध किया था जिसके बाद विधायक ने मदद उपलब्ध करायी है।**

## अपराध की योजना बना रहे दो युवक गिरफ्तार

बंटी मिश्र



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ थाना पुलिस ने चुकचुकों जंगल से अपराध की साजिश रच रहे दो युवको धर दबोचा। पकड़े गये आरोपी अजय कुमार महतो, पिता टीको महतो तथा विशाल कुमार उर्फ विशाल पांडे पिता गणेश दास थाना छेत्र के चुकचुकों गांव के रहने वाले हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि चुकचुकों जंगल में आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बनाने को लेकर बैठे हुई हैं। गुप्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक अरविद कुमार सिंह ने विष्णुगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनुज उरांव के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया। छापामारी दल को दो युवक एक महुआ पेड़ के नीचे बैठे दिखे। पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे। जिन्हें पुलिस बल के जवानों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। पकड़े गये आरोपियों को जरूरी के औपचारिकतायें पूरी कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया। इस संबंध में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 06/24 दिनांक 10,01,2024 भादवि की धारा 398 और 25 (1-बी) ए 36/35 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से 315 बोर के दो लोडेड कट्टे और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। अजय कुमार महतो के विरुद्ध बगोदर और सरिया थाना में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। छापामारी दल में एसडीपीओ अनुज उरांव, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राम नारायण सिंह, पुअनि देवेंद्र कुमार, पुअनि बब्लू कुमार, पुअनि अभिषेक कुमार सिंह दल बल शामिल थे।

## डीसी ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**उपायुक्त ने क्लास 12वीं, 11वीं, 10वीं, 9वीं और 8वीं क्लास का निरीक्षण कर बच्चियों की दी जाने वाली शिक्षा की जानकारी ली**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोडरमा, समर्थ आवासीय विद्यालय डोमचांच, राजकीय आदर्श उत्क्रमित उच्च विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय और उत्क्रमित मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सर्वप्रथम कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोडरमा का निरीक्षण किया और अपने निरीक्षण के क्रम में विद्यालय के खाली मैदान को समतलीकरण कर खेल मैदान योजना लेने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी कोडरमा को दिया। तत्पश्चात उपायुक्त ने क्लास 12वीं, 11वीं, 10वीं, 9वीं और 8वीं क्लास का निरीक्षण कर बच्चियों की दी जाने वाली शिक्षा की जानकारी ली। बच्चियों ने शिक्षा की कमी के बारे में बताया, इस पर उपायुक्त ने आरसेटी लैब में कोर्स से संबंधित पीपीटी के माध्यम से बच्चियों को पढ़ाने का निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय में स्थापित लैब और पुस्तकालय का जायजा लेते हुए शिक्षकों को लैब सेट करने का निर्देश दिया गया। कुछ क्लास में बच्चियों को बैठक के लिए बेंच और डेस्क नहीं होने पर उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को तत्काल बच्चियों के लिए बेंच व डेस्क की व्यवस्था करने को कहा। इसके बाद उपायुक्त ने राजकीय आदर्श उत्क्रमित उच्च विद्यालय का निरीक्षण करते हुए विद्यालय का लैब और पुस्तकालय का जायजा ली। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों का भ्रमण करते हुए सभी शिक्षकों को सख्त निर्देश देते हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

## सांसद और विधायक प्रतिनिधि ने बांटे कंबल



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के भाजपा कार्यालय के में सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल और विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय ने गुरुवार को। झरपो पंचायत के जरूरतमंद लोगों के बीच कुल 20 गरीब, असहाय, वृद्ध के बीच कंबल का वितरण किया। महेश अग्रवाल ने कहा कि ठंढ से बचने के लिए गरीब, असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इसका उपयोग जरूर करेंगे उपेंद्र पांडेय ने कहा की क्षेत्र के विकास तथा यहां के लोगों के सुख-दुख में हमेशा शामिल होते रहे है। साथ ही बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने कैलेंडर माध्यम से दिव्यकल्याण आश्रम में 14 जनवरी को होने वाला दही चूड़ा कार्यक्रम में निमंत्रण दिया है। सभी को चलना है हमारा प्रयास रहता है कि जितना संभव हो सके गरीबों के दुख-सुख में शामिल होकर उनका सहयोगी बनूं कंबल का वितरण में बद्री भुइयां, मुकेश कुमार, प्रबील महतो, मिथलेश प्रसाद, कारू साव, उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया सूरजकुंड मेला का निरीक्षण



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रसिद्ध पर्यटन स्थल में 14 जनवरी मकर संक्रान्ति के अवसर पर लगने वाला पंद्रह दिवसीय सूरजकुंड मेला स्नान कुंडों की साफ-सफाई का निरीक्षण करने पहुंचे। मुखिया ललिता पांडेय के द्वारा स्नान कुंडों की साफ-सफाई करायी गयी, जिससे मेला में आने वाले पर्यटकों को स्नान करने में किसी तरह की असुविधा ना हो। प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा डुंगडुंग के द्वारा मेला ठीकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। मुखिया ललीता देवी ने कहा कि सूरजकुंड धाम में विकास करना मेरी प्राथमिकता है। मौके पर सहायक अभियंता पप्पू कुमार, कनीय अभियंता सोनू कुमार, मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, पंसस विकास पांडेय, समाजसेवी संजय साव, समाजसेवी नंदू राणा, ज्ञानदीप पांडेय, नरेश ठाकुर, द्वारिका गोस्वामी, सूरज राणा, अमर पांडेय, द्वारिका राणा, सोहन राम, प्रदीप राम, सतीश पांडेय, दौलत पांडेय, बब्लू पांडेय, अमित पांडेय, बिरजू साव, बासुदेव मांझी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगी ऐतिहासिक: डॉ आरसी मेहता



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर की राजधानी इंफाल से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत करेंगे। 20 मार्च को लगभग 6000 किलोमीटर यात्रा के उपरांत मुंबई में समाप्त होगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में झारखंड के कोडरमा में प्रवेश करेगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के सफलता हेतु रांची के संगम गार्डन में कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के उपस्थिति और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अध्यक्षता में बैठक हुई। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार भारत जोड़ो न्याय यात्रा 8 दिनों तक झारखंड में होगा। लगभग 804 किलोमीटर की दूरी तय किया जायेगा। यह बातें वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ आर सी मेहता ने झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मिर साहब से विचार विमर्श के बाद हजारीबाग लौटने के दरमियान कहा। डॉ मेहता ने कहा की कांग्रेस पार्टी का सिपाही हूं पार्टी के निदेर्शों का पालन करते हुए कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाऊंगा। राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का मुख्य भूमिका रहेगी। 24 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस दोगुनी ऊर्जा के साथ चुनाव लड़ेगी और कम से कम 41 सीटों पर जीत हासिल करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर बीके मेहता, मिस्टर आलम, राजकुमार मेहता, नजीर मियां, गिरधारी महतो, चंद्रदेव प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव से बिरसा किसान रथ रवाना



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी और तकनीकी परामर्श हेतु गुरुवार को बिरसा किसान रथ बड़कागांव प्रखंड कार्यालय पहुंचा। जिसे प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बिरसा किसान रथ प्रखंड कार्यालय से निकलकर बड़कागांव पश्चिमी, बड़कागांव मध्य, सिंदवारी, डाडीकला , चेपाकला पहुंचा जहां पहुंचकर किसानों को तकनीकी परामर्श और विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक श्याम कृष्ण देव पशुपालन विभाग से भ्रमणशील पसुचिकित्सा पदाधिकारी डॉ उज्जवल कुमार, सहकारिता विभाग से प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी भूपनाथ महतो एवम किसान मित्र शमशेर आलम, राजेश्वर महतो, चिंतामणि महतो, प्रभु महतो, मनोज महतो, वासुदेव महतो, कृष्णदेव महतो मौजूद रहे।

## अवैध ढिबरा लदा वाहन जब्त, एक गिरफ्तार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डोमचांच पुलिस ने पुलिस अधीक्षक कोडरमा को मिली गुप्त सूचना के बाद अवैध ढिबरा (माईका) लदा एक टाटा मैजिक वाहन को जप्त किया है। डोमचांच थाना प्रभारी पंचम तिग्गा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सुबह करीब 8 बजे, तेतरियाडीह रोड के पास से अवैध ढिबरा लदा टाटा मैजिक वाहन को जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। इसमे संलिप्त अन्य की पहचान कर इनकी गिरफ्तारी हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। इस संदर्भ में डोमचांच थाना कांड सं 4/24 दर्ज किया गया है। मौके पर से दिवाकर कुमार मेहता (उम्र 35 वर्ष, पिता- स्व लखनलाल मेहता, ग्राम नावाडीह, थाना डोमचांच) को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी दल में नीरज कुमार, दिलशाद अली, थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## प्रखंड प्रमुख ने मृतक के परिजनों को दी आर्थिक मदद



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करैलीबार पंचायत स्थित कुरीद गांव निवासी शनिचर बैंगा के पुत्र योगेश बैंगा (30)की मौत मुबंई में विगत सप्ताह हो गया था। इस सूचना पर स्थानीय अंचल अधिकारी अरुण कुमार मुंडा और प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप ने मृतक के आश्रित को तत्काल आर्थिक सहयोग दिया था। साथ ही सरकार की ओर से मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ देने का आश्वासन दिया था। गुरुवार को प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने उक्त मृतक के परिवार से मुलाकात कर दस हजार रुपये की आर्थिक मदद की। प्रमुख कुमारी ने आगे बताया की सरकार की ओर से मिलने वाला सभी प्रकार के सहयोग दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर प्रमुख ममता कुमारी के अलावा पंसस सदस्य लालिता देवी, समाजसेवी कमलेश यादव समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## राजद की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर दिया बल



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गेरुआ पंचायत में राष्ट्रीय जनता दल की एक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड से मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव पंचायत के मुखिया और राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता दूधनाथ यादव, सहदेव यादव, मदन यादव, धनंजय कुमार, छोटू कुमार यादव, जोगेंद्र यादव, गुड्डू यादव, पांडे यादव, सुरेश यादव, चंद्र यादव, केदार यादव, देवदीप यादव, मनोज कुमार यादव, चानारिक यादव, मोहम्मद कमालुद्दीन, सौदागर यादव, संदीप कुमार, सुजीत कुमार, बबलू कुमार, संदीप यादव, सौरभ कुमार यादव, विजय कुमार, रोहित कुमार भारती, नितेश कुमार, सुधीर कुमार यादव, श्यामदेव यादव, नरेश प्रसाद केसरी, बेचू यादव, गोपाल साहू, सुदामा मिस्त्री, प्रदीप यादव, छोटू यादव, गौतम कुमार, सनोज साहू, पंचायत के पंचायत समिति सत्येंद्र भारती इत्यादि करीब सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस बैठक में सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया की राष्ट्रीय जनता दल का पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए पंचायत अध्यक्ष के रूप में धर्मेंद्र कुमार यादव पिता सहदेव यादव, सचेतक देवदीप कुमार दांगी पिता देवनाथ प्रसाद दांगी, उपाध्यक्ष अनुरूद्ध भारती पिता स्वर्गीय चरितर भारती, सचिव छोटू कुमार यादव पिता नंदकेसर यादव, मीडिया प्रभारी चंदारिक यादव पिता दुखी यादव को बनाया गया। मंत्री प्रतिनिधि ने बारी-बारी से सभी को माला पहनकर और मिठाई खिलाकर सबों को स्वागत किया गया और पंचायत के पदाधिकारी को संगठन को मजबूत बनाने के लिए भार सौंपी गयी।

## सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम को लेकर निकाली गयी रैली



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के निर्देशानुसार सरकारी विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाने के लिए सिटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेदवाडीह की ओर से गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसमें शामिल बच्चों ने नारे लगाये। पंक्तिबद्ध बच्चों का जुलूस पूरे गांव से गुजरते हुए विद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुआ। सरकार के आदेश के अनुसार प्रत्येक छात्रों को विद्यालय द्वारा सिटी उपलब्ध कराना है और सिटी बजाते हुए छात्रों को विद्यालय आना है और सिटी बजाने का विडियो और फोटो सोशल मीडिया पर ट्रेड करना है। मौके पर प्रधानाध्यापक अमर कुमार विश्वकर्मा, संतोष यादव, अजय यादव, विकास वर्मा मौजूद थे।

## शिबू सोरेन का भुरकुंडा में मना 80वां जन्मदिन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में गुरूवार को झामुमो कार्यालय भुरकुंडा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सह दिशोम गुरू शिबु सोरेन का 80वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य परिवहन पाधिकार सदस्य सह झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने केक काटकर किया। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि जुल्म व शोषण के खिलाफ शिबु सोरेन ने आजीवन लड़ाई लड़कर गरीब-गुरबों को उनका हक-अधिकार दिलाने का काम किये हैं। उन्हीं के दिशा-निर्देश पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पार्टी को सिंचने का काम बखूबी कर रहे हैं। मौके पर लोगों के बीच केक व मिठाईयां बांटकर शिबु सोरेन के सुखद जीवन, स्वस्थ्य शरीर और दीर्घायु होने की कामना की गयी। साथ ही शिबु सोरेन के संघर्षों को याद करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का आहवान किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, सचिव उदय अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष आजाद अंसारी, हरिलाल बेदिया, चरेंद्र बेदिया, संजय वर्मा, उदय मालाकार, झलकू बेदिया, जयराम बेदिया, मुकेश राउत, अलीम अंसारी, मुन्ना अंसारी, प्रमोद ठाकुर, सौकत अंसारी, सत्यनारायण यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

## टंडवा पत्रकार संघ की बैठक आयोजित



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय चुंदरू धाम में गुरुवार को पत्रकारों की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रबीन्द्र बक्शी ने की। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया संघ के टंडवा प्रखंड अध्यक्ष और मिश्रौल पंचायत के मुखिया सुबेश राम द्वारा पत्रकार मनीष गुप्ता को दुर्व्यवहार किये जाने की घटना की निंदा की गयी। घटना के विरोध में पत्रकारों ने टंडवा प्रखंड के सभी पंचायतो के मुखिया के कार्यक्रम को बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही इसकी सूचना मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह को दी गयी है। इस मौके पर विनय सिन्हा, वरुण सिंह, रूदेश नायक, बीरेन्द्र साहु, राजेश ठाकुर, विकाश शर्मा, अजीज अंसारी, शशि पाठक, कुलदीप दास, रबीन्द्र दास, मनीष गुप्ता उपस्थित थे।

### सीसीएल झारखंड परियोजना में अपराधियों की धमक

# सुरक्षाकर्मियों को बंधक बना कर 25000 नगद सहित 17 लाख के कलपुर्जे लूटे

**सीसीएल सुरक्षा विभाग ने एक पिकअप वैन को किया जब्त, 10 गिरफ्तार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** बेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के सीसीएल झारखंड परियोजना में करीब 30 से 35 की संख्या में अपराधियों ने धावा बोला कर सुरक्षा में तैनात कर्मियों को हथियार के बल पर कब्जे में ले लिया। जिसके बाद बंधक बनाकर लाखों रुपए के कलपुर्जे सहित 25 हजार नकद लूटकर चलते बने। हालांकि सीसीएल सुरक्षा विभाग और घाटो पुलिस की सजगता से 10 अपराधी गिरफ्तार हो गये है। साथ ही घटना में प्रयुक्त एक वाहन को जब्त किया गया है।

**क्या है मामला:** जानकारी के अनुसार बुधवार व गुरुवार की मध्य रात्रि 30-35 की संख्या में अपराधकर्मी महिंद्रा पिकअप बोलेरो संख्या जेएच 01सीपी 7589 और बिना नंबर के 407 वाहन से परियोजना पहुंचे। सभी डंडा, लोहे का रोड, लोहे का धारदार हथियार, बम, पिस्तौल से लैस थे। अपराधियों ने हथियार दिखाकर ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट करते हुए सभी का मोबाइल छीनकर फेंक दिया।

**पकड़े गये व्यक्तियों की पहचान, लूटपाट में थे शामिल:** इसके बाद बंधक बनाए गए कर्मियों को पकड़े गये लोगों की पहचान करायी गयी। जिसमें सभी की पहचान कर ली गयी है। इस संबंध में वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस ने मामला दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ कर रही है। मामले का खुलासा शुक्रवार को होने की संभावना है।

**सुरक्षाकर्मियों से लूटे 25 हजार नगद**

इसके बाद सुरक्षा कर्मियों के पास रखें 25 हजार नगद लूट लिया। साथ ही सभी को एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद परियोजना के कार्यालय, स्टोर, एक्सकैवेशन और बिजली घर के कमरों का ताला तोड़कर करीब 10 लाख 1520 रुपया, एक्सकैवेशन कार्यालय से 1 लाख 87 हजार 500, बिजली घर से 4 लाख 8 हजार 726 रुपया, ई एंड टी विभाग से 1 लाख 55 हजार 700 कुल राशि 17 लाख 53 हजार 446 रुपये के कीमती सामान लूट लिए।

**सीसीटीवी के कैमरों को तोड़, डीवीआर साथ ले गये**

साथ ही वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त कर डीवीआर अपने साथ ले गये। इसी बीच सुरक्षा कर्मी किसी तरह बंधक मुक्त होकर बेस्ट बोकारो ओपी और सीसीएल क्षेत्रीय सुरक्षा कर्मी को सूचना दी। सूचना के बाद कलपुर्जे लूटकर भाग रहे अपराधियों का पीछा करते हुए नया मोड़ कुजू के पास वाहन संख्या जेएच 01सीपी 7589 को पकड़ लिया। जबकि, दूसरा वाहन 407 लूट का सामान लेकर भागने में सफल रहा। पकड़े गए वाहन पर सवार 10-15 व्यक्ति में से चार-पांच लोग अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गये हैं। जबकि 10 व्यक्तियों को पकड़ा गया।

इस संबंध में झारखंड उत्खनन परियोजना सीसीएल के सुरक्षा प्रभारी सुखदेव प्रसाद ने ओपी में लिखित शिकायत दर्ज करायी है।

### ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए डीएसपी पहुंचे ट्रैफिक चेक पोस्ट

# इ-चालान मशीन से कटेगा ट्रैफिक फाइन : संजीव मिश्रा

**हाइटेक होगी रामगढ़ की ट्रैफिक पुलिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** जल्द ही रामगढ़ की ट्रैफिक पुलिस महानगर की ट्रैफिक पुलिस की तरह नजर आयेगी। ई चालान मशीन से फाइन कटेगा और हाई स्पीड में वाहन चलाने वालों पर ऑटोमेटिक फाइन होगा। यह सारी व्यवस्थाएं जल्द ही धरातल पर उतर जायेगी। रामगढ़ की ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृद्ध करने के लिए गुरुवार को मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा ने यातायात थाने में पदस्थापित सभी पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। शहर के सुभाष चौक स्थित ट्रैफिक चेक पोस्ट पर वे पुलिस पदधिकारियों और जवानों से ट्रैफिक की समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक पुलिस पदधिकारियों को ऑन लाइन फाइन करने से संबंधित कई जानकारियां दी। मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा ने बताया कि ट्रैफिक में जितने भी पुलिस पदधिकारियों है उन्हें और भी एक्सपर्ट बनाया जाये। इन्हें इस तरह प्रशिक्षण दिया जाये कि वह एक एक्सपर्ट की तरह काम कर सकें।

**ये थे उपस्थित:** सब इंस्पेक्टर विजय कुमार, महेश राम, सुनील कुजूर, अमित मरांडी, शीतल दीपक टोपन, बालेश्वर सिंह, शंकर कुमार, सुरेश प्रसाद यादव, सुरेंद्र मंडल आदि उपस्थित थे।


## सीटी बजाओ, स्कूल जाओ कार्यक्रम का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मांडू।** झारखंड सरकार शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सिटी बजाओ, स्कूल जाओ कार्यक्रम का शुभारंभ मांडू प्रखंड में किया गया। गुरुवार को प्रखंड के सभी सरकारी और गैरसरकारी विद्यालयों के छात्रों अभिभावकों व शिक्षकों ने सिटी बजाओ, स्कूल जाओ कार्यक्रम में भाग लिया और अपने अपने पोषक क्षेत्र में भ्रमण किया। वर्ग एक से प्लस टू तक के विद्यालयों में यह कार्यक्रम आयोजन किया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर, मध्य विद्यालय मांडू, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोडाकरम और एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय मांडू में यह कार्यक्रम आयोजन किया गया। मांडूडीह, मांडूचटी, गोविंदपुर कसीया टोला, टकहा आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए विद्यालय के छात्र और अभिभावक सिटी बजाओ कार्यक्रम करते हुए विद्यालय पहुंचे। कार्यक्रम में मांडूचट्टी मुखिया अनीता देवी, प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप, शारदानंद शर्मा, गौतम गुप्ता, जेठालाल मांझी, प्राचार्य विद्या पाठक, सुबोध पासवान, निलेश कुमार, संजीव कुमार, किशोर कुमार, दिगंबर प्रसाद, रेखा कुमारी, सुनील कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोडाकरम में जितेंद्र कुमार, बालेश्वर भुइयां समेत कई समाज सेवियों ने भाग लिया।

## परवरिश स्कूल में सांस्कृतिक उत्सव प्रतियोगिता आयोजित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू।** परवरिश एजुकेयर स्कूल, कुजू में महाकाव्य रामायण पर आधारित ड्राइंग-कलरिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर सांस्कृतिक उत्सव मनाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक जीवंत कलाकृति के माध्यम से रामायण के पात्रों और कहानियों का जीवंत प्रस्तुति किया। वही, प्रतिभाशाली शिक्षार्थियों की कलात्मक भावनाओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इधर, बच्चों द्वारा प्रदर्शित संक्रामक उत्साह था। जिन्होंने अपनी रचनात्मकता को कागज पर व्यक्त किया। वही, रामायण के प्रिय पात्रों की भूमिका निभाया। स्कूल परिसर छोटे राम और सीताओं से जीवंत हो उठा। प्रतियोगिता के दौरान सांस्कृतिक विसर्जन का आनंददायक पल, वेशभूषा की रंगीन श्रृंखला समग्र रूप से रामायण के सार को अपनाने में छात्रों की गहरी रुचि को दर्शाया गया। स्कूल की प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी ने कहा कि समग्र शिक्षण वातावरण के साथ रामायण आधारित कार्यक्रम जागरूकता को बढ़ावा देता है। स्कूल निदेशक शैलेंद्र कुमार ने कहा कि रचनात्मक गतिविधियों में सांस्कृतिक विषयों से गर्व और जुड़ाव की भावना को बढ़ावा का उदाहरण है। वही, प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में हमारी विरासत, सांस्कृतिक व समृद्धि का कलात्मक प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# लंबित मामलों को समय पर करें निष्पादित : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक किया। इस दौरान बैठक में डीसी ने अंचलवार लंबित दाखिल खारिज संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में जिन अंचलों में कार्य संतोषजनक नहीं पाया उनके अंचल अधिकारियों को तत्काल रूप से मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। डीसी ने एनजीडीआरएस पोर्टल पर भूमि संबंधित विभिन्न जानकारियां ससमय पर अपलोड करने का निर्देश दिया।

**लंबित मामलों को तय समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश:** बटवारानामा और उत्तराधिकारी दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने लोगों को उत्तराधिकारी दाखिल खारिज कार्यों के प्रति जागरूक करने और लंबित मामलों को तय समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

**4एच संबंधित मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करें:** 4एच संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने विभिन्न परियोजनाओं में 4एच संबंधित मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने और इससे संबंधित प्रतिवेदन नियमित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। परिशोधन पोर्टल पर आये मामलों को निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश

डीसी ने पौधारोपण और संबंधित क्षेत्र में ग्रामीणों को जागरूक करने सहित अतिक्रमण रोकने के लिए विभिन्न उपायों को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में अपर समाहर्ता सह उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, भूअर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसहार्ता, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिप सदस्य ने ओरला छठ तालाब में सीढ़ी निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओरला छठ तालाब में जिला परिषद सदस्य दयामन्ति देवी ने छठ घाट और सीढ़ी निर्माण कार्य का विधिवत पूजार्चना कर शिलान्यास किया। दयामंति देवी ने नारियल फोड़ और फीता काटकर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। मौके पर दयामंति देवी ने बताया कि छठ तालाब में घाट और सीढ़ी की कमी थी। जो ग्रामीणों का बहुप्रतीक्षित मांग रहा है। जो आज जिला परिषद फंड से पूरा हो सका है। निश्चित ही यह ग्रामीणों के लिए हमारे द्वारा किया गया एक छोटी पहल है। आगे भी कई विकास कार्यों को धरातल पर उतराने का प्रयासरत रहूंगी। संवेदक बृज बिहारी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सीढ़ी निर्माण कार्य जिला परिषद फंड से प्राक्कलित राशि 4 लाख 56 हजार 3 सौ रुपये की लागत से किया जा रहा है। मौके पर मुखिया गुड़िया देवी, पंसस गुड़िया देवी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, मुखिया प्रतिनिधि निर्मल करमाली, कैलाश करमाली, हरिशंकर प्रसाद साहू, राधेश्याम प्रसाद, हरिशंकर प्रसाद, देवराज प्रसाद, अखिलेश महतो, विजय करमाली, राजेश नायक, देवकी महतो, हिना देवी, संतोषी देवी, मालती देवी, रेखा देवी, नंदलाल मुंडा, उमेश करमाली शामिल रहे।

## सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ अभियान का शुभारंभ



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुरूवार को सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान की शुरूवात की गयी। पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों, स्कूल के सदस्य और अभिवाहकों ने सिटी बजाते हुए पूरे पंचायत का भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने का काम किया। जिसमें राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा के छात्र-छात्राओं को ग्राम दुंदुवा के आजाद नगर, शिवनगर, बीटीटीआइ कॉलोनी, सहित सभी मोहल्ले टोलों से मुखिया सत्यवंती देवी, प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, जल सहिया छुबी देवी, सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब की अध्यक्ष शेरोफेना एक्का, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ज्योति लकड़ा, वार्ड सदस्य सह जेएसपीएलएस की सक्रिय महिला दयामुनि मुर्मू, रेणुका देवी, नीतू सिन्हा, शहजाद हुसैन, वीना देवी, सेविका किरण सिंह, एलिजाबेथ डोडराय, प्रेमी सलोमि तिर्की, सहिया रंजू सिंह, मंजू देवी, तिलोतमा तिवारी, पंचायत स्वयंसेवक सिहंता कुमारी, सहायिका शकुंतला देवी, शांति देवी, मीना देवी, सुनीला देवी, आशा देवी, सुमित्रा देवी, राजो देवी, सैबुन खातून, सुमित्रा देवी, सोनी देवी शिक्षिका अनीता तिवारी, अनुपमा कश्यप, सीमा देवी, रेखा देवी, रीता, सईदा खातून, अनीता सुभा लक्ष्मी, सामाजिक कार्यकर्ता विप्लव कुमार, कमलेश कुमार, हिमांशु ठाकुर एवं बाल संसद के आकाश जायसवाल, दिव्या, निखिल, रेशमा खातून, मान्या सिन्हा, देव कुमार, आयत फिरदौस, मुस्कान, आंचल, रुपाली, अंजली, आयुष मिर्धा, निश्चय, पवन नायक, आयुष उरांव, अभिषेक करमाली, विशाल मुंडा के साथ सीटी बजाते हुए विद्यालय पहुंचे। जहां सभी प्रतिनिधियों का प्रधानाध्यापक रवीश कुमार ने सीटी बजाकर स्वागत किया।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. 62/ET/SBP/ENGG/2023-24, दिनांक: 05.01.2024

ई-निविदा सं. 56-eT-DENE-SBP-23

**कार्य का नाम :** सम्बलपुर मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/सम्बलपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन रेलवे जमीन/खदान के बाहार से जुजुमुरा डिपो में रेलवे विनिर्देश के अनुसार 60,000 घनमीटर मशीन खंडित ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति एवं ढ़ेरीकरण तथा रेलवे वैगनों में लदान का कार्य (पुरा होने की अवधि: मानसून अवधि को छोड़कर 18 (अठारह) महीने।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 7,76,43,000/-, **बिड सिक्युरिटी :** ₹ 5,38,300/-, **कार्य पूरा होने की अवधि :** मानसून अवधि को छोड़कर 18 (अठारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 29.01.2024 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), सम्बलपुर

PR-966/O/23-24



**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/राँची, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निविदा सूचना सं. **ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-20-वाई आरडी, दिनांक 09.01.2024 और ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-सीआर-21** के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जिसके खुलने की निर्धारित तिथि 31.01.2024 को 16.00 बजे या उसके बाद है। **क्रम सं., ई-निविदा सूचना सं. एवं संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम** निम्नानुसार हैं: **(1) ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-20-वाई आरडी, दिनांक 09.01.2024,** राँची यार्ड रूपांतरण के लिए विद्युत कार्य-लाइन नं. 7 के बाद नए अतिरिक्त लूप लाइन के साथ सीई के ड्रॉ. नं. वाईडी/एसवाई/25930/09 (फेज II कार्य) के अनुसार। **निविदा मूल्य:** रु. 13,18,560.92, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति :** रु. 26,400/-, **(2) ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-सीआर-21, दिनांक 09.01.2024,** राँची मंडल के अधीन विद्युत/सामान्य सेवाओं की पावर सप्लाई के लिए केबल का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु. 52,53,460.30, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति :** रु. 1,05,100/-, **निविदा की अंतिम तिथि व समय:** 31.01.2024 को 16.00 बजे प्रत्येक हेतु। **वेबसाइट का विवरण: https://www.ireps.gov.in** निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। (PR-1016)



**शपथ पत्र**

समक्ष + ओथ कमिश्नर,
जगदीशपुर, भोजपुर।

मै, अंगद ओझा पिता श्री सुरेन्द्र ओझा, उम्र करीब 36 वर्ष, ग्राम + पो0- कटेया, थाना - बिहियां, जिला - भोजपुर, शपथपूर्वक हलफन व्यान करता हूँ :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ।
2. यह कि आयुष ओझ मेरा पुत्र है।
3. यह कि आयुष ओझा के माता का नाम गीता देवी है।
4. यह कि दिनांक 06.4.2021 को निर्गत जन्म प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 14.11.2015 गलत दर्ज है। पुनः दिनांक 19.06.2023 को जन्म प्रमाण निर्गत है जिसमें जन्म तिथि 14.11.2018 सही है।
5. यह कि मै घोषणा करता हूँ कि मेरे पुत्र का सही जन्म तिथि 14.11.2018 है। दिनांक 14.11.2015 जन्म तिथि गलत है।
6. यह कि पंजीयन संख्या B-92023:10-61731-000071 सही है। पंजीयन संख्या 7613 गलत है।
7. यह कि शपथ पत्र जन्म तिथि सुधार वास्ते कर रहा हुँ।

शपथ पत्र का पारा नं0 1 ता 7 तक सही वो सच है।

अधिवक्ता शपथकर्ता



**हटिया स्टेशन पर 01 कैटरिंग यूनिट प्रदान किया जाना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा ई-निविदा के माध्यम से हटिया स्टेशन पर 01 कैटरिंग यूनिट प्रदान किए जाने के कार्य हेतु खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है: ● **निविदा अधिसूचना सं.** सीएटीजी-स्टॉल-25-जीएमयू-डब्ल्यू-एचटीई6, ● **कैटरिंग यूनिट:** सीएटीजी. स्टॉल-25, ● **स्टेशन :** हटिया, ● **स्थान:** सर्कुलेटिंग एरिया (एसबीआई एटीएम के पास), ● **आरक्षित कैटेगरी:** जीएमयू/महिला, ● **न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य:** रु.6,21,254/- ● **बयाना राशि:** रु.1,61,600/-, ● **निविदा मूल्य :** रु.2,500/- साथ में 18% जीएसटी, प्रत्येक कैटरिंग यूनिट के लिए निविदा हेतु, ● **अनुबंध की अवधि:** 5 वर्ष। (1) संपूर्ण बोली प्रक्रिया ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) होगी। दिनांक 11.01.2024 की इस निविदा सूचना के संबंध में सभी अधिसूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन प्रकाशित की गई है। (2) बोली कागजात को वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 11.01.2024 से 02.02.2024 तक देखा और अपलोड किया जा सकता है। (3) बोली वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में दिनांक 11.01.2024 से जमा की जा सकती है। बोली जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 02.02.2024 को 15.00 बजे तक है और दिनांक 02.02.2024 को 15.30 बजे खोली जाएगी।

(PR-1021) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# खत्म हुआ सस्पेंस

महाराष्ट्र में स्पीकर राहुल नार्वेकर ने बुधवार को विधायकों की अयोग्यता से जुड़े मामले में अपना फैसला दे दिया। राजनीतिक रूप से मामला संवेदनशील था। इसलिए विधानसभा के सेंट्रल हॉल में सुनाये गये फैसले का सीधा प्रसारण किया गया। इससे इस निर्णय के तार्किक आधारों को लोगों तक पहुंचाने में थोड़ी मदद भले ही मिली हो, लेकिन शिवसेना (उद्धव गुट) ने अस्वीकार करते हुए इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की घोषणा करने में देर नहीं की। स्पीकर के फैसले का पहला नतीजा यह हुआ कि महाराष्ट्र के शिंदे मंत्रिमंडल के भविष्य को लेकर चल रही तमाम अटकलों पर विराम लग गया। स्पीकर ने कहा कि शिंदे की अगुआई वाली पार्टी ही असली शिवसेना है। लिहाजा व्हिप के उल्लंघन, शिंदे और अन्य विधायकों की अयोग्यता से जुड़ी मांग भी खारिज हो गयी। ऐसे में शिंदे के मुख्यमंत्रित्व को लेकर उठ रहे सवाल भी कम से कम फिलहाल के लिए समाप्त हो गये। मगर शिवसेना में विभाजन से जुड़े इस राजनीतिक विवाद का निपटना अभी बाकी है। इसका पहला सबूत तो उसी समय मिल गया था, जब फैसला आने से पहले ही शिवसेना (उद्धव गुट) यह कहते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंच गयी कि स्पीकर का मुख्यमंत्री से मिलना बताता है कि उनका फैसला निष्पक्ष नहीं होगा।

**स्पीकर ने कहा कि शिंदे की अगुआई वाली पार्टी ही असली शिवसेना है। लिहाजा व्हिप के उल्लंघन, शिंदे और अन्य विधायकों की अयोग्यता से जुड़ी मांग भी खारिज हो गयी। ऐसे में शिंदे के मुख्यमंत्रित्व को लेकर उठ रहे सवाल भी कम से कम फिलहाल के लिए समाप्त हो गये।**

फैसला आने के बाद भी इसे चुनौती देने की बात दोहराई गयी। इससे स्पष्ट हो गया कि इस मामले पर परदा नहीं गिरा है और आगे सुप्रीम कोर्ट में दलीलें रखी जा सकती हैं। चूंकि लोकसभा चुनावों के साथ ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भी इसी साल होने हैं, इसलिए इन तमाम वाद-विवाद की तार्किक परिणति आम जनता की अदालत में लोगों के वोट से ही होनी है। शिवसेना में विभाजन के बाद कौन सा धड़ा असली है, यह वास्तव में एक राजनीतिक सवाल है। इसलिए इसका निपटारा लोगों की अदालत में ही हो सकता है। जाहिर है, वही पार्टी असली मानी जायेगी जिसे महाराष्ट्र की जनता असली पार्टी मानेगी। यह बात चुनावों में वोटिंग मशीन के जरिए ही सामने आयेगी। शिवसेना के बाद एनसीपी भी विभाजन से गुजरी और उसका भी एक धड़ा अलग होकर मौजूदा सरकार का हिस्सा बना। वहां भी शरद पवार की अगुआई वाला हिस्सा खुद को मूल पार्टी बताते हुए इन विधायकों की अयोग्यता का सवाल उठा रहा है। जाहिर है, पक्ष-विपक्ष में सुनाये जाने वाले फैसले के बाद वह मामला भी आखिरी तौर पर चुनाव नतीजों से ही निपटेगा। ऐसे में स्वाभाविक ही सबकी नजरें इस बात पर जमी हैं कि महाराष्ट्र में तमाम राजनीतिक धड़े चुनावी तैयारियों को कितने असरदार ढंग से अंजाम दे पा रहे हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि एक लाभदायक बाजार तभी कायम रह सकता है, जब उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन हो। इस रणनीति का एक प्रमुख घटक गुणोवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) पर जोर देना है। इसके जरिये क्यूसीओ यह सुनिश्चित करता है कि सभी उत्पाद भारतीय मानक ब्यूरो के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप हों। यह उन उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान है, जिससे उपभोक्ताओं को उत्पादों तथा व्यवसायों के संबंध में विश्वसनीय, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता का भरोसा प्राप्त होता है।**

# उच्च गुणवत्ता में भारत को दुनिया में अग्रणी बनाना



**पीयूष गोयल**



विनिर्माण क्षेत्र में 'जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट' के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के अनुरूप उच्चतम वैश्विक मानकों को पूरा करनेवाले उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने में भारत दुनियाभर में अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री के मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है कि 'मेड इन इंडिया' ब्रांड गुणवत्ता की गारंटी हो, जो भारतीय और विदेशी उपभोक्ताओं के लिए आनंद का परिचायक बने।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि एक लाभदायक बाजार तभी कायम रह सकता है, जब उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन हो। इस रणनीति का एक प्रमुख घटक गुणोवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) पर जोर देना है। इसके जरिये क्यूसीओ यह सुनिश्चित करता है कि सभी उत्पाद भारतीय मानक ब्यूरो के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप हों। यह उन उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान है, जिससे उपभोक्ताओं को उत्पादों तथा व्यवसायों के संबंध में विश्वसनीय, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता का भरोसा प्राप्त होता है। इसके जरिये घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती मांग एवं उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलती है।

**पांच साल में करीब 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल इंडिया पहल ने 140 करोड़ भारतीयों के परिवार को दुनिया से जुड़ने और सर्वोत्तम उत्पादों व व्यवहारों के बारे में जानने में मदद की है। वे किसी उत्पाद को खरीदने से पहले नियमित रूप से प्रदर्शन, स्थायित्व और निर्भरता के लिए ग्राहक समीक्षाओं की जांच करते हैं। यदि वे उत्पाद से असंतुष्ट हैं, तो वे सार्वजनिक रूप से कमियों को उजागर करते हैं। इसलिए उत्पाद की गुणवत्ता, कीमत और नवीनता के बीच संतुलन बनाना समय की मांग है। मोदी सरकार सुरक्षित, विश्वसनीय व बेहतर गुणवत्ता वाले सामान उपलब्ध कराने और भारतीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत गुणवत्ता इको-सिस्टम विकसित करने पर केंद्रित है। मई 2014 से पहले, 106 उत्पादों को कवर करने वाले केवल 14 क्यूसीओ जारी किए गये थे। सूची को अब 653 उत्पादों को कवर करते हुए 148 क्यूसीओ तक बढ़ा दिया गया है। इनमें एयर कंडीशनर, खिलौने और जूते जैसे घरेलू उत्पाद शामिल हैं।

**निर्यात पर गुणवत्ता नियंत्रण**

क्यूसीओ ने 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' के मिशन को गति दी है। क्यूसीओ के तहत कई उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है। कच्चा लोहा उत्पाद, सौर डीसी केबल, दरवाजे की फिटिंग, छत के पंखे, हेलमेट, स्मार्ट मीटर, हिंजेस, एयर कूलर और एयर फिल्टर गुणवत्ता-नियंत्रित उत्पाद हैं, जो आयात किये जाने की तुलना में कहीं अधिक निर्यात किए जाते हैं। क्यूसीओ द्वारा कवर किये गये कास्ट आयरन उत्पादों का पिछले साल 535 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ था, जबकि आयात मुश्किल से 68 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। लगभग 25 क्यूसीओ में ऐसे उत्पाद शामिल हैं, जहां आयात से अधिक निर्यात होता है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि क्यूसीओ भारत में मजबूत गुणवत्ता चेतना के निर्माण पर केंद्रित हैं। इससे देश में खराब गुणवत्ता वाले सामानों की डंपिंग को कम करने में भी मदद मिलती है। उल्लेखनीय है कि सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली वस्तुओं तक पहुंच हमारे अमृत काल में प्रत्येक भारतीय नागरिक का अधिकार है।

क्यूसीओ लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। सस्ते इलेक्ट्रॉनिक्स के कारण आग लगने, खिलौनों में जहरीले रसायनों के कारण बच्चों के अस्पताल में भर्ती होने और बिजली के शॉर्ट-सर्किट जैसे जोखिमों के कारण घटिया उत्पाद घरों के लिए बेहद खतरनाक हो सकते हैं।

**शानदार उदाहरण**

गुणवत्ता-नियंत्रण कैसे उपभोक्ताओं और निमार्ताओं की मदद के लिए विनिर्माण को आमूल रूप से उन्नत कर सकता है, इसका एक शानदार उदाहरण खिलौना उद्योग है। इस क्यूसीओ के कार्यान्वयन से पहले, भारतीय खिलौना बाजार सस्ते, घटिया उत्पादों से भरा पड़ा था।

वर्ष 2019 में भारतीय गुणवत्ता परिषद के एक सर्वेक्षण से पता चला कि मुश्किल से एक-तिहाई खिलौने प्रासंगिक बीआइएस मानकों का पालन करते हैं, और उनमें से अधिकांश बच्चों के लिए खतरनाक थे। यह मोदी सरकार के लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य था, जिसने एक जनवरी, 2021 से इस क्षेत्र के लिए क्यूसीओ के साथ तेजी से हस्तक्षेप किया था। इससे भारत में खिलौनों की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ। एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि भारतीय बाजार में 84 प्रतिशत खिलौने बीआइएस मानकों का पालन करते हैं। क्यूसीओ ने न केवल भारतीय बच्चों को सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाले खिलौने उपलब्ध कराये हैं, बल्कि 2018-19 की तुलना में 2022-23 में उनके निर्यात में 60 प्रतिशत की वृद्धि भी हुई है।

उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और घरों में उपयोग होने वाले अन्य उत्पादों पर कई गुणवत्ता मानदंड लागू किये गये हैं। इनमें स्मार्ट मीटर, बोल्ट, नट और फास्टनर, छत के पंखे, अग्निशामक यंत्र, कुकवेयर, बर्तन, पानी की बोतलें, पाइप्ड नेचुरल गैस के उपयोग के लिए घरेलू गैस स्टोव, लकड़ी आधारित बोर्ड, इंसुलेटेड फ्लास्क और इंसुलेटेड कंटेनर आदि शामिल हैं।

सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उद्योग प्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों से परामर्श करती है कि क्यूसीओ को लागू करने से पहले उनकी प्रतिक्रिया, तकनीकी इनपुट और व्यावहारिक सुझावों पर विचार किया जाये। यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान रखा जाता है कि सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों को लंबी अंतरण अवधि देकर उनके हितों की रक्षा की जाये। सरकार उद्योग को अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करने और उन निर्माताओं का समर्थन करने के लिए हमेशा तैयार है, जो गुणवत्ता में सुधार करना चाहते हैं।

**गुणवत्ता अभिशासन, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद**

उत्पादों को वैश्विक मानकों के अनुरूप उन्नत करने का अभियान 140 करोड़ भारतीयों के अपने परिवार के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के प्रधानमंत्री के व्यापक दृष्टिकोण से जुड़ा है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा और बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ-साथ रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी जरूरतें प्रदान करने के लिए कई निर्णायक कदम उठा कर उनकी आकांक्षाओं को पूरा किया है। उनके भावनात्मक, भ्रष्टाचार-मुक्त शासन ने विकास को गति दी है। मुद्रास्फीति को नियंत्रित किया है और भारत को विश्व स्तर पर उज्वल बनाया है।

उल्लेखनीय है कि पांच साल में करीब 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। लोगों ने हाल के विधानसभा चुनावों में अपने मतदान से प्रधानमंत्री के उच्च गुणवत्ता वाले प्रशासन के प्रति विश्वास व्यक्त किया है। यह भारतीय निर्माताओं के लिए एक मजबूत संदेश है। जब लोग चयन करते हैं - अपने मत से या अपने बटुए से - तो वे सर्वोत्तम गुणवत्ता चुनते हैं। याद रहे कि 'क्वालिटी इज फ्री' के लेखक फिलिप क्रॉस्बी ने एक बार कहा था : यदि आप गुणवत्ता से बाहर हैं, तो आप व्यवसाय से बाहर हैं।

**(लेखक : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 80वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मना

**विधायक ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**







**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा स्थित सुदूर ग्रामीण क्षेत्र हुपु डूंगरी और बाघमारा में झारखंड राज्य के निर्माता और झामुमो के सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 80वां जन्मदिन हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान विधायक संजीव सरदार व उनके धर्मपत्नी शामिल हुए। मौके पर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के हजारों ग्रामीण महिला और पुरुष आदिवासी परंपरा के अनुसार ढोल नगाड़ा के साथ विधायक और उनके धर्मपत्नी का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने सैकड़ो ग्रामीणों के संग केक कटिंग कर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 80वां जन्मदिन पर ग्रामीणों को बधाई व शुभकामनाएं दी। वहीं विधायक संजीव सरदार ने माटकु, शंकरदा, हाड़तोपा और डोमजुड़ी पंचायत के सैकड़ो जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ व झारखंड आंदोलनकारी नेतागण, झामुमो जिला कमिटी के सदस्यगण, 20 सूत्री झामुमो पोटका प्रखंड कमिटी के सदस्यगण, पूर्व जिला परिषद, मुखिया, झामुमो पंचायत कमिटी के सदस्यगण, महिला नेत्रीगण सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।


# भाजपा सोनारी मंडल में लिट्टी पार्टी सह मिलन समारोह का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** नववर्ष के शुभ अवसर पर भाजपा सोनारी मंडल द्वारा लिट्टी पार्टी सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सोनारी कारमेल कॉलेज के पास विकास भवन में आयोजित मिलन समारोह में सांसद विद्युत वरण महतो सहित हजारों भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर सांसद ने मंडल के कार्यकर्ताओं को नववर्ष की बधाई देते हुए 22 जनवरी को रामलला के प्राणप्रतिष्ठा के पावन अवसर पर दिपावली जैसा महोत्सव मनाने का आग्रह किया। वहीं तीसरी बार संसद महारत्न मिलने पर मंडल अध्यक्ष और मंडल कार्यकर्ताओं ने सांसद विद्युत वरण महतो का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, भाजपा प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, अभय सिंह, देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, विनोद सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, नंदीजी प्रसाद, दिनेश कुमार, जटा शंकर पांडे, राजन सिंह, अनिल सिंह, मिथीलेश सिंह यादव, योगेश मलहोत्रा, खेमलाल चौधरी, समाजसेवी ललित दास, भुपेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, चित्तरंजन वर्मा, स्व. साधुचरण महतो की धर्मपत्नी सारथी महतो, राकेश वर्मा सहित सोनारी मंडल के विभिन्न समाज के अध्यक्ष, सचिव भाजपा समर्थक शामिल रहे। वहीं मंडल अध्यक्ष के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत भगवा गमछा व गुलदस्ता देकर किया गया। लगभग तीन हजार पार्टी कार्यकर्ताओं ने लिट्टी, चोखा, जलेबी का आनंद उठाया।

# दरिद्रनारायणों की सेवा करना ही परम धर्म



**डॉ प्रदीप वर्मा**



समाज के दीन-दुखियों के प्रति स्वामी विवेकानंद का प्रेम जगजाहिर था। उन्होंने एक बार अपने शिष्य को लिखा था- गेरुआ वस्त्र भोग के लिए नहीं है। यह वीर कार्य का झंडा है। अपने तन, मन और वाणी को जगदिधताय अर्पित करो। तुमने पढ़ा है मातृदेवो भव, पितृदेवो भव-अपनी माता को ईश्वर समझो, अपने पिता को ईश्वर समझो, परंतु मैं तो कहता हूं कि दरिद्र देवो भव। गरीब, निरक्षर एवं दुखी-इन्हें अपना ईश्वर मानो। इनकी सेवा करना ही परम धर्म समझो।

झारखंड के लोगों के प्रति स्वामी जी के अनुराग की चर्चा स्वामी जी के जीवन पर लिखी पुस्तक में मिलती है। सत्येंद्रनाथ मजूमदार ने अपनी पुस्तक 'विवेकानंद चरित में इसका वर्णन किया है। स्वामी जी अक्सर बेलूर मठ में सताल आदिवासियों के साथ बातें करने में मशगूल हो जाते थे। ऐसे समय में उनको मानो किसी चीज से कोई मतलब ही नहीं रह जाता था। कभी-कभार तो संताली उनको कह भी देते थे कि स्वामी जी आप कृपया हमारे साथ इतना समय न बितायें। इससे हमारा काम बंद हो जाता है। लेकिन भला स्वामी जी उनकी बातों को क्यों मानते? ये तो उनके पारिवारिक सुख-दुख की बातों में ही खो जाते थे। वे उन्हें नारायण कहकर पुकारते थे। उन्हें खिलाकर उन्हें बड़ी संतुष्टि मिलती थी। उन्हें बड़े संतोष से खिलाकर वे कहते कि आज मेरे नारायण का भोग हुआ।

आदिवासियों की गरीबी पर उनकी आंखें नम हो जाती थीं। ये सोचते कि आखिर इनका दुख कैसे दूर किया जा सकता है। अपने शिष्यों को वे कहते कि दूसरों के हितों को दूर करने के लिए सर्वस्व का अर्पण-यही तो वास्तव में संन्यास है। वे उन्हें प्रेरित करते कि धनवानों को समझाकर वे धन संग्रह करें और दरिद्रनारायणों की सेवा करते हुए जीवन बितायें। आदिवासियों के चेहरों के निष्कपट और सरल भाव उनको इन भोले-भाले आदिवासियों का दुख दूर करने की प्रेरणा देते थे।

हिंदू धर्म के इतर दूसरे धर्मों के अनुयायियों को स्वामी जी अपने संबोधनों में अक्सर यह कहा करते थे कि सनातनियों का सारा आदर्श समर्पण है। तुम्हारा आदर्श संघर्ष है। अतएव हमलोग ही जीवन का आनंद उठा पाने के सक्षम हैं। तुम लोग कदापि नहीं। तुम हमेशा अपनी दशा को और अच्छे रूप में परिवर्तित करने के लिए सचेष्ट रहते हो और एक करोड़ वें अंश मात्र का परिवर्तन होने से पहले ही मर जाते हो। पश्चिम का आदर्श क्रियाशील रहना है, पूर्व का आदर्श सहन करना है। पूर्ण जीवन कियाशीलता और सहनशीलता का समन्वय है। पर यह कभी नहीं हो सकता।

हिंदू धर्म के लोगों के धर्म परिवर्तन की कोशिशों के स्वामी जी को कई बार इस बारे में बोलने को मजबूर कर दिया था। वे पश्चिम के इस संघर्ष की कड़ी आलोचना करते थे। वे कहा करते थे कि संघर्ष को विकास का चिह्न मानना पश्चिम की एक बड़ी भूल है। उन्होंने कई बार कहा कि हिंदू धर्म आत्मसत्कार की प्रतिभा का ही दूसरा नाम है और हमने संघर्ष की कभी चिंता नहीं की। निश्चित तौर पर कभी-कभार हम अपने घर की रक्षा के लिए प्रहार भी कर ही सकते थे। यह ठीक भी होता। लेकिन हमने कभी संघर्ष के लिए संघर्ष पर ध्यान नहीं दिया। प्रत्येक को यह पाठ सीखना पड़ा। नवागंतुक जातियां चक्कर काटती ही रह गयीं। वे कहा करते थे कि अंत में ये सब हिंदू धर्म में समाहित हो जायेंगी। दक्षिण के पेरियार लोगों की बड़ी संख्या में धर्म परिवर्तन पर भी स्वामी जी ने चिंता व्यक्त की थी। धर्म की आड़ में मौजूद किसी भी प्रकार के भेदभाव का उन्होंने कड़ा विरोध किया था।

हिंदुओं की कई चारित्रिक विशेषताएं स्वामी जी के मनोभावों और उक्तियों से स्पष्ट हुई हैं। उनका मानना था कि हिंदू की दृष्टि में मनुष्य असत्य से सत्य की ओर नहीं जा रहा है, यह तो सत्य से सत्य की ओर निम्न श्रेणी के सत्य से उच्च श्रेणी के सत्य की ओर अग्रसर हो रहा है। वे विभिन्नता में एकता के हिंदू धर्म के मूल तत्व की व्याख्या करते हुए कहते थे कि वास्तव में यही प्रकृति की रचना है और हिंदुओं ने इसे भलीभांति पहचाना है।

**(लेखक : प्रदेश महामंत्री भाजपा, झारखंड रांची हैं।)**

# राज्य स्तरीय ओपेन चयन ट्रायल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 13 से



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आगामी 04 फरवरी 2024 को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम हैदराबाद में आयोजित 11वीं सिनियर, जूनियर, सब-जूनियर, महिला पुरुष और बालक बालिका राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता-2024 (बेल्ट कुश्ती, मास कुश्ती, कुश्ती पहलवानी, कजाख कुशती, सभी एसोसिएट स्टाइल यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें झारखंड की टीम भी भाग लेगी। राज्य कुश्ती टीम के गठन के लिए, बेल्ट कुश्ती संघ झारखंड के आदेशानुसार, जिला कुश्ती संघ गढ़वा के द्वारा दिनांकः 13 जनवरी 2024 को कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र इंडोर स्टेडियम, गढ़वा में राज्य स्तरीय ओपेन चयन ट्रायल कुश्ती प्रतियोगिता-2024 का समयः 1:30 बजे दिन से आयोजन किया जायेगा, जिसके लिए खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड, 2 पीस फोटो और बर्थ सर्टीफिकेट लाना अनिवार्य होगा। महिला/पुरुष पहलवानों का भार वर्ग निम्नलिखित है - **सिनियर पुरुषः** 45, 49, 54, 59, 65, 71, 80, 90, 100, +100, **जूनियर पुरुषः** 45, 49, 54, 59, 65, 71, 80, 90, 100, +100, **सब-जूनियर पुरुष** : 32, 37, 42, 47, 52, 57, 65, +65। **महिला भार वर्ग- सिनियर महिलाः** 41, 45, 50, 56, 63, 70, +70, **जूनियर महिलाः** 41, 45, 50, 56, 63, 70, +70, **सब-जूनियर महिलाः** 32, 36, 40, 45, 50, +50। पहलवानों के चयन होने के बाद झारखंड टीम का गठन करते हुए चयनित सभी पहलवानों को हैदराबाद भेजा जायेगा। उक्त जानकारी राज्य स्तरीय ओपन चैयन ट्रायल कुश्ती प्रतियोगिता के आयोजन कर्ता जिला कुश्ती संघ गढ़वा के सचिव-चंद्र बहादुर सिंह ने दी है।

## मध्य विद्यालय केतार में चाहरदीवारी का भूमि पूजन



केतार (आजाद सिपाही)। केतार स्थित मध्य विद्यालय में विधायक मद से दो लाख की लागत से बनने वाला चाहरदीवारी का भूमि पूजन जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद और मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना और नारियल तोड़ कर किया। मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने कहा कि मध्य विद्यालय को अपग्रेड करने के लिए भी विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा अथक प्रयास किया जा रहा है, जो बहुत जल्द हो जायेगा। संभवतः इसी सत्र से दसवीं का पढ़ाई भी शुरू हो जायेगा। ज्वाला प्रसाद ने कहा कि इस विद्यालय में प्रखंड का इकलौता बोर्ड परीक्षा का सेंटर है। जिससे इस प्रखंड के बच्चे को काफी सहूलियत होगा।साथ ही चहारदीवारी हो जाने से विद्यालय में बागवानी से सुसज्जित किया जा सकता है। मौके पर अमरनाथ जायसवाल, बिनोद प्रसाद, संजय पटेल, अध्यक्ष उपेंद्र बैठा, प्रधाध्यापक देवेंद्र कुमार, अजय, महादेव, उदयकांत, संतोष सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कसौधन वैश्य समाज गढ़वा के जिला अध्यक्ष उमेश कश्यप प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित



गढ़वा (आजाद सिपाही)। कसौधन वैश्य समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में एक बैठक संघत मोहल्ला शिव मंदिर के प्रांगण में की गयी। जिसमें 26 जनवरी को झंडोत्तोलन केदार नाथ कश्यप (रेहला निवासी) के द्वारा किया जायेगा तय हुआ। समाज में सभी चर्चा के उपरांत कसौधन वैश्य समाज गढ़वा के जिला अध्यक्ष उमेश कश्यप को प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने पर समाज के संरक्षक पृथ्वीनाथ कश्यप के द्वारा विजयी माला पहनाकर और अंगवस्त्र दे कर उन्हें सम्मानित किया गया। और समाज के सचिव संतोष कश्यप प्रदेश कोषाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित होने पर समाज के सदस्य सुरेंद्र कश्यप के द्वारा माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि उन्हें जो यह दायित्व मिला है इस दायित्व को पूरे तन मन धन से निर्वहन करने का कार्य करेंगे और जिस तरह गढ़वा समाज के द्वारा मुझे प्यार और आशीर्वाद मिलता है, मैं चाहूंगा कि प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते पूरे भारतवर्ष में झारखंड प्रदेश का नाम अग्रिम पंक्ति में सामाजिक कार्य में लिखा जायें ऐसी मेरी सोच है। इस कार्यक्रम पर राष्ट्रीय वैवाहिक सलाहकार मिथिलेश कश्यप, समाज के संरक्षक पृथ्वी नाथ कश्यप, उप सचिव विवेक कश्यप, कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप, उप कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, वैवाहिक सलाहकार रंजीत कश्यप, मीडिया प्रभारी आशीष कश्यप आदि उपस्थित थे।

## शांति निवास बालिका वर्ग के फाइनल में, बीपीडीएवी सेमी फाइनल में

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में शांति निवास हाई स्कूल ने बालिका उच्च विद्यालय को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया वही सीनियर वर्ग में बीपीडीएवी ने आरके पब्लिक स्कूल को रोमांचक मुकाबले में छह रनो से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। सीनियर वर्ग में बीपीडीएवी ने आरके पब्लिक स्कूल के छह रन से हराया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास के श्रुति और बीपीडीएवी के प्रियांशु को गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, प्रतियोगिता के सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सियाराम शरण वर्मा,कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे ने प्रदान किया।

# सिराज अहमद हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**हत्याकांड में प्रयुक्त एक देसी कट्टा बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** वंशीधर नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते 14 जुलाई 2023 को तुलसी डामर घाटी में अज्ञात लोगों द्वारा गोली मारकर प्रखंड समन्वयक सिराज अहमद की हत्या कर दी गयी थी। घटना के बाद मृतक के भाई इसरार अंसारी के द्वारा वंशीधर नगर उटारी थाने में लिखित आवेदन देकर घटना में सम्मिलित लोगों पर कार्रवाई करने की अपील की गयी थी। जिस आलोक में वंशीधर नगर ऊंटरी थाना पुलिस कांड के उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर नामजद टीपू सुल्तान इमरान अंसारी और सुलेमान अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दि थी। प्रेस वार्ता कर घटना की पूरी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक पांडे ने बताया कि 14 जुलाई को वंशीधर नगर भवनाथपुर मार्ग तुलसी डामर में प्रखंड समन्वयक सिराज अहमद की हत्या हुई थी, जिस कांड में संलीप्त तीन लोगों की गिरफ्तारी कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया था। वहीं फरार चल रहे दो और लोगों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी चल रही थी। जिनका भी गढ़वा जिले के सदर प्रखंड फरठिया पंचायत से वंशीधर पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त नसरुद्दीन अंसारी के पुत्र मुख्तार अंसारी है। जिसके निशान देही पर इस कांड में प्रयुक्त एक देसी कट्टा भी बरामद किया गया और मुख्तार अंसारी के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर इस कांड के मुख्य षड्यंत्र करता शहंशाह आलम को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का है अपराधिक इतिहास आर्म्स एक्ट विद्युत अधिनियम जैसे कई मामलों में गढ़वा थाना रंका थाने में दर्ज है।

### छापेमारी दल में शामिल

छापेमारी दल में बंशीधर नगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी नीतीश कुमार, जितेंद्र कुमार भगत, रंजन कुमार सिंह, चंद्रदेव कुमार सहायक और निरीक्षक अभिमन्यु सिंह तकनीकी शाखा गढ़वा सुनील राम, नितेश कुमार श्रीवास्तव, चपरासी शंभू नाथ का नाम शामिल है।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चुटिया पंचायत के झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा गुरूवार को वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रंका अनुमंडल और प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रिमों दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्म दिवस केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, युवा जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष आफताब आलम, जिला युवा उपाध्यक्ष शंभु यादव, चुटिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभु गुप्ता, अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, युवा अनुमंडल अध्यक्ष सह खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, रंका विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, मुमताज रंगसाज, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष पूर्व मुखिया मालती देवी, सचिव प्रियंका तिवारी सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कर मनाया शिबू सोरेन का जन्मदिन



मेराल। झामुमो कमिटी द्वारा पार्टी सुप्रीमो और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का 80वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने सुप्रीमो के जन्मदिन पर जरूरतमंद 50 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर युवा प्रखंड अध्यक्ष ज्ञान रंजन मिश्रा ने कहा कि झामुमो सुप्रीमो दिशोंम गुरु शिबू सोरेन ने झारखंड राज्य का गठन करवाने में अहम भूमिका निभायी और अपना पूरा समय दबे कुचले लोगों को हक अधिकार दिलाने मे लगाए हैं। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष श्री दशरथ प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष सूर्यप्रकाश, युवा प्रखंड अध्यक्ष ज्ञान रंजन मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि बबलू सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद, सचिव राजेश बैठा सहित कई कार्यकर्त्ता सामिल थे।

# सीआरपीएफ के उपमहानिरीक्षक ने किया 172 बटालियन का निरीक्षण

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

**बूढ़ा पहाड़ जैसे दुर्गम स्थान पर मुफ्त स्कूल जाने पर प्रशंसा की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सीआरपीएफ के उपमहानिरीक्षक एसडी पांडे ने 172 बटालियन सीआरपीएफ गढ़वा का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान 172 बटालियन भंडारिया अंतर्गत कुल्ही में स्थापित डी/172 बटालियन और नक्सलियों का गढ़ माने जाने वाले बूढ़ा पहाड़ पर स्थित एफ/172 बटालियन सीआरपीएफ कंपनी का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा कैंपों का निरीक्षण किया गया। जिसमें कैंप सुरक्षा स्थानीय ग्रामीणों के साथ ताल मेल उनके बेहतर स्वास्थ्य हेतु समय-समय पर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना कूल्ही में स्थापित डी/172 बटालियन के द्वारा जनकल्याणकारी केंद्र के तहत स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना और बूढ़ा पहाड़ जैसे दुर्गम स्थान पर स्थानीय ग्रामीणों के छोटे बच्चों की शिक्षा के लिए चलाएं जा रहे मुफ्त स्कूल की भूरी भूरी प्रशंसा किया। उन्होंने शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों से उनके कुशल छेम जाना उनकी शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं उस दौरान सर्दी के मौसम को देखते हुए उनके बीच गर्म वस्त्र जैसे फूल स्वेटर टोपी और बच्चों को चॉकलेट बिस्किट वितरित किया और जवानों के साथ दोपहर का भोजन ग्रहण किया। उप महानिरीक्षक ने संदेश दिया कि 172 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा बूढ़ा पहाड़ पर कैंप स्थापित कर एक अवर्गनीय कृतिमान स्थापित किया गया है। जो सीआरपीएफ के इतिहास में एक गौरव गाथा के रूप में निरंतर याद रखा जायेगा। इसके अतिरिक्त सभी को नववर्ष 2024 की आशीष शुभकामनायें दी। इस दौरान मौके पर 172 बटालियन के कमांडेंट एनके पांडे द्वितीय कमान अधिकारी अग्रेंद्र कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी कुलदीप कुमार नीरज कुमार सहायक कमांडो कैश प्रकाश सहायक कमांडेंट एम गौतम और अन्य जवान उपस्थित थे।

# बाबूलाल मरांडी का जन्मदिन भाजपाइयों ने मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी के द्वारा नगर ऊंटरी के जंगीपुर ग्राम के कपूर्री चौपाल पर झारखंड के पहले मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का 66वां जन्मदिन मनाया गया। मौके पर भाजपा नेताओं ने केक काटा और गरीब, असहाय, विकलांगों के बीच कंबल, मिठाई फल का वितरण किया। उक्त अवसर पर रामचंद्र केसरी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जनमानस के नेता है, उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कार्य काल में झारखंड के विकास के लिए भगीरथ प्रयास किया है, उन्हीं का देन है कि झारखंड के सभी प्राथमिक और मध्य विद्यालय में ग्राम शिक्षा समिति का गठन सर्व शिक्षा अभियान के तहत कराया और हजारों की संख्या में पारा शिक्षकों को बहाल किया। बाबूलाल मरांडी ने आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों को समाज के मुख्य धारा में लाने के लिए कई योजना चलायी है वें सभी समाज को लेकर चलने सभी समाज की उन्नति हो ऐसा कार्यक्रम बनाते आये हैं, वे झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बन कर झारखंड को एक नयी दिशा दी थी। श्री केशरी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के 66वें जन्मदिन पर गरीब, असहायों, विकलांगों, के बीच कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए कंबल और मिठाई, फल वितरण कर पूरे कार्यकर्ताओं का मन अहलादीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा में उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी और आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूरे झारखंड में दो तिहाई से ज्यादा सीट जीत कर प्रदेश में भाजपा के मुख्यमंत्री के रूप में बाबूलाल मरांडी को बैठायेगी।

मौके पर विजय केशरी,मथुरा पासवान, उमेंद्र यादव, आनंद कमलापुरी, अश्वनी कुमार, नईम खलीफा, सीताराम जायसवाल, राजेंद्र चौबे, धीरज जायसवाल, उमाशंकर प्रसाद, बुचु प्रसाद, सलीम अंसारी, वार्ड सदस्य, अनिल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

NATIONAL UNIVERSITY OF STUDY AND RESEARCH IN LAW, RANCHI
At Nagri, PO- Bukru, Kanke-Pithoria Road, Kanke, Ranchi 834006

Ref: NUSRL/RNC/2024/112148 DATE: 10.01.24

Very Short Tender Invitation Notice

NUSRL, Ranchi invites tender for NUSRL, Ranchi invites tender for (a) Mess Services (b) Canteen Services (c) Empanelment of Travel Agent ( Air & Train ticket) (d) Rental Taxi Service (e) Shifting of 10kva UPS

For detailed terms and conditions visit the University website www.nusrlranchi.ac.in. The last date of Submitting the sealed tender is 03/02/24, 05:00 PM. Which will be opened on item no. (a) 06/02/24 at 03:00 PM. (b) 07/02/24 at 03:00 PM (c) 08/02/24 at 03:00 PM (d) 08/02/24 at 04:00PM (e) 09/02/24 at 03:00 PM

Sd/-
Assistant Registrar (I/c)

PR 315725 Law(23-24)D

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, KODERMA

Sort e-Procurement Notice

Tender Reference No:- 01/BCD/EE/KODERMA/2023-24 Date:-10-01-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | CONSTRUCTION OF GUARD WALL IN CIVIL COURT AROUND NORTH & WEST SIDE BOUNDDRY WALL AND OTHER WORK,KODERMA |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 61,07,021.00 (Rupees Sixty One Lakh's Seven Thousand Twenty One Only) |
| 3. | Time of Completion | 6 (Six) Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 17.01.2024 , 11:00 AM |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 25.01.2024, 5:00 PM |
| 6. | Date & Time of opening of tender | 27.01.2024, 11:30AM |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Koderma |
| 8. | Contact no. of Procurement officer | 91029-79082 |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 91029-79082 |

Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Koderma

PR 315702Building(23-24)#D

हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

शुद्धि पत्र

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या UDD/HMC/HZB/41/2023-24, जिसका PR No. 314775 हैं, में निम्नलिखित रूप से संशोधन किया जाता है।

| Sl. No. | Last Date of | Dates as per NIT | Amended Dates |
|---|---|---|---|
| 1. | Last Date/Time for receipt of online bids | 08.01.2024 up to 05:00 PM | 13.01.2024 up to 05:00 PM |
| 2. | Date/Time of Opening bids | 09.01.2024 at 05:00 PM | 16.01.2024 at to 11:00 AM |

शेष सभी शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

PR 315801 Urban Development and Housing(23-24).D

RE-TENDER NOTICE
Office of the Additional Principal Chief Conservator of Forests, CAMPA, Jharkhand, Ranchi.
Van Bhawan Doranda, Ranchi-834002
e-mail : apccf-campa@gov.in, Phone : 0651-2481466 (O)

Ref:- PR No. 311387 Dated- 17.11.2023 RFP No: 02/2023 dated 09-11-2023

Proposals for "Training/Capacity Building of Stakeholders in the area of Climate Change on-behalf of State Climate Change Centre, Dept. of Forest, Environment and Climate Change, Government of Jharkhand".

Proposals are invited for "**Training/Capacity Building of Stakeholders in the area of Climate Change on-behalf of State Climate Change Centre, Dept. of Forest, Environment and Climate Change, Government of Jharkhand**" under budgetary support from Department of Science & Technology Govt. of India under National Mission of Strategic Knowledge of Climate Change (NMSKCC).

The proposal may be submitted to **Additional Principal Chief Conservator of Forest, CAMPA**, Van Bhawan, Doranda, Ranchi, Jharkhand -834002.

The Last date of Submission of Technical Proposal is 05th February, 2024 at 15:00 hrs. and opening of Technical Proposal at 10:30 hrs. on 06th February, 2024

The authority reserves right to reject any/all proposal without assigning any reason thereof.

The said details with Terms & Conditions can be downloaded from our Official website http://forest.jharkhand.gov.in and IPRD website http://prdjharkhand.in.

Sd/-
Additional Principal Chief Conservator of Forest, CAMPA
Department of Forest, Environment and Climate Change
Van Bhawan, Doranda,
Ranchi-834002, Jharkhand

PR 315822 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।
(जिला खेल शाखा)
दूरभाष : ............................Email ID : dsoramgarh48@gmail.com

पुनर्निविदा अति–अल्पकालीन निविदा

निविदा संख्या 03/2023–24 दिनांक 11/01/2024

निदेशक खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड रांची के पत्रांक 994 दिनांक 04.11.2023 के निदेशानुसार गत वर्ष की भाति इस वर्ष भी मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप (पुरूष एवं महिला) प्रतियोगिता–2023–24 हेतु प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पंचायत के खिलाड़ियों को खेल किट (यथा जर्सी–शॉट्स, बुट, मोजा, सिनगार्ड, गोलकीपर ग्लब्स, एवं टी–शर्ट) आपूर्ति हेतु GeMPotal के माध्यम से खेल किट क्रय करने हेतु अति अल्फकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के महत्वपूर्ण विवरणीः–

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | खेल किट (यथा जर्सी–शॉट्स, बुट, मोजा, सिनगार्ड, गोलकीपर ग्लब्स, एवं टी–शर्ट) |
| 2 | निविदा प्रकाशन तिथि (GeM Portalपर) | दिनांक 11/01/2024 |
| 3 | निविदा समर्पित करने का स्थान | GeM Portal (https://gem.gov.in |
| 4 | Earnest Money Depoosit (EMD) | Rs. 1,00.000/- (Only Demand Draft in Favour of "Districts sports officer, Ramgarhpayble at Ramgarh) |
| 5 | Tender Cost / Document fee | रूपये 1000/– (एक हजार) डिमाण्ड ड्राफ्ट (DD) (Non Refundable) |
| 6 | निविदादाता को खेल किट का सैम्पल, मूल डिमांड ड्राफ्ट एवं GeM Portal पर Upload किये गये कागजातों का हार्ड कॉपी (Index & Paging के साथ) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 22/01/2024 को पूर्वा0 11.00 बजे तक जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ (अनुमण्डल परिसर) |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि, समय एवंस्थान | दिनांक 22/01/2024 को अपराहन 12.00 बजे, समाहरणालय सभा कक्ष ब्लॉक "ए" (छत्तरमाण्डू, रामगढ़) |
| 8 | विस्तृत जानकारी हेतु | www.ramgarh.nic.in |

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़।

PR.NO.315813 District(23-24):D

# गांव-गांव में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अक्षत वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** श्री रघुवर जी के अवधपुरी में प्राण प्रतिष्ठा होना है निमंत्रण को स्वीकार करो अब सबको अयोध्या चलना है इसी के निमित्त विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में जोरी पंचायत के नीचे टोली कुटमू में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता घर-घर जाकर अयोध्या से आए अक्षत और पत्रक देकर 22 तारीख को अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठान को भव्य बनाने में जिस तरह से देश के सभी जगहौ पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता लगे हैं वैसे ही लोहरदगा जिला में हर एक मंदिर को भाभ्य बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता लगे हुए हैं। उस दिन सभी सनातन धर्म के लोग अपने-अपने घरों में मंदिरों में दीप जलाकर वहां आरती का कार्यक्रम करके अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि बने मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा करना है।इसी उद्देश्य से गांव गांव में अक्षत वितरण का कार्यक्रम किया जा रहा है।

# अमन साहू गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

मुकेश सिंह/ रूपेश अग्रवाल

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अमन साहू गिरोह के छः सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी प्रेस वार्ता का आयोजन कर लातेहार के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने दी। उन्होंने बताया इनके द्वारा ही पिछले दिनों तुबेत कॉल माइंस के कंट्रोल रूम में आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। इनके द्वारा पिछले तीन चार महीने में कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इन्होंने ही रेलवे कर्मचारी पर गोलीबारी की घटना को भी अंजाम दिय था। यह ग्रुप लातेहार और चतरा में पिछले तीन चार माह से सक्रिय थे। हमें गुप्त सूचना



मिली कि जेल से कुख्यात अपराधकर्मी अमन साव अपने सहयोगी मयंक सिंह एवं जेल में ही बन्द सहयोगी अपराधकर्मी आशीष कुमार साव उर्फ विशाल जी उर्फ पकौड़ी के साथ मिलकर अपने गिरोह का संचालन कर रहा है तथा अमन साव एवं मयंक सिंह के कहने पर बालूमाथ थाना अन्तर्गत ग्राम कुरियाम खुर्द का रहने वाला रोहित कुमार अपने अन्य सहयोगियों के साथ कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है एवं अमन साव के कहने पर रोहित कुमार अपने कुछ सहयोगी अपराधकर्मी के साथ मिलकर बालूमाथ थाना क्षेत्र में व्यवसायी या ठिकेदार के यहाँ रंगदारी नहीं देने के बदले हत्या एवं आगजनी करने की योजना करमकटवा जंगल, कुरियाम खुर्द में बना रहे है। उक्त सूचना के आधार पर बालूमाथा अंचल शशिरंजन कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा करमकटवा जंगल, कुरियाम खुर्द में छापामारी कर रोहित कुमार, सुजीत यादव उर्फ गोला, मनोहर यादव, सरहुली भूईंयाँ, इब्राहिम अंसारी उर्फ गुड्डु, एवं सनोज यादव को गिरफ्तार किया गया। इनके निशानदेही पर इन घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार (दो पिस्टल), जिन्दा गोली एवं मोबाइल फोन, राऊटर बरामद किया गया है।

छापामारी टीम में बालूमाथ अंचल के पुलिस निरीक्षक शशिरंजन कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार महतो, चंदवा थाना प्रभारी शुभम कुमार, हेरहंज थाना प्रभारी नितिश कुमार, राहुल कुमार मेहता धीरज कुमार, कुबेर साव कैलाश बाड़ा और बालुमाथ, हेरहंज एवं चंदवा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# केसीसी योजना का लाभ दिलाने को लेकर हुई बैठक



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रखंड विकास पदाधिकारी कक्ष मे ब्लाक लेबल बैंकर्स समिति (बीएलबीसी) की बैठक बीडीओ पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में आहुत की गई। बैठक मे मुख्य रूप से अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) निवेंदू कुमार प्रखंड मे संचालित सभी बैंक के अधिकारी व भीएलई के उपस्थिति मे एलडीएम ने बैठक में चर्चा करते हुए कहा कि पीएम सम्मान निधि के लाभार्थी कृषक को शत प्रतिशत केसीसी योजना के लाभ से लाभान्वित व आच्छादित करना है। इसके तहत प्रखंड के सभी ग्रामों में ग्राम सभा के माध्यम से केसीसी योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित करने को लेकर बैठक में चर्चा की गई। वहीं इस अवसर पर प्रविपदा0 पवन कुमार महतो ने कहा कि ब्लाक और बैंक के बीच सामंजस्य आवश्यक, लक्ष्य के अनुरुप योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को देने हेतु ब्लाक से स्वीकृत की गई। आवेदन को बैंक कर्मी शीघ्रतापूर्वक स्वीकृत कर आवेदकों को पहुंचाये लाभ। मौके पर बैठक में उपरोक्त अधिकारियो के अलावा अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय के अधिकारी निशांत सिंह, झारखंड ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक निशा कुमारी, बैंक आफ इंडिया के शाखा प्रबंधक रवि कुमार झा, भीएलइ अर्शद अंसारी इत्यादि बीएलबीसी के बैठक में उपस्थित थे।

# अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, दो युवक घायल

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** टाटी कैरो मुख्य पथ टाटी नर्सरी के समीप गुरुवार की दोपहर एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हादसे में बाइक में सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को कुडू अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा दोनों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।घायल युवकों की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के सिंजो नावाटोली निवासी जितेंद्र उरांव और रमेश भगत के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनो कुडू साप्ताहिक बाजार आरहे थे तभी टाटी नर्सरी के समीप उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

# झामुमो ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया

झामुमो कार्यकताओं नें मरीजों के बीच फल और कंबल वितरण कर मनाया 80वां जन्मदिन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष झारखंड अलग राज्य के नायक पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन का लोहरदगा झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में 80वां जन्मदिन काफी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने दिशोम गुरू शिबू सोरेन के जन्मदिन पर केक काटकर एवं सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत मरीजों के बीच फल और कंबल वितरण कर लंबी उम्र की कामना किया गया। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के जननायक पार्टी सुप्रीमो दिशोम गुरू शिबू सोरेन के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर लोहरदगा जिला में झारखंड मुक्ति मोर्चा को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई जाएगी। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने अलग राज्य के लिए लंबे समय तक आंदोलन जारी रखा तब जाकर झारखंड अलग राज्य का निर्माण हुआ। झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन ने झारखंड राज्य को अलग राज्य बनाए जाने और झारखंड वासियों को अपनी पहचान दिलाने को लेकर काफी संघर्ष किया। जिससे आज झारखंड अलग राज्य का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश के निमार्ता दिशोम गुरू ने झारखंड वासियों को अपनी पहचान और हक अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाने का कार्य कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला में पार्टी को मजबूती प्रदान करने में सभी कार्यकताओं की भूमिका सुनिश्चित हो ताकि लोहरदगा जिला के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की पहुंच और पार्टी के नीति सिद्धांतों से यहां के जनता जुड़कर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का शत-प्रतिशत ससमय लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि आगामी फरवरी माह के पहले सप्ताह में लोहरदगा जिला में झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की जुटान होगी। झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने इसे लेकर पार्टी कार्यकताओं को अभी से ही तैयारी में जुट जाने की बात कही। मौके पर केंद्रीय सदस्य समीद अंसारी, जिला सचिव अनिल उरांव, युवा जिलाध्यक्ष अजय उरांव, महिला जिलाध्यक्ष सरिता भगत, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सतीम टोप्पो, अल्पसंख्यक जिला सचिव मंसूर अंसारी, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी, कुडू प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव, सदर प्रखंड अध्यक्ष बुद्धिमान उरांव, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर राम, अफरोज अंसारी, साकिर हुसैन अंसारी, इसरार अहमद, बालमुकुंद लोहरा, खुर्शीद अंसारी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेडिकल खुलना हमारे ग्रामीण क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धि: पवन कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो ।** कैरो प्रखंड क्षेत्र के ग्राम चरिमा शहादत मोड़ के समीप एच एस मेडिकल का उद्घाटन के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार एवं विशिष्ट अतिथि एम बी बी एस गोल्ड मेडलिस्ट रिम्स डॉक्टर आकाश कुमार के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने बताया कि इस तरह से मेडिकल खुलना हमारे ग्रामीण क्षेत्र में बहुत ही बड़ी उपलब्धि है और साथ ही हमारे छोटे-बड़े गांव की जरूरत लोगों की अच्छी सेवा उपलब्ध हो पाये। प्रखंड अंजुमन सेक्रेटरी समीर अंसारी ने बतलाया कि इस तरह के गांव घर में दुकान खुलने से गरीब तबका के लोगों को काफी फायदा पहुंचेगा और उचित मूल्य में ब्रांड कंपनी के दवाइयां मिलेगी। इस उद्घाटन में मेडिकल संचालक आशिफ अंसारी, इंपीरियल पब्लिक डायरेक्टर इरशाद अंसारी, शिक्षक अरविंद यादव, रेहान अंसारी, सुशांत मिंज, प्रखंड अंजुमन सेक्रेटरी समीर अंसारी नायाब सेक्रेटरी महबूब अंसारी, गंगा साहू, बृजकिशोर मिश्रा, भानु प्रताप शाह एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# संस्कृति संध्या कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले संस्कृति संध्या कार्यक्रम की तैयारी को लेकर गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सरकारी विद्यालय, निजी विद्यालय, स्थानीय कलाकारों, जनजातीय कलाकारों और संगीत/ वाद्य यंत्र के लिए नामों का प्रस्ताव दिया गया। इसमें विभिन्न नामों को स्क्रीनिंग समिति के समक्ष रखे जाने का निर्णय लिया गया। आज की बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज व विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/ प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# डीसी ने निर्माणाधीन एकलव्य विद्यालय की ली जानकारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा ।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा किस्को प्रखंड में निर्माणाधीन एकलव्य आवासीय विद्यालय और अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में स्वीकृत कार्यों के प्रगति की जानकारी ली। उपायुक्त ने एकलव्य आवासीय विद्यालय किस्को के निमार्णाधीन भवन के गुणवत्ता की जानकारी ली व आवश्यक निर्देश दिए। अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में स्वीकृत कार्यों के प्रगति की जानकारी ली व निर्देश भी पदाधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण उरांव, एपीओ, पीपीआइए फेलो समेत अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने नैतिकता की सारी हदों को तिलांजलि दे दी : ओम सिंह

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के भव्य मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधिर रंजन चौधरी के द्वारा नियत्रंण ठुकराये जाने की तीव्र निंदा की है। भाजपा नेता ने कहा है कि कांग्रेस ने नैतिकता की सारी हदों को तिलांजलि दे दी है। कांग्रेस के नेताओं के द्वारा ऐसा निर्णय लेकर सनातनी भावनाओं को आहत किया है। कांग्रेस के इस निर्णय का भाजपा नेता राजमोहन राम, अजय पंकज,संजय बर्मन, दिपक सर्राफ, मिथुन तमेड़ा, शशिभुषण सिंह, मनीष शिखर, विश्वजीत शाहदेव, निधीकांत प्रसाद, अतुल कुमार ने भी घोर भर्त्सना की है।

# शिबू सोरेन के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में बांटे फल और ब्रेड

मुकेश कुमार सिंह

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा झारखंड के जननायक एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के 80वें जन्मदिवस के अवसर पर चंदवा प्रखंड के झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नौशाद अंसारी के सौजन्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में मरीज एवं कर्मियों के बीच नाश्ता फल और मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नीलिमा कुमारी, डॉक्टर मनोज कुमार, डॉक्टर कंचन बाड़ा, बीपीएम मीरा केसरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।



गुरु जी के जन्म दिवस के अवसर पर जेएमएम नेता तथा कार्यकर्ता वितरण किए जाने वाले सामग्रियों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और वहां डॉक्टरों की टीम के साथ उन्होंने सभी वार्डों में जाकर रोगियों के बीच फल एवं मिठाई का वितरण किया तथा माननीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के लंबी उम्र एवं स्वास्थ्य की कामनाओं के साथ सभी मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की।

उक्त अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के शामू अंसारी, महमूद अंसारी, रियाजुल अंसारी, मन्नवर अंसारी, सुदामा कुमार, अख्तर अंसारी, इम्तियाज अंसारी, स्वास्थ्य कर्मी रमेश राम, प्रवीण कुमार, अंजू सिन्हा, जयंती कुमारी, जोशीला लकड़ा आदि उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में वृद्धि को रोकने के लिए चलाया गया वाहन जांच अभियान



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना अनंतर्गत जोगना मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में हो रही वृद्धि को रोकने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निदेर्शानुसार जिला सड़क परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वही वाहन जांच के दौरान दो पहिया,चार पहिया वाहन सहित अन्य सभी वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान जिला सड़क परिवहन पदाधिकारी अमृतेश्वर गिरी ने जानकारी देते हुए बताया कि दर्जनों बाइक से लगभग 26 हजार जुमार्ना वसूला गया। साथ ही मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट पहन कर वाहन चलाने का निर्देश दिया गया। चार पहिया वाहन के मालिकों को वाहन का कागज साथ में लेकर चलने के लिये सख्त चेतावनी दी गयी। यातायात प्रभारी एएस संतोष कुमार ने कहा कि आये दिन सड़क दुर्घटना होने के कारण वरीय पदाधिकारियों द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। मौके पर एस आई गणेश कुमार यादव दल बल के साथ मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी पर चित्रकला का प्रतियोगिता रखा गया था। इस में लगभग 60 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इसमें साना फिरदेश, सुशीला कुजुर और सानिया परवीन ने स्वामी विवेकानंद जी पर भाषण दी। निदेशक वी. के. बालाजिनप्पा ने विवेकानंद जी को भारत के इतिहास के पन्नो में ध्रुव तारा, देश प्रेम के वीर संयासी सनातन धर्म के धर्म गुरु बताते हुए उनका महत्वपूर्ण कार्य सिद्धान्तों और आज के पीढ़ियों का मार्ग दर्शन आदि विस्तार से बताया। शोभा विश्वकर्मा ने पूर्व प्रधान मन्त्री लाल बहादुर शास्त्री जी को श्रधांजलि देते हुए उनके बारे में विस्तार से बतायी। चित्र काला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अमन कुमार दूसरे स्थान पर इशांत पन्ना और तीसरे स्थान पर प्रियंवदा प्रत्युषा तथा कृष्णा कुमार और अनमोल कुमार ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीकेत, नूर जहां, कहकशा, रीतिका आदि शिक्षकों का सहयोग रहा ।

# जन समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरेगी आजसू: नीरू शांति भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के जिले, प्रखंड एवं नगर के पदाधिकारी एवं युवाओं के साथ एक बैठक गुदरी बाजार स्थित मुंद्रिका बैंकट हॉल में संपन्न हुई। इस बैठक में सभी प्रखंडों एवं नगर के पदाधिकारी एवं युवा गण उपस्थित हुये। इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन का विस्तार करने एवं जिले में व्याप्त जन समस्याओं पर विशेष चर्चा की गई। पदाधिकारियो एवं कार्यकताओं ने कहा कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है लेकिन इन समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। बैठक को केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत ने कहा की लगातार संगठन का विस्तार हम लोगों के द्वारा किया जा रहा है। आने वाले समय में पंचायत स्तर पर एवं ग्राम स्तर पर संगठन का और विस्तार किया जाएगा। जन समस्याओं को लेकर आजसू पार्टी अब सड़क पर उतरकर आंदोलन करने का कार्य करेगी। बैठक को केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव ,पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह केंद्रीय सदस्य परमेश्वर भगत जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शाहिद अंसारी सहित अन्य लोगों ने कार्यकताओं को संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता नगर अध्यक्ष अशोक साहू नगर कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता, मीर आरिफ छोटू , गुड्डू प्रसाद गुप्ता प्रधान सचिव कुमार अभिषेक, आजसू के वरिष्ठ नेता इकरामुल अंसारी कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान साजिद कलाल विजय उरांव रमेश बैठा भंडरा प्रखंड अध्यक्ष आकाश यादव कैरो प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर उरांव लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष रूपेश उरांव किस्को प्रखंड अध्यक्ष अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

# ग्रामीण स्कूली बच्चों के बीच किया गया जूतों का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट के तत्वाधान में ग्रामीण स्कूली बच्चों के बीच जूतों का वितरण किया गया। लोहरदगा के पेशरार प्रखंड में पहाड़ो में स्थित मुगो स्कूल के बच्चों के बीच जूते बांटे गए हैं। यह सब वितरण कार्य शीला गर्ग,कीर्ति गर्ग, विकास कुमार गर्ग राधिका और पुत्र- केशव गर्ग एवं गर्ग परिवार के सभी सदस्यों के सहयोग से किया गया है। इस पुण्य कार्य के प्रेरणा स्त्रोत आचार्य अशोक रहे है। जूता वितरण के मौके पर ट्रस्ट सदस्य रोहित साहू और आर्य समाज से निरज कुमार उपस्थित रहे।

# आर्मी मैन बनकर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी ने गैस एजेंसी संचालक से 147300 रुपये की ठगी की**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला ।** आर्मी मैन बनकर गुमला चेटर निवासी गैस एजेंसी संचालक विशेष कुमार आनंद को ठगी के जाल में फंसाकर 147300 ठगी करने के आरोपी राजस्थान के डिंग जिला अंतर्गत धूलवारा निवासी 28 वर्षीय रकीब खान को गुमला पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया। गुरुवार को एसपी हरविंदर सिंह ने अपने कार्यालय परिसर में प्रेस वार्ता का आयोजन कर पूरे मामले का खुलासा किया। पुलिस ने एक स्मार्टफोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य सामान बरामद किया है। एसपी ने बताया कि 4 जनवरी को विशेष कुमार आनंद के मोबाइल नंबर पर एक कॉल आया। जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को आर्मी का बंदा बताया और बोला कि चेटर स्थित सरकारी विद्यालय में आर्मी का कैंप लगा है। जिसके लिए 19 किलो वाला 10 पीस सिलेंडर रिफिल चाहिए और आर्मी के मेजर जोरा सिंह पेमेंट के लिए कॉल करेंगे। इसके बाद एक दूसरे नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया और बोला गया की पेमेंट का तरीका आर्मी में दूसरा होता है। पहले आप कुछ अमाउंट भेजें, फिर आर्मी के बैंक खाता से उसका दोगुना रकम आपको भेजा जाएगा। इस जाल में फंसाकर विशेष कुमार आनंद से 1,47,300 का ठगी कर लिया। पीड़ित द्वारा अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जिस पर कारवाई करते हुए एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। तकनीकी शाखा, साइबर सेल के सहयोग से राजस्थान से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

# हिरासत में लिये गये लोगों के परिवार वालों ने किया थाना का घेराव




आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के सतकोनवा में माओवादियों द्वारा बॉक्साइट माइन्स क्षेत्र में वाहन जलाने की घटना के बाद पुलिस के द्वारा पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस कड़ाई से पूछताछ कर रही है। वहीं हिरासत में लिए गए लोग के परिवार वालों के अलाव गांव के सैकड़ो महिला पुरुषों ने घाघरा थाना का घेराव किया और कहा कि पूछताछ के नाम पर पुलिस कई दिनों से हमारे परिजनों को प्रताड़ित कर रही है। जिनको पूछताछ के लिए लाया गया है वे लोग मजदूरी का कार्य करके अपना जीवन यापन करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार मईलापाठ के सुनील उरांव भैंस बाथान के राजेंद्र उरांव सनई गांव के कपिंद्र उरांव और जालिम गांव के बलिराम उरांव को पुलिस थाना लेकर आई है। ग्रामीणों ने बताया कि बलिराम उरांव बाजार बिशनपुर मंगलवार को आया था। उसी दिन बाजार से ही थाना बुलाकर लाया गया है। जिससे अब तक नहीं छोड़ा गया है। जिसके बाद राजेंद्र कपिंद्र और सुनील को भी पुलिस उनके घर से जाकर लायी है।

## सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित




**बसिया (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर शिक्षा विभाग बसिया द्वारा सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत स्कूली बच्चे गांव घर गली मोहल्ले में जाकर सीटी बजाकर बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक करने का कार्य किये। इस दौरान बच्चो द्वारा बैनर पोस्टर लेकर भी सड़को पर रैली निकाली गयी।

## छात्रों ने सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ जागरूकता रैली निकाली



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मॉडल विद्यालय सहित सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षक, शिक्षिका एवं छात्र छात्राओं ने सीटी बजाओ,उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम के निमित अपने अपने पोषक क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली । इस दौरान छात्र छात्राओं ने सीटी बजाया एवं सीटी बजाओ ,स्कूल बुलाओ का नारा लगाया । कार्यक्रम के तहत स्कूल नहीं आने वाले बच्चों को स्कूल आने के लिए जागरूक किया गया । इस मौके पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

## अयोध्या से आये पूजित अक्षत का वितरण



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कामडारा के सालेगुटू व तुरबुल में अक्षत वितरण घर से प्रारंभ किया गया इसी बीच पूजित अक्षत का वितरण 15 जनवरी तक चलेगा। वही विहिप अध्यक्ष गुलाबचंद साहू के अगुवाई में सालेगुटू गांव में हर घर तक अयोध्या से आए अक्षत और राम मंदिर चित्र का वितरण किया गया। 22 जनवरी को दीया जलाकर दिवाली मानने को कहा गया। क्षेत्र के हिन्दू धर्म के सभी लोगो से कहा गया की यह हमारी सनातन प्रतिष्ठा की पुर्नस्थापना का अवसर है। सभी वर्ग के लोग इन पूजित अक्षतों के माध्यम से इस अवसर का साक्षी बनने के लिए आमंत्रित हैं। 22 जनवरी को सभी लोग अपने घरों मंदिरों और देवस्थानों पर उस दिन उत्सव मनाकर प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुसार श्रीराम ज्योति जलाकर दीपावली मनाएं। अक्षत देते समय लोगों से अनुरोध किया जायेगा कि सभी अपने आसपास के मंदिरों में एकत्र होकर उत्सव मनाएं। विहिप सालेगुटू पंचायत अध्यक्ष गुलाबचंद साहू,अरुण साहू,श्रध्दानंद साहू,शिवम् साहू, लालधारी साहू, के साथ महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

# राष्ट्र को विकसित बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा: आशा लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत ब्लॉक परिसर भरनो में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे मुख्य अथिति भाजपा राष्ट्रीय मंत्री सह पश्चिम बंगाल प्रदेश प्रभारी आशा लकड़ा, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाडा, गुमला पूर्व विद्यायक शिवशंकर उरांव उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने कहा कि देश के आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार देश को वर्ष 2047 तक राष्ट्र को विकसित बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही हैं। विकसित भारत बनाने में जन जन की सहभागिता और केन्द्र सरकार द्वारा देश के हर जरुरतमंद व गरीबी रेखा में जीवनयापन करने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान चलाया जा रहा है। वहीं जीप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के दो कार्यकाल में अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं यथा पीएम आवास योजना, उज्जवला योजना, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा योजना, जन धन योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, शौचालय व हर घर नल जल योजना, अटल पेंशन योजना, पेंशन व बीमा योजना सहित दर्जनों जन कल्याणकारी योजनाओं का जानकारी दी।

मौके पर प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव, सांसद प्रतिनिधि रामनन्दन साही, बीडियो अरुण कुमार सिंह, सीओ अविनाश कूजूर, लालमोहन साहू, मुरारी केशरी, बिट्ठू गुप्ता, जेएसएलपीएस बीपीएम कुणाल प्रसाद, शंकर साही, नेसार खान, गोपाल अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के कर्मी, उत्तरी पंचायत मुख्या मंजू देवी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे ।

## युवक ने गले में चाकू घोंप कर की आत्महत्या

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुरडेगा निवासी सूजन केरकेट्टा 23 वर्ष अपने गला में चाकू से वार कर आत्महत्या कर लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बसिया थाना क्षेत्र के कुरडेगा निवासी सूजन केरकेट्टा दिन के लगभग दस बजे अपने कमरे में बंद होकर चाकू से खुद के गले मे वार कर घायल हो गया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी।परिजनों द्वारा काफी देर तक कमरे के अंदर होने के कारण कमरे को खोलने के लिए आवाज दिया जब कमरे से आवाज नहीं आया तो दरवाजे को तोड़ते हुए कमरे में घुसे तो सूजन की मृत्य हो चुकी थी तभी परिजन बसिया पुलिस को घटना की सूचना दिया गया। घटना की सूचना पर बसिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये गुमला भेज दिया है । इस संबंध में बसिया पुलिस ने कहा की घटना के सम्बंध में जांच किया जा रहा है।

# किरायेदारों से पहचान पत्र लें : थाना प्रभारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** शहर में बढ़ते चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाने को लेकर गुरूवार को गुमला थाना में थाना प्रभारी विनोद कुमार की अध्यक्षता में चेंबर के सदस्यों व व्यपारियों की बैठक हुई। बैठक में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि शहर में जो भी लोग अपने घरों को किराये में देते हैं वे किरायेदार से उसका पहचान पत्र जरूर लें। ताकि किसी तरह की घटना होने पर उसकी पहचान की जा सके। मकान मालिक अगर बिना आईडेंटिफाई के अगर किसी को रखतें है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। घर व प्रतिष्ठान के सामने व पीछे वाले हिस्से में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया। जिसे चोरी की घटना को रोका जा सके। वहीं शहर के सभी होटल मालिकों से होटल में ठहरने वाले लोगों की इंट्री आईकार्ड लेकर ही करने की बात थाना प्रभारी ने कही। बैठक में व्यापारियों ने भी बढ़ते चोरी की घटना को देखते हुए कई प्रस्ताव रखे और शहर के गलियों में भी पुलिस गश्ती करने की मांग की।

## ट्रक और पिकअप में भिड़ंत, दो घायल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला रांची नेशनल मार्ग खोरा के समीप बुधवार की आधी रात ट्रक व पिकअप में सीधी टक्कर हो गई। घटना में पिकअप में सवार बागबहार छत्तीसगढ़ निवासी राजकुमार चक्रवर्ती और नंदू खड़िया घायल हो गए। घटना की सूचना पर गुमला थाना के एस आई कुंदन कुमार वर्मा घटनास्थल पहुंचे और दोनों वाहनों को जप्त कर लिया। वही दोनों घायल को सदर अस्पताल लेकर आए जहां दोनों का इलाज किया गया। वही बताया कि पिकअप में टमाटर लोड था और वह रांची से जशपुर की ओर जा रहा था वहीं विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गया।

## विक्षिप्त ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के आंजन गांव में मानसिक विक्षिप्त हुमेश महतो (35) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि हुमेश महतो का तीन माह से दिमागी हालत ठीक नही था। वह गुरुवार की सुबह अपने दूसरे घर में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे उसकी मौत हो गयी।

# राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय में 'सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ' अभियान चला

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला ।** राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोरा में 'सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ' अभियान चलाया गया। यह अभियान झारखण्ड के सभी सरकारी विद्यालयों में छात्र छात्राओ की उपस्थिति बढ़ाने हेतु लागू किए गए एक अनूठी पहल है। इस आंदोलन के सकारात्मक परिणाम को देखते हुए इसे व्यापक स्तर पर एक जन-आंदोलन के रूप में स्थापित किया जा रहा है।

इस अभियान को करने पूर्व विद्यालय स्तर पर तैयारी की गई। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओ को टोलों के आधार पर बाँट कर उन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया जहाँ से बच्चे की उपस्थिति कम है। बच्चे 8:30 में सीटी बजाते हुए विद्यालय पहुँचते हैं, जिससे नहीं आने वाले बच्चे प्रेरित होकर विद्यालय आ रहे हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेशमा कुमारी ने बताया कि इस अभियान से बच्चों में काफी उत्साह है तथा आ रहे हैं। विद्यालय में उपस्थिति बढ़ने के आसार नजर आ रहे हैं। 'सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओं ' अभियान में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, एव छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया । इस अभियान में रेशमा कुमारी, शिलानन्द तिर्की मो० एहसान, बसन्ती खेस, रीता कुजूर, स्नेहलता तिग्गा, नेहा गुंजन गिध्द, बिन्दु कुमार जयन्त कुमार पाण्डेय, अनिता चिन्ता पन्ना, ज्योतिषाला मिंज, पुष्पा कुमारी, प्रियंका प्रसाद, सीमा, कुजूर, गीता देवी, रामकैलाश सिंह, एवम सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# विश्व चैंपियन फुटबॉलर ने खिलाड़ियों को दिये नये ट्रिक्स

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला ।** फ्रीस्टाइल फुटबॉल के विश्व चैंपियन और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जर्मनी के पैट्रिक बौरर और पोलैंड की अगुस्का मनिच गुरुवार को खेल नगरी गुमला पहुंचे। गुमला के संत इग्नेशियस हाई स्कूल के जुबली स्टेडियम में दोनों फुटबालर का विद्यालय परिवार को खिलाड़ियों की ओर से गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। पैट्रिक बौरर और अगुस्का मनिच ने फ्रीस्टाइल फुटबॉल का प्रदर्शन कर गुमला के प्रशिक्षु खिलाड़ियों को बेहतर खेल के टिप्स भी दिए। यह आयोजन सेलियेंस फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित की गई। फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर प्रमिला देवी व सह-संस्थापक ब्रह्मदेव कुमार ने बताया कि सेलियेंस फाउंडेशन एक गैर सरकारी संस्था है। गांव व शहर के प्रतिभावान बच्चों को खेल के माध्यम से मंच देना हमारा मकसद है। फुटबॉल के क्षेत्र में में नए ट्रेंड के प्रति जन जागरूकता इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। टीम में 11 खिलाडियों के बीच युवा एकल प्रदर्शन कर फ्रीस्टाइल फुटबॉल में अपना प्रोफेशनल करियर बना सकते हैं। इसमें कोहनी व हाथों को छोड़कर, शरीर के किसी भी हिस्से का फुटबॉल का करतब दिखाकर दर्शकों का मनोरंजन करा सकते हैं। प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ ट्रिक्स, नृत्य, कलाबाजी और संगीत का भी संयोजन कर सकते हैं। इस आयोजन में विद्यालय प्रधानाध्यापक फादर मनोहर खोया, फुटबॉल कोच मो रिजवान अली व सेलीयेंस फाउंडेशन के संस्थापक नीलकंठ कुमार, चन्दन कुमार, राहुल कुमार, प्रांजल सिंह, आलोक कुमार आदि उपस्थित थे।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**भरनो (आजाद सिपाही) ।** प्रखंड संसाधन केंद्र भरनो के अंतर्गत कन्या मध्य विद्यालय भरनो की सभागार में प्रथम कक्षा के बच्चों के भाषाई/घर की भाषा कौशल क्षमता विकास हेतु छात्र-छात्राओं के लिए उनके भाषाई को अंदर छिपी प्रतिभाओं को उनके मातृभाषा के अनुकूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने हेतु शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया जिसमें बतौर प्रशिक्षण कर्ता के रूप में प्रखंड साधन सेवी सह प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी भरनो , समीम एजाज और मास्टर ट्रेनर विनोद कुमार (शिक्षक) शामिल हुए और प्रखंड के सभी कर्मी सभी सीआरपी सभी बीआरपी उपस्थित हुए साथ ही साथ प्रखंड के सभी विद्यालयों के शिक्षक, प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित हुए तत्पशचात भाषाई सर्वेक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

# तमिलनाडु में फंसे मजदूरों को तुरंत राहत दे सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन ने तमिलनाडु में फंसे गुमला के मजदूरों को सकुशल वापस लाकर स्थायी काम देने तथा उनके द्वारा भरे गए रुपए का भरपाई करते हुए दोषियों पर राज्य सरकार व जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। यूनियन ने यह भी कहा है कि कमाने खाने वाले मेहनतकश मजदूरों का कोई मां-बाप नहीं है। सरकार केवल बड़ी-बड़ी घोषणा से काम चला रही है। जिले से पलायन व मानव तस्करी का ग्राफ बढ़ते जा रही है जिसको रोकने के लिए राज्य व केंद्र सरकार के पास कोई ठोस योजना नहीं है। यही कारण है की मेहनत कर रोजी-रोटी चलाने वाले गरीब मजदूर तरह-तरह से शोषण का शिकार होने को मजबूर हैं, जिसे झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन बर्दाश्त नहीं करेगी। जल्द मजदूरों की वापसी नहीं हुई तो झारखंड नवनिर्माण दल आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# अनियमितता बरते जाने की शिकायत मिलते ही प्रखंड प्रशासन ने जाकर किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा ।** कामडारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय कामडारा के परिसर मे बन रही सरकारी भवन के निर्माण कार्य मे अनियमितता बरते जाने की शिकायत मिलते ही प्रखंड प्रशासन ने किया जाकर किया निरीक्षण और निर्माण कार्य से जुड़े मुंशी को फटकार लगाते हुये निर्माण कार्य मे सुधार लाने का निर्देश दिया। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड कार्यालय परिसर मे प्रखंड कर्मियों के रहने के लिये भवन निर्माण विभाग की ओर से करोड़ों रुपये की लागत से सरकारी क्वार्टर भवन का निर्माण कार्य कार्य कराया जा रहा है। वहीं भवन निर्माण का कार्य शुरू होते ही अनियमितता बरते जाने का मामला उजागर हुई है।बताया जा रहा है कि उक्त निर्माण कार्य से जुड़े कर्मियों के द्वारा नींव के लिये बिछायी गई सोलिंग मे पुराने भवन के ईट का उपयोग किया जा रहा है। इधर आज गुरुवार को इसकी शिकायत मिलने पर कामडारा बीडीओ निशा तिर्की और सीओ सुप्रिया एक्का कार्यस्थल पर जाकर निरीक्षण किया तो पाया कि सही मे पुराने ईट का उपयोग किया जा रहा है। इस पर दोनो अधिकारियों ने निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे मुंशी रंजन सिंह को फटकार लगाते हुये तुरंत सभी पुराने ईट को वहां से बाहर निकालने का निर्देश दिया।वहीं बीडीओ ने मुंशी से उक्त निर्माण कार्य से जुड़े ठिकेदार व अभियंता के बारे में पूछा तो उसने बताया कि कशिश कंस्ट्रक्शन रांची के ठिकेदार रामाकांत सिंह के द्वारा कराया जा रहा है।

## ग्रामीण के घर को हाथी ने किया ध्वस्त

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत गांगड़ा निवासी सुजीत केरकेट्टा के घर को बुधवार की रात लगभग 11.30 बजे जंगली हाथी पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है,जिससे उसे रहने की समस्या उत्पन्न हो गयी है। लोगो ने बताया कि यह हाथी अभी बनई जंगल मे है। लोगों की माने तो यही हाथी पूरे बसिया ओर कामडारा क्षेत्र में विचरण कर रहा है और लोगो के घर, फसल आदि को नुकसान पहुंचा रहा है।एकल हाथी के इस तरह घूमने से लोगो मे भय बना हुआ है की यह कब किस क्षेत्र में आ जायेगा उसका कोई पता नही रहता है।

महत्वपूर्ण न्यूज

## राम मंदिर उद्घाटन पर हुसैनाबाद के छठ पोखरा पर जलाये जायेंगे 11 हजार दीये



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने गुरुवार को विज्ञप्ति जारी कर सभी राम भक्तों से आह्वान किया कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि में श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व भव्य मंदिर का उद्घाटन भारत एवं समस्त विश्व में रहने वाले सभी सनातनियों के लिए गौरवशाली क्षण होगा। यह त्रेता युग की पुनरावृत्ति जैसा है। उन्होंने कहा कि जब भगवान श्रीराम 14 वर्ष का कठिन वनवास पूरा कर अयोध्या वापस लौटे थे तब समस्त अयोध्यावासियों ने दीए जलाकर उनका स्वागत किया था। वही घड़ी आज फिर से हमारे सामने आई है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक और अभूतपूर्व उपलक्ष्य पर हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा में भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। हुसैनाबाद के छठ पोखरा पर 11 हजार दीपों को प्रज्वलित किया जाएगा। साथ ही पोखर में सरयू का पवित्र जल अर्पण किया जाएगा। उन्होंने सभी राम भक्तों से आग्रह किया कि वह भी इस भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कम से एक दीया प्रभु श्री राम के नाम पर प्रज्जवलित करें।

## सीनियर वॉलीबाल प्रतियोगिता : महिला वर्ग में गोड्डा और पुरुष वर्ग में सीआइएसएफ बना विजेता



**मेदिनीनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** 23वां जेसी बोस सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता (पुरुष) व महावीर उरांव सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता (महिला) के पांचवे दिन महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में गोड्डा ने वेस्ट सिंहभूम को 25-17, 18-25, 19- 25, 25-8, 16-14 से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। वहीं पुरुष वर्ग में सीआइएसएफ व रांची के बीच एकतरफा मुकाबले में सीआइएसएफ ने जीत हासिल कर फाईनल मुकाबला का सेहरा अपने नाम बांधा। सीआइएसएफ ने सीधे सेट में 25-17, 25-11 व 25-17 से रांची को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के समापन के बाद एसी सुरजीत सिंह, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी,आयोजन समिति के संरक्षक सुरेश जैन, अविनाश देव, सोनू सिंह नामधारी, मुमताज खान, वालीबॉल एसोसिएशन के प्रदेश सचिव शेखर बोस की उपस्थिति में सीआइएसएफ व गोड्डा को विजेता ट्राफी प्रदान की गई। रेफरी की भूमिका संजय गुप्ता, बसंत कुमार नायक, सतीश चौधरी, राहुल कुमार, धनुरंजन शर्मा, सुनील राय व हरे राम ने निभाई। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन समिति के सचिव दुर्गा प्रसाद जौहरी, मीडिया प्रभारी नवीन तिवारी, सतीश तिवारी उर्फ ओम तिवारी, राजीव रंजन पांडेय, सुधीर दूबे, इम्तियाज अहमद नजमी, रुपा सिंह, मनोज जैन, ललन सिन्हा, सनत चटर्जी, हरि शंकर सिंह, महेश तिवारी, बीएम पांडेय, प्रसेनजीत, साबीर अली, अनवर, राज कुमार गुप्ता, मनीष भिवानिया, प्रेम शंकर गुप्ता, संजय राज आदि सक्रिय रहे। वहीं, सेलेक्टर में अमरजीत खड़े, नवीन कुमार शर्मा, विश्वजीत नंदी, आशीष आनंद, ऑर्गेनाइजिंग कंट्रोल कमेटी के चेयरमैन उत्तम राज भी मुकाबले के दौरान मौजूद रहे।

### कहा : दुर्भाग्य है कि राम कथा कराने के लिए अदालत की शरण में जाना पड़ रहा है

# जब श्रीराम आये हैं तो हनुमान जी भी आयेंगे : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता





प्रथम महापौर अरुणा शंकर और बाघेश्वर धाम की फाइल फोटो।

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने श्री बागेश्वर धाम सरकार के पलामू आगमन के अनुमति के लिए रखी गई प्रशासनिक बैठक को महज औपचारिकता बताया है। कार्यक्रम की संयोजक अरुणा शंकर ने कहा कि जिला प्रशासन सरकार के प्रभाव में अनुमति नहीं देने का हर संभव प्रयास एवं शर्तें रख रहा है। जबकि हाई कोर्ट ने 16 जनवरी तक झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को शपथ दायर करने को कहा है। कहा कि जितनी शर्तें पलामू जिला प्रशासन द्वारा बागेश्वर धाम सरकार के कथा की अनुमति के लिए आयोजकों के समक्ष रखी गई है पिछले दो वर्ष में अगर पूरे झारखंड में किसी कथा के आयोजन में ऐसी शर्तें रखी गई है तो 16 जनवरी तक साक्ष्य प्रस्तुत करें। प्रशासनिक बैठक में समिति के तरफ से उपस्थित हनुमत कथा समिति के सचिव दिना जी ने बैठक के बाद बताया हम सबों ने सॉरी मुख्य शर्तें एवं कार्य योजना प्रशासन को पूर्व में ही दे दी है। माननीय उच्च न्यायालय में भी जमा किया है जिसे देखने के बाद ही उच्च न्यायालय ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए प्रशासन से एफिडेविट फाइल करने को कहा है। आगर जिला प्रशासन और भी कोई शर्त रखना चाहती तो लिखित रूप से दे। हम सब जिला प्रशासन और माननीय उच्च न्यायालय में जवाब दाखिल करेंगे। कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर ने कहा कि हमारा देश एक हिंदू बहुल राष्ट्र है। हम हिंदुओं का कथा कराना मौलिक अधिकार है लेकिन यह देश के लिए दुर्भाग्य है जहां हमारे ही भगवन श्रीराम को अपने गर्भ गृह में लाने के लिए न्यायालय की शरण में जाना पड़ा और हम हिंदुओं को कथा कराने के लिए न्यायालय की शरण में जाना पड़ता है। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने भगवान श्रीराम का नाम लेते हुए कहा कि जब श्रीराम गर्भ गृह में आ रहे हैं तो हनुमान भी भी आएंगे। वह तो पवन सुत है। उन्हें कौन रोक सकता है। कार्यक्रम आयोजन समिति के मंटू, अतुल एवं धाम के प्रतिनिधि नितेश ने कहा कि हम सभी को माननीय उच्च न्यायालय पर भरोसा है। कथा की अनुमति हम लोगों को जरूर मिलेगी।

## विद्यार्थी परिषद ने एनपीयू के उप परीक्षा नियंत्रक का किया घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री रामा शंकर पासवान की अध्यक्षता में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय की घोर अनियमितता एवं लापरवाही के कारण गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में 2018-21 और 2019-22 के जेनेरिक परीक्षा में गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में सोशियोलॉजी की पढ़ाई नहीं होती है। पर विश्वविद्यालय प्रशासन की गलती के कारण परीक्षा फॉर्म में ऑनलाइन माध्यम से सोशलॉजी विषय का फॉर्म भरवा लिया गया। महाविद्यालय में आयोजित गुरुवार की परीक्षा के दौरान परीक्षा शुरू होने पर छात्रों को बताया गया कि इस विषय का प्रश्न पत्र नहीं छपा है। प्रबंधन दूसरे विषय की परीक्षा देने का दबाव बना रहे थे। जिस पर विद्यार्थियों के बीच असमंजस्य की स्थिति उत्पन्न हो गई। ऐसी स्थिति में परिषद के कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध किया। मौके पर पहुंचे नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय उप परीक्षा नियंत्रक बीके सिंह का घेराव किया और बच्चों को फिर से परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन माध्यम से भरने और एक साथ जेनेरिक पेपर विषय की परीक्षा लेने की बात कही। विश्वविद्यालय की ओर से ऐसी भूल पहले भी कई बार हो चुकी है लेकिन विश्वविद्यालय अपने इस रवैया से बाज नहीं आ रहा है। जो बच्चे दूसरे राज्यों में पढ़ रहे हैं उसके बावजूद परीक्षा देने अपने समय पर पहुंचे और उनकी परीक्षा नहीं हो पाना यह बेहत ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उक्त अवसर पर उपस्थित परिषद के राष्ट्रीय प्रादेशिक सह संयोजक विनीत पांडे ने कहा कि वर्तमान में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय अधिकारी विहीन हैं। विश्वविद्यालय किसी तरह प्रभार में चल रहा हैं। एनसीसीएफ जैसी भ्रष्ट कंपनी परीक्षा विभाग का कार्य कर रही है। इस तरह का असमंजस की स्थिति पैदा करना कोई सामान्य बात नहीं हैं। विश्वविद्यालय में छात्रों से पैसे की अनावश्यक उगाही निरंतर जारी हैं। परिषद के कार्यकर्ता ने झारखंड के राज्यपाल से यह मांग करते हैं कि ऐसी भ्रष्ट एजेंसीयों को अभिलंब निरस्त करें एवं भ्रष्ट अधिकारियों को पदमुक्त करें। उक्त अवसर पर परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजन कश्यप,विभाग संयोजक गोविंद मेहता,अभय वर्मा,कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी, अंकित शुक्ला,गौरव गौतम, जिला प्लस टू प्रमुख गौरव दूबे, अंकित दूबे, शिवम तिवारी आदि मौजूद थे।

## विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाने को सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान के तहत जगह-जगह निकाली गयी रैली

आजाद सिपाही टीम





**विश्रामपुर/हरिहरगंज/उंटारी रोड/हुसैनाबाद।** झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर गुरुवार को विश्रामपुर, हरिहरगंज, उंटारी रोड और हुसैनाबाद आदि जगहों से अलग-अलग रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में इस दिन विश्रामपुर नप मुख्यालय के कई विद्यालयों से बच्चों ने सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान के तहत रैली निकाली। रैली की शुरूआत विद्यालय परिसर से हुई। जहां स्कूली बच्चें व शिक्षकों ने सिटी बजाते हुए नगर भ्रमण कर अभिभावकों व ड्रॉप आउट बच्चों को बापस बुलाने के लिए जागरूक किया। विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हाई राम, राजकीय कृत मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामु बाजपेयी, नप के वार्ड 19 कोसियार राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय राम व निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी और वार्ड 14 नवडीहवा न्यू प्राथमिक विद्यालय के प्रधानधायपक सुदामा राम के नेतृत्व में सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान चलाया गया। मौके पर शिक्षक नीतीश कुमार, अनिता कुमारी, देवेश कुमार, अरविंद कुमार, संजय कुमार, कमरुद्दीन हक, विजय सिंह, अनीश अंसारी आदि शामिल थे। दूसरी ओर, हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से सिटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान हरिहरगंज प्रखण्ड के सरसोत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के पोषक क्षेत्र सरसोत, पांचूडीह, बरवाडीह, लुकुआ सहित विभिन्न गांवों में स्कूली बच्चों ने रैली निकाली। शिक्षकों ने बताया कि स्कूली बच्चों को विद्यालय की ओर से सीटी उपलब्ध कराया गया है। इस अभियान से लोगों को जागरूक करने में मदद मिल रही है। रैली में कई अभिभावक भी शामिल हुए और पूरे गांव में घूमते हुए बच्चों को प्रतिदिन स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षक विकाश कुमार पांडेय, प्रदीप कुशवाहा, नविन कुमार, करूणा निधि, रामबिहारी राम, रोहित दास, दीपक कुमार, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार, मुकेश कुमार सिंह आदि शामिल थे। दूसरी ओर, उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरमा कला के सेमरी राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सीटी बजाओ उपस्थिति बढाओ के तहत मध्य विद्यालय सेमरी के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार दुबे, राघवेंद्र सिंह, नीरज कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, वार्ड सदस्य विकाश सिंह, जनार्दन सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह,अध्यक्ष सतेंद्र कुमार सिंह ने अपने पोषक क्षेत्र में भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीण जनता का भी सहयोग रहा। वहीं, हुसैनाबाद के राजकीयकृत मध्य विद्यालय देवरी खुर्द द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। मौके पर उपस्थित उतरी जिप सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता ने कहा कि सरकारी विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा शुरू किया गया। यह कार्यक्रम काफी सराहनीय है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की। मौके पर प्रधानाध्यापक उदेश्वर राम, शिक्षक वेद प्रकाश, वीरेंद्र चौधरी, संजय मेहता, आलोक यादव, सुजीत ओझा, परशुराम मेहता, कुमारी प्रतिमा, प्रमोद पासवान, धर्मेंद्र मेहता आदि उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स



रिदम सांगवान ने भारत को शूटिंग में ओलिंपिक का 16वां कोटा दिलाया। शूटिंग में भारत को अब तक इतने ज्यादा खिलाड़ी ने कभी क्वालिफाई नहीं किया था। इससे पहले 2020 के टोक्यो ओलिंपिक में 15 शूटर्स ने हिस्सा लिया था।

### कामयाबी : रिदम को एशियन क्वालिफायर में ब्रॉन्ज मेडल, टोक्यो में खेले थे 15 शूटर्स

# पेरिस ओलिंपिक के लिए रिकॉर्ड 16 भारतीय शूटर्स क्वालिफाइ



**जकार्ता (एजेंसी)।** रिदम सांगवान ने भारत को शूटिंग में ओलिंपिक का 16वां कोटा दिलाया। शूटिंग में भारत से अब तक इतने ज्यादा प्लेयर्स ने कभी क्वालिफाई नहीं किया था। इससे पहले 2020 के टोक्यो ओलिंपिक में 15 शूटर्स ने हिस्सा लिया था। गुरुवार को एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर में रिदम सांगवान ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता। गेम्स इस साल जुलाई के दौरान फ्रांस के पेरिस में होंगे। रिदम ने एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर के 25 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 28 का स्कोर किया। चीन की यांग जिन ने 41 अंकों के साथ गोल्ड और कोरिया की किम येजी ने 32 अंकों के साथ सिल्वर मेडल जीता। बतातें चलें कि रिदम एशियन गेम्स में 25 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड जीतने वाली टीम की सदस्य थीं। उनके अलावा इस टीम में ईशा सिंह और टोक्यो ओलिंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकीं मनु भाकर भी शामिल थीं। रिदम का यह दूसरा ब्रॉन्ज मेडल है। इससे पहले उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। जबकि भारत की ही ईशा सिंह ने गोल्ड जीतकर ओलिंपिक कोटा हासिल किया था। वहीं पाकिस्तान की किशमाला तलत ने सिल्वर मेडल हासिल कर लिया था। गौरतलब हो कि जकार्ता में चल रहे एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर में भारत का यह तीसरा कोटा है। इससे पहले ईशा सिंह और वरुण तोमर ने सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल महिला और पुरुष कैटेगरी में ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया। दोनों ने अपनी-अपनी कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता।

### सबसे ज्यादा कोटे शूटर्स ने हासिल किये

भारत जुलाई में होने जा रहे पेरिस ओलिंपिक के लिए 32 कोटे हासिल कर चुका है। इनमें सबसे ज्यादा 16 शूटर्स ने दिलाए हैं। भारत को एथलेटिक्स से 9, बॉक्सिंग से 4, हॉकी, तीरंदाजी और कुश्ती से एक-एक ओलिंपिक कोटा मिला है। वहीं, अब तक भारत को शूटिंग से 16 ओलिंपिक कोटे मिले। इनमें राइफल में 8, पिस्टल में 6 और शॉटगन में 2 ओलिंपिक प्लेस शामिल हैं।

## प्रशिक्षु आइपीएस ने किया इंटरस्टेट चेक पोस्ट का निरीक्षण



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निर्देश पर गुरुवार को प्रशिक्षु आइपीएस गौरव गोस्वामी ने जिले के सभी इंटरस्टेट चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान हरिहरगंज थाना के समीप स्थित इंटरस्टेट चेकपोस्ट का निरीक्षण करते हुए प्रशिक्षु आइपीएस ने पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास से बिहार राज्य सीमावर्ती क्षेत्र से संबंधित कई जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश भी दिया। निरीक्षण के क्रम में प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन व राजेश यादव के अलावा एसआई रंजीत कुमार, एएसआई मनोज दास, संजय कुमार यादव, संजय कुमार आदि थे।

## पुलिस ने दो बाइक सहित 100 लीटर देशी शराब जब्त की, एक युवक गिरफ्तार

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-98 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर बुधवार की रात वाहन जांच अभियान के दौरान दो बाइक पर लदे करीब 100 लीटर अवैध देशी शराब को जब्त किया गया। लगे हाथ एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि एएसआई संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में जांच के दौरान बाइक पर एक ट्यूब में 80 लीटर महुआ शराब और दूसरी बाइख पर 180 एमएल टंच स्ट्रॉन्ग कंपनी का 40 शीशी और टनाका कंपनी का 180 एमएल के 60 शीशी अवैध शराब लादकर झारखंड से बिहार तस्करी के लिए ले जाने की कोशिश की जा रही थी। तभी पुलिस ने उसे जब्त किया गया। इस मामले में शराब तस्करी में संलिप्त हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भांवर गांव निवासी सुरेश बैठा के पुत्र अनुज कुमार बैठा को कांड संख्या 07/24, उत्पाद अधिनियम के तहत गिरफ्तार करने के बाद उसे बाद में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। साथ ही एक अन्य अज्ञात व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## नपं के कार्यपालक पदाधिकारी ने किया कई योजनाओं के स्थल का निरीक्षण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने गुरुवार को हुसैनाबाद के टैक्सी स्टैंड, विभिन्न वार्ड भवन एवं बक्शी उच्च विद्यालय में हो रहे नाली निर्माण का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुराने टैक्सी स्टैंड के समीप बन रहे वेंडिंग जोन व नाली निर्माण में गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ-साथ कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि टैक्सी स्टैंड जाने वाले रास्ते में भी कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर सड़क को संकीर्ण कर दिये है जिसे 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है।

## पथरा पंचायत सचिवालय में सीएससी संचालकों के लिए आयोजित किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पथरा पंचायत सचिवालय परिसर में सीएससी संचालकों को जिला मैनेजर नागेंद्र कुमार व अरविंद कुमार की अगुवाई में कर्मयोगी वीएलई का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के पूर्व पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने डिस्ट्रिक्ट मैनेजर व अन्य कर्मियों को अंग वस्त्र, कलम और बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला प्रबंधक सीएससी नागेंद्र कुमार ने कहा कि सीएससी संचालक सरकार की योजना को जन-जन तक पहुंचाएं। सरकार और नागरिकों के बीच कड़ी का काम करें, ताकि ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा डिजिटल पंचायत की सुविधा मिल सके। इस अवसर पर मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि पंचायतों के आधुनिकीकरण में सीएससी केंद्र संचालकों की महती भूमिका है। इनके प्रशिक्षण से पंचायत क्षेत्र में और भी डिजिटल कार्यो में तेजी आएगी। मौके पर प्रखंड सीएससी संचालक जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा, रंजीत वर्मा, पुरुषोत्तम कुमार, ओमप्रकाश यादव, नमिता, ममता रानी, तौहीद अंसारी और धर्मेंद्र आदि उपस्थित थे।

## वार्ड 16 में कार्डधारियों के बीच चना दाल का वितरण



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नप के वार्ड 16 में गुरुवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल परिवारों के बीच एक रुपए किलो चना दाल का वितरण किया गया। इसकी शुरुआत विधायक के नप प्रतिनिधि राजन पांडेय, वार्ड पार्षद पूनम देवी, समाजसेवी विजय कुमार रवि व डीलर सुषमा देवी ने संयुक्त रूप से किया। राजन पांडेय ने कहा कि सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंद तक पहुंचना चाहिए। वार्ड पार्षद पूनम देवी ने बताया कि सभी राशन कार्ड धारी अपने नजदीकी पीडीएस दुकान से दाल प्राप्त कर सकते है। डीलर सुषमा देवी ने बताया कि कुल 348 कार्ड धारी है। सभी को प्रतिकार्ड एक रुपए चना दाल और जनवरी माह का राशन भी दिया जा रहा है। मौके पर पिंटू चंद्रवंशी, असफाक अहमद, रंजित चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## उद्घाटनः सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# विधायक राज सिन्हा ने विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी

**परिवहन विभाग ने बच्चों को दिए सड़क सुरक्षा से संबंधित किताब और पंपलेट**

आजाद सिपाही संवाददाता



कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक राज सिन्हा।

**धनबाद।** सड़क सुरक्षा को लेकर जिला परिवहन कार्यालय, यातायात पुलिस एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन ने संयुक्त रूप से गुरुवार को पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। साथ ही उनसे यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया। वहीं ट्रैफिक इंस्पेक्टर अजय मिंज ने यातायात नियमों की जानकारी दी और बच्चों से सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे। क्षेत्रीय प्रचार प्रसार अधिकारी ओंकार पांडे ने भी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमो का पालन करने के लिए कहा। वहीं, रोड सेफ्टी मैनेजर सुनील कुमार ने कहा कि ओवरस्पीड, मोबाइल का प्रयोग, शराब पी कर वाहन चलाना, लापरवाही, यातायात नियमों का पालन नहीं करना सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारण है। उन्होंने गुड सैमेरिटन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान परिवहन विभाग की ओर से बच्चों को सड़क सुरक्षा से संबंधित किताब और पम्पलेट भी दिए गए। मौके पर नेहरू युवा केंद्र के रवि कांत मिश्रा, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉ कविता सिंह, क्षेत्रीय प्रचार प्रसार अधिकारी ओंकार पांडे, रोड सेफ्टी मैनेजर सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

# 2221 यात्री पकड़ाये, वसूला गया 7.27 लाख जुर्माना

**रेल मंडल ने विभिन्न स्टेशनों में चलाया टिकट जांच अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंडल के विभिन्न खंडों में बड़े स्तर पर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 2221 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा, उचित प्राधिकार के यात्रा करने, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा करने वाले यात्री आदि शामिल थे। उनसे सात लाख 27 हजार 960 रुपये जुर्माना के रूप में वसूली की गई। साथ ही कड़ी हिदायत देकर छोड़ दिया गया। इस अभियान में 166 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह का टिकट जांच अभियान धनबाद मंडल द्वारा आगे भी लगातार चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा**
**नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक-ए, द्वितीय तल्ला**
**दूरभाषः 06525–225835 फैक्सः 225836**
**E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in**

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**आवश्यक सूचना**

प्रशासी पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक RS/15/01/2022-23/4113 दिनाक 19.10.2023 के आलोक में पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका विज्ञान समूह (भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान) में संशोधन करते हुए विज्ञान समूह (भौतिक विज्ञान एवं गणित) किया गया है। फलस्वरूप झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के **विज्ञापन संख्या 01/2023(समग्र)** के आलोक में जिले में संचालित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा में पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका, विषयः– विज्ञान समूह (भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान) से संबंधित विषय पर प्राप्त आवेदन पत्रों को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है। संबंधित विषय पर नियुक्ति हेतु पुनः विज्ञापन प्रकाशित की जायेगी। जिसकी सूचना NIC Simdega के अधिकारिक बेवसाईट www.simdega.nic.in पर प्रकाशित किया जायेगा। **शेष विषयों एवं पद पर चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या 01/2023(समग्र) यथावत् रहेंगे।**

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

PR 315699 Simdega(23-24).D



**कार्यालयः जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग**

**-: मनरेगा अन्तर्गत रिक्त पदों पर नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना :-**

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग में मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर औपबंधिक अहर्ता रखने वाले तथा अहर्ता नहीं रखने वाले अभ्यर्थियों की सूची जिला के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। प्रकाशित सूची के संदर्भ में किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति दिनांक 18.01.2024 तक कार्यालय अवधि में साक्ष्य सहित सीधे जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् अभ्यर्थियों के दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक
हजारीबाग

PR 315698 Rural Development (23-24)_D


## मतदान की प्रक्रिया से लोगों को जागरूक करने के लिए इवीएम प्रदर्शन केंद्र का शुभारंभ



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी सह 40 धनबाद विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ उदय रजक और प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला ने गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय के सामने इवीएम प्रदर्शन केंद्र का शुभारंभ किया। इसकी जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने इवीएम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह केंद्र लोकसभा निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी होने तक प्रभावी रहेगा। प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 की जब तक घोषणा नहीं हो जाती तब तक जिला एवं अनुमंडल स्तर पर एक-एक इवीएम प्रदर्शन केंद्र आम नागरिक के लिए शुरू किया गया है। साथ ही जिले के सभी मतदान भवन तक पहुंचने के लिए 06 एलईडी वैन इसके लिए तैयार किया जा रहा है। जो प्रत्येक गांव में घुम-घुम कर इवीएम और वीवीपैट के उपयोग सहित मतदान की प्रक्रिया से लोगों को जागरूक करेगी। जिससे लोकसभा आम चुनाव में मतदाता अपने मत का प्रयोग बिना किसी कठिनाई के कर सके। जल्द ही एक और केंद्र नए समाहरणालय भवन में भी स्थापित होने जा रहा है।

## कठिन परिश्रम से ही लक्ष्य की प्राप्ति संभवः प्राचार्य



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर 6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की पृशा साह ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2023 अंडर 14 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ताइक्वांडो टूर्नामेंट में रजत पदक एवं आदर्श सिंह कराटे टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने दोनों खिलाड़ियों को प्रार्थना सभा में प्रशस्ति-पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि कठिन परिश्रम से ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। खेल की मदद से हम तन और मन को फिट रख सकते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेल प्रतियोगिता में भाग लेने से उत्तम स्वास्थ्य और स्वाध्याय का गुण विकसित होता है। किसी भी प्रतियोगिता में जीतना आवश्यक नहीं, बल्कि उसमें भाग लेना आवश्यक है। डीएवी राष्ट्रीय खेल 2023 ताइक्वांडो एवं कराटे टूर्नामेंट का आयोजन हरियाणा के पानीपत में 5 से 8 जनवरी को संपन्न हुआ। मौके पर शिक्षक नगेंद्र प्रसाद, भावना घाले, प्रशांत कुमार, कुमार समरेश, रूबी यादव, नेहा कुमारी, ममता कुमारी, नीलम झा, सरोज सिंह, आभा कुमारी, रूबी कुमारी, रूपा सिंह, किरण सिंह, बीएस झा, स्वरुप नाथ, मनीषा सहाय, मनोज मिश्रा, जाह्नवी बनर्जी, राजेश, बीके झा, विद्या सागर, विभा झा, अराधना, ज्योति बाला, माधवी, पुतुल, श्याम भूषण श्रीवास्तव, पुतल और तनु आदि उपस्थित थे।

## सीटी बजाना है, घर-घर से बच्चों को बुलाना है : तिर्की



**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत टांड़ मोहनपुर पंचायत में स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय में गुरुवार को सिटी बजाओ, बच्चों को घर-घर से बुलाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ छात्र-छात्राओं ने गली-गली घुम-घुम कर शिक्षा के प्रति जागरूक किया। प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हेमलता तिर्की और उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक जय नंदन प्रसाद महतो ने कहा कि झारखंड शिक्षा विभाग द्वारा इस कार्यक्रम के माध्यम से ड्रापआउट बच्चों, छात्र-छात्राओं को विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन के साथ ही शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराना है। ताकि शिक्षा के क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हो सके। उक्त अवसर पर टांड़ मोहनपुर पंचायत समिति सदस्य जयंती देवी, मुखिया उर्मिला कुमारी, उपमुखिया बवीता कुमारी, वार्ड सदस्य संजीत मिश्रा, प्रमिला गोस्वामी सहित चंद्र शेखर महथा, नीलम कुमारी, रीना कुल्लू, चंचला कुमारी, दिव्या शिवानी, ममता बेक, नुसरत जहां, मंजू गलोरिया तिर्की, पीनू कुमारी, भूनेश्वर प्रसाद महतो, सुनील कुमार, पुष्पा देवी, महादेव महतो, अशोक महतो, सुरेश महतो आदि थे।

## पदुगोड़ा पंचायत में योजनाओं में भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू





**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा जिला परिषद सदस्य क्षेत्र संख्या 21 के पूर्व जिप सदस्य संतोष महतो द्वारा वर्तमान मुखिया महेश पटवारी एवं रोजगार सेवक मोसीम अंसारी के खिलाफ पदुगोड़ा पंचायत के गरीब-गुरबा ग्रामीणों को सरकार की ओर से मिलने वाली योजनाओं में भ्रष्टाचार करने एवं लाभुकों से योजनाओं के नाम पर अवैध वसूली करने की गंभीर आरोप लगाते ही डीसी सहित संबंधित सभी महकामों को शिकायत पत्र देने के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। मुखिया महेश पटवारी ने कहा कि पूर्व जिप सदस्य द्वारा लगाए गए सभी आरोप झूठे और निराधार हैं। यह दूसरी बार हैं, जनता ने मुझे पंचायत की सेवा करने के लिए चुना हैं। अगर ऐसा होता तो जनता मुझे दोबारा अपनी सेवा के लिए नहीं चुनती। पूर्व जिप सदस्य का ये गृह पंचायत हैं। वे इस बार पंचायत चुनाव में मुखिया प्रत्यासी के रूप चुनाव लड़े लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया। मुखिया ने इस मामले पर पूर्व जिप सदस्य पर तंज कसते हुए आरोपों को निराधार एवं राजनीति से प्रेरित बताया। वहीं पूर्व मुखिया पुत्र सह भाजपा नेता विकास अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में केंद्र की भाजपा सरकार की प्राथमिकता भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने एवं अंतिम व्यक्ति को सीधे अधिकार दिलाने की है। अगर कोई भ्रष्टाचार करेगा। तो यह गंभीर विषय हैं। इस पर जांच कर उचित कार्रवाई होनी चाहिये। वहीं, बीडीओ सुषमा आनंद ने कहा कि मामला संज्ञान में हैं। बिना कोई जांच किये इस पर फिलहाल कुछ कह पाना संभव नहीं हैं।


**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

61वीं औपबंधिक सूची
जिला–हजारीबाग (पार्ट–05)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं सुखदेव प्रसाद यादव द्वारा माननीय सदस्य के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | | |
| 170. | 1. आवेदन क्र0–925/23<br>2. आवेदक–चन्द्रशेखर महतो , पिता–स्व0 द्वारिका महतो<br>3. ग्राम–कान्ड़तरी , पोस्ट–सांढ़ , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड–बड़कागाँव<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल के बांया में अएला। | कंडिका–2(ix) |
| 171. | 1. आवेदन क्र0–926/23<br>2. आवेदक–बसु महतो , पिता–स्व0 दुलार महतो<br>3. ग्राम–कान्ड़तरी , पोस्ट–सांढ़ , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड–बड़कागाँव<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया पीठ में अएला। | कंडिका–2(ix) |
| 172. | 1. आवेदन क्र0–34/24<br>2. आवेदक–अनिल प्रसाद दांगी , पिता–इन्द्र देव महतो<br>3. ग्राम–हरली , पोस्ट–हरली , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड–बड़कागाँव<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 173. | 1. आवेदन क्र0–35/24<br>2. आवेदक–रघुनाथ प्रसाद , पिता–धनु साव<br>3. ग्राम–बृन्दावन , पोस्ट–चौपारण , थाना–चौपारण , प्रखण्ड–चौपारण<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीछे गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–आयोग के माननीय सदस्यों द्वारा स्थानीय जाँच तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री राम प्रवेश सिंह एवं सुखदेव प्रजापति द्वारा द्वारा आयोग के माननीय सदस्यों के समक्ष दिये गये बयान तथा पहचान के आधार पर। | | |
| 174. | 1. आवेदन क्र0–340/23<br>2. आवेदक–संजय कुमार मेहता , पिता–स्व0 मोहन प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 175. | 1. आवेदन क्र0–400/23<br>2. आवेदक–राजेशा कुमार मेहता , पिता–स्व0 मोहन प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ में टेटू। | कंडिका–2(ix) |
| 176. | 1. आवेदन क्र0–401/23<br>2. आवेदक–मालती देवी , पति– राजेशाकुमार मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये हाथ में टेटू। | कंडिका–2(ix) |
| 177. | 1. आवेदन क्र0–402/23<br>2. आवेदक–अनुप कुमार मेहता , पिता–श्री होरिल महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–39 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में कटा का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 178. | 1. आवेदन क्र0–403/23<br>2. आवेदक–मिथलेश कुमार मेहता , पिता–श्री किशोरी प्रसाद महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 179. | 1. आवेदन क्र0–404/23<br>2. आवेदक–वकील कुमार , पिता–महाबीर महतो<br>3. ग्राम–जलौध , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाये हाथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 180. | 1. आवेदन क्र0–405/23<br>2. आवेदक–रामदेव राणा , पिता–कोल्हा राणा<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये ऑख पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 181. | 1. आवेदन क्र0–406./23<br>2. आवेदक–रंजय कुमार , पिता–महाबीर महतो<br>3. ग्राम–कालाद्वार , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–39 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये पैर पर जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 182. | 1. आवेदन क्र0–407/23<br>2. आवेदक–मनोज कुमार , पिता–प्रयाग महतो<br>3. ग्राम–कालाद्वार , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर कट का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 183. | 1. आवेदन क्र0–408/23<br>2. आवेदक–शान्ती देवी , पति– रामचन्द्र महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 184. | 1. आवेदन क्र0–409/23<br>2. आवेदक–सुरेश प्रसाद मेहता, पिता–जुडन महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 185. | 1. आवेदन क्र0–410/23<br>2. आवेदक–राघे प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 टिको महतो<br>3. ग्राम–पुराना ईचाक , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 186. | 1. आवेदन क्र0–411/23<br>2. आवेदक–अनिल कुमार मेहता , पिता–ओमनाथ महतो<br>3. ग्राम–फुफन्दी , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये बाह में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 187. | 1. आवेदन क्र0–412/23<br>2. आवेदक–उदय कुमार शर्मा , पिता–केदार नाथ शर्मा<br>3. ग्राम–रतनपुर , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये गाल में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 188. | 1. आवेदन क्र0–413/23<br>2. आवेदक–खुशीलाल प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 लीलो महतो<br>3. ग्राम–कालाद्वार , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 189. | 1. आवेदन क्र0–414/23<br>2. आवेदक–रामसेवक गुप्ता, पिता–स्व0 योधन साव<br>3. ग्राम–कालाद्वार , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के अंगुठा में दो अंगुली। | कंडिका–2(ix) |
| 190. | 1. आवेदन क्र0–415/23<br>2. आवेदक–सीताराम मेहता, पिता–स्व0 चेतो महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये पैर पर बड़ा सा तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 191. | 1. आवेदन क्र0–416/23<br>2. आवेदक–बंगाली प्रसाद मेहता, पिता–बाल किशोर मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 192. | 1. आवेदन क्र0–417/23<br>2. आवेदक–सुशान्त कुमार सक्सेना , पिता–सीताराम मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये हाथ पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 193. | 1. आवेदन क्र0–418/23<br>2. आवेदक–बालकी महतो , पिता–स्व0 तेजो महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–80 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर पर जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 194. | 1. आवेदन क्र0–419/23<br>2. आवेदक–लक्ष्मण कुमार मेहता , पिता–निर्मल महतो<br>3. ग्राम–पोखरिया , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 195. | 1. आवेदन क्र0–420/23<br>2. आवेदक–बसंत नारायण मेहता , पिता–पोखन महतो<br>3. ग्राम–बरका कलां , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 196. | 1. आवेदन क्र0– 529/23<br>2. आवेदक–अनार देवी , पति– सुरेन्द्र प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–हदारी , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया हाथ अंगुली कटा हुआ। | कंडिका–2(ix) |
| 197. | 1. आवेदन क्र0– 530/23<br>2. आवेदक–धनेश्वर साव , पिता–किसुन साव<br>3. ग्राम–हदारी , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया पैर में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 198. | 1. आवेदन क्र0– 531/23<br>2. आवेदक–चन्द्रिका प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 सुकर महतो<br>3. ग्राम–हदारी , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया ऑख के नीचे तील। | कंडिका–2(ix) |
| 199. | 1. आवेदन क्र0– 532 /23<br>2. आवेदक–जितेन्द्र कुमार , पिता–सुखदेव प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–चपरख , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 200. | 1. आवेदन क्र0– 533 /23<br>2. आवेदक– कुन्दन प्रसाद मेहता, पिता–टुकन महतो<br>3. ग्राम–चपरख , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन का बाया साईड तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 201. | 1. आवेदन क्र0– 534 /23<br>2. आवेदक– मनोज साव , पिता–जीवलाल साव<br>3. ग्राम–हदारी , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 202. | 1. आवेदन क्र0– 535 /23<br>2. आवेदक– दुलार चन्द्र साव , पिता–जगदीश साव<br>3. ग्राम–हदारी , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 203. | 1. आवेदन क्र0– 536/23<br>2. आवेदक–किरण देवी , पति– कुलदीप प्रसाद<br>3. ग्राम–चपरख , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 204. | 1. आवेदन क्र0– 537 /23<br>2. आवेदक– राजु प्रसाद मेहता, पिता–महाबीर महतो<br>3. ग्राम–डुमरौन , पोस्ट– डुमरौन , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया छाती पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 205. | 1. आवेदन क्र0– 538/23<br>2. आवेदक– मनोज प्रसाद मेहता, पिता–जमुना महतो<br>3. ग्राम–डुमरौन , पोस्ट– डुमरौन , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ का अंगुठा जला हुआ। | कंडिका–2(ix) |
| 206. | 1. आवेदन क्र0– 539 /23<br>2. आवेदक– महेश प्रसाद मेहता, पिता–आदो महतो<br>3. ग्राम–डुमरौन , पोस्ट– डुमरौन , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाया पैर पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 207. | 1. आवेदन क्र0– 540/23<br>2. आवेदक–किरण देवी , पति– विशम्भर सिंह<br>3. ग्राम–धवईया , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 208. | 1. आवेदन क्र0– 541/23<br>2. आवेदक– मो0 मंसूर अंसारी , पिता–मो0 इदरीस<br>3. ग्राम–धवईया , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 209. | 1. आवेदन क्र0– 542 /23<br>2. आवेदक– भुपेन्द्र प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 ईश्वरी प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम– बरियठ , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाया पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 210. | 1. आवेदन क्र0– 543 /23<br>2. आवेदक– सुरेश प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 गुरूचरण महतो<br>3. ग्राम– बरियठ , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाया हाथ के अंगुठे में निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 211. | 1. आवेदन क्र0– 544/23<br>2. आवेदक–आशा देवी , पति– सत्यनारायण प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम– बरियठ , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– चेहरे पर बाया तरफ तील। | कंडिका–2(ix) |
| 212. | 1. आवेदन क्र0– 545 /23<br>2. आवेदक– विकास चन्द्र कृष्ण चन्द्र , पिता– अयोध्या प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम– बरियठ , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 213. | 1. आवेदन क्र0– 546 /23<br>2. आवेदक– विनोद प्रसाद मेहता, पिता– स्व0 विरबल महतो<br>3. ग्राम– चन्दा , पोस्ट–चन्दा , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाया साईड छाती पर दाग निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयुोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य
(नरसिंह मुर्मू) सदस्य
(दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 315728 Home(23-24).D

## जनजातीय संस्कृति और जीवन शैली के योगदान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी समापन

# जनजातीय संस्कृति को समझने और बचाने की जरूरत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने 10 जनवरी को भारत की संस्कृति और जीवन शैली को समृद्ध करने में जनजातीय संस्कृति और जीवन शैली के योगदान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी को सफलता से समाप्त किया। इस संगोष्ठी का समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने की और पूर्व सांसद और राष्ट्रीय जनजाति आयोग के सदस्य अनंत नायक मुख्य अतिथि थे और प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता देबीप्रसाद प्रुस्टी सम्मानित अतिथि थे। इस अवसर पर टीकेआरसी के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य डॉ विनोद कुमार, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के वरिष्ठ सदस्य गिरीश कुबेर और ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर और सेमिनार के आयोजक डॉ कपिला खेमुंडू भी उपस्थित थे। नयी दिल्ली के ट्राइबल नॉलेज रिसर्च सेंटर और ओड़िशा के वनवासी कल्याण



आश्रम के सहयोग से आयोजित इस सेमिनार का उद्देश्य भारत के विशाल सांस्कृतिक दृश्य पर जनजातीय सांस्कृतिक के गहरे प्रभाव को समझाना था। प्रो त्रिपाठी ने जनजातियों की सांस्कृतिक विशेषता पर जोर दिया और इसे भारत के समृद्ध सांस्कृतिक का अभिन्न हिस्सा बताया। उन्होंने जनजातियों की भूमि के प्रकृति पूजक और प्रकृति के प्रति संरक्षक के रूप में की भूमिका को उजागर करते हुए यह कहा कि जनजातीय सांस्कृतिक को समझने और बचाने की आवश्यकता है। अनंत नायक ने अपने भाषण में जनजातीय सांस्कृतिक के सामर्थ्य को जोड़कर भिन्नता में एकता, शांतिपूर्ण सहजीवन, और महिला सशक्तिकरण की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। और इसकी अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि देबीप्रसाद पृस्टी ने सेमिनार के उद्जापन सत्र में जगन्नाथ संस्कृति के जनजातीय रूप के बारे में अपने विचार साझा किये, जिसमें उन्होंने जनजातीय औषधि, जनजातीय भोजन (मण्डिया) वस्त्र, जीवनशैली, और आवास की मांग को दुनिया के सभी शहरों में बताया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की धरोहर को जनजातीय परंपराओं से समृद्धि हुई है।

डॉ कपिला खेमुंडु ने अपने स्वागत भाषण में सेमिनार की खोज की जानकारी को सारांशित किया और उपस्थित विशिष्ट वक्ताओं से मिली मूल्यवान जानकारी के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। उनके अनुसार विश्वविद्यालय ने कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं को जनजातीय सांस्कृतिक और विकास में योगदान के लिए सम्मानित किया। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ फागूनाथ भोई ने बताया कि कार्यक्रम का संयोजन एसोसिएट प्रोफेसर एवं ओड़िया विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रुद्राणी मोहंती ने किया, जबकि पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सौरभ गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। इस पूरे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिष्ठित हस्तियों, संकाय सदस्यों, वनवासी कल्याण आश्रम और अन्य आदिवासी संगठनों के सदस्यों, विश्वविद्यालय के छात्रों और शोधकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इसमें वनवासी कल्याण आश्रम के संयोजक जयशंकर प्रसाद खड़ंगा, शिक्षा विभाग के प्रोफेसर भारत कुमार पांडा, अज्ञेय प्रो शिव रामकृष्ण, विश्वमित्र और विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ फगुनाथ भोई शामिल थे। यह घड़ी में जनजातीय सांस्कृतिक के अमूल्य योगदानों को खोजने और सराहने के लिए एक मंच प्रदान किया गया।

## प्रधानमंत्री अटल सेतु का आज करेंगे उद्घाटन

# देश के सबसे लंबे समुद्री ब्रिज पर बाइक-रिक्शा पर प्रतिबंध

- फोर व्हीलर की मैक्सिमम स्पीड 100 किमी प्रति घंटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** देश के सबसे लंबे समुद्री ब्रिज पर वाहनों के लिए गाइडलाइन जारी कर दी गयी है। मुंबई पुलिस ने बताया कि फोर-व्हीलर, मिनी बस और टू-एक्सेल व्हीकल की मैक्सिमम स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गयी है। ब्रिज की चढ़ाई और उतार पर स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा नहीं होगी। वहीं, मोटरसाइकिल, मोपेड, तिपहिया वाहन, ऑटो और ट्रैक्टर को इस ब्रिज पर प्रवेश नहीं मिलेगा। ट्रक, बस और भारी वाहनों को मुंबई की तरफ जाने के लिए इस्टर्न फ्री-वे में एंट्री नहीं दी जायेगी। इन वाहनों को मुंबई में प्रवेश करने के लिए मुंबई पोर्ट-सिवड़ी एग्जिट का उपयोग करना होगा। इस ब्रिज का नाम अटल सेतु रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को इसका उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शामिल होंगे। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण ने ब्रिज के लिए टोल टैक्स 500 रुपये निर्धारित किया था। इसके बाद महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की गुरुवार की बैठक में टैक्स का९ आधा किया गया। 22 किलोमीटर के इस ब्रिज पर चलने के लिए लोगों को 250 रुपये चुकाने पड़ेंगे। शिवसेना के नेता आदित्य ठाकरे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस ब्रिज को टोल फ्री करने की मांग की।

### अटल सेतु की खासियत

- अटल सेतु 6 लेन समुद्री लिंक है। यानी दोनों तरफ 3-3 लेन में वाहन चल सकेंगे। दोनों तरफ 1-1 इमरजेंसी लेन भी है।
- ब्रिज की कुल लंबाई 21.8 किमी है। समुद्र पर 16.5 किमी और तट के पास जमीन पर 5.5 किमी पर यह ब्रिज बना है।
- ब्रिज से मुंबई और नवी मुंबई के बीच की दूरी केवल 20 मिनट में तय हो सकेगी। फिलहाल दो घंटे लगते हैं।
- ब्रिज की कुल लागत 17 हजार 843 करोड़ रुपये है।
- ब्रिज को बनाने में करीब दो मैट्रिक टन स्टील और पांच लाख मैट्रिक टन सीमेंट लगा है।
- ब्रिज पर प्रतिदिन 70 हजार वाहन गुजर सकते हैं।
- ब्रिज पर 400 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं।
- पक्षियों की सुरक्षा के लिए ब्रिज पर साउंड बैरियर लगाये गये हैं।
- ब्रिज पर एडवांस लाइटिंग की गयी है। इससे लाइट्स का फोकस सिर्फ ब्रिज पर पड़ेगा। समुद्री जीवों को नुकसान नहीं होगा।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

# आइसीएमएआइ-इआइआरसी और भुवनेश्वर चैप्टर का 43वां क्षेत्रीय कास्ट सम्मेलन-2024

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आइसीएमएआइ) ईस्टर्ड इंडिया रीजनल काउंसिल और भुवनेश्वर चैप्टर के तरफ से ब्लू लिली बीच रिजॉर्ट बलियापंडा पुरी में परिवर्तन नया भारत-महत्वपूर्ण परिवर्तन-चुनौती और अवसर विषय पर जनवरी 12 से 14 तारीख 3 दिवसीय 43वें क्षेत्रीय लागत सम्मेलन का आयोजन करेंगे। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, खेल और युवा सेवा विभाग के तुषारकांती बेहेरा मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे । राज्य के अन्य मंत्री भी इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल होने वाले हैं।



सीएसए प्रदीप कुमार दास सीएमडी आइआरइडीए, पंकज लोचन महांति सीएमडी एमजीएम मिनरल्स लिमिटेड, सीएसए गगन बिहारी स्वाइं निदेशक (वित्त और कॉर्पोरेट मामले) ग्रिडको लिमिटेड और आहुति स्वाइं निदेशक (कार्मिक) ईस्टर्न कोल फिल्म लिमिटेड के साथ अन्य कर्म कर्ता उपस्थित रहेंगे पैन इंडिया के अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित हस्तियां विभिन्न तकनीकी सत्रों पर व्याख्यान देंगी। इस मौके पर औद्योगिक उद्यमियों की सीएफओ बैठक भी होगी। इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के लगभग 500 प्रतिनिधि, व्यवसायी, औद्योगिक उद्यमी उपस्थित रहेंगे और इस अवसर पर आइसीएमएआइ-इआइआरसी भुवनेश्वर चैप्टर के सोभीनियर का अनावरण गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया जायेगा।

# यूनियन बैंक का राजभाषा व्याख्यान कार्यक्रम

आजा सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आज विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर के सम्मेलन कक्ष में राजभाषा व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र प्रमुख, धर्मेंद्र राजोरिया की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम के अतिथि वक्ता दासरथी बेहेरा, हिंदी प्राध्यापक, जीएम कॉलेज, ने हिंदी भाषा तथा राजभाषा से संबंधित



अपनी बाते सभी के समक्ष रखी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। हरेंद्र कुमार जेना, उप क्षेत्र प्रमुख के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## एटीएम को काटकर लाखों रुपये लूट लिये

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सोर मंगलपुर पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को काटकर लाखों रुपये उड़ा लिये गये। यह घटना कल देर रात की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि एटीएम लूट की बार-बार घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस चोरों को पकड़ने में विफल रही है। पुलिस ने एटीएम लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। डकैती सुबह 5:00 से 5:30 बजे के बीच हुई है।

आरोग्यं आयुर्वेद
वैद्य बी के पांड़ेय
आयुर्वेदाचार्य
क्या आप भी लंबे समय से परेशान हैं
गठिया, माइग्रेन, गुप्त और यौन रोग, एलर्जी, दमा, थाइराइड, बी.पी., शुगर अन्य सभी बिमारी का आयुर्वेद से सफल इलाज
समय : सुबह: 07.00-10.00 से दोपहर: 03.00-8.00
फोन नं. 898660318/7352520011
कृप्या फोन से अपना अपाइंटमेंट ले लें।
पता:- टाइगर हिल, मोराबादी, रांची, झारखंड।


कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan Adarsh Nagar, Khorha Toli Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

# मुख्यमंत्री ने प्रथम विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन के लोगो का अनावरण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सीएम नवीन पटनायक ने गुरुवार को प्रथम विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन के लोगो का अनावरण किया। इसकी टैगलाइन है 'भाषा ही भविष्य है'। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सम्मेलन की बड़ी सफलता की कामना की। गौरतलब है कि यह सम्मेलन 3 से 5 फरवरी तक आयोजित होने वाला है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह सम्मेलन बुद्धिजीवियों, शोधकर्ताओं, विद्वानों और छात्रों के बीच विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक



अच्छे मंच के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि ओड़िशा आधुनिक भारत का पहला भाषाई राज्य है। उड़िया भाषा ने हमारी भूमि और भाषा के गौरव को बढ़ाते हुए शास्त्रीय भाषाओं में से एक का दर्जा प्राप्त किया है। उड़िया भाषा के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर चर्चा के साथ-साथ इसके प्रचार-प्रसार के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रथम विश्व उड़िया सम्मेलन का आयोजन। कहा कि भविष्य की कार्रवाई इस बात पर चर्चा करके तय की जायेगी कि हमारी आने वाली पीढ़ियां उड़िया भाषा को एक विशेष विरासत के शक्तिशाली वाहक के रूप में कैसे बढ़े और आधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से हमारी भाषा कैसे आगे बढ़ सकती है। इस पर आगे की रणनीति तय की जायेगी।

PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने आदर्श वृद्धाश्रम को दिया समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय के स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने आज अपनी सीएसआर पहल के तहत रांची के आदर्श वृद्धाश्रम में रहने वाले लोगों को कड़ाके की ठंड के मौसम में कपड़े वितरित किए। इस पहल के तहत, लेडीज क्लब ने वृद्धाश्रम के जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को साड़ी और ड्रेस सामग्री प्रदान की। स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती रेखा जैन की गरिमामय उपस्थिति में यह नेक पहल की गयी। जैन और लदेइस क्लब के अन्य सदस्यों ने वरिष्ठ नागरिक के साथ कुछ अच्छा समय



बिताया इस अवसर पर उपाध्यक्ष, लक्ष्मी मूर्ति और उपाध्यक्ष पूर्णिमा श्रीखंडे, महासचिव मनसा वर्मा, संयुक्त सचिव दीपा, संयुक्त सचिव परमेश्वरी, सांस्कृतिक सचिव और सदस्य, सपना पारीक उपस्थित थीं। एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय की महिला कल्याण शाखा समाज को वापस देने की भावना के साथ अपनी विभिन्न कल्याण और सीएसआर पहलों के तहत समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों को अपना समर्थन दे रही है।

रत्न विक्रेता
जय माता दी
रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**